# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 19 अप्रैल 2024




## बादल गरजते हैं तो आज भी दुखती हैं हड्डियां : शिवराज

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए कहा कि जब बादल गरजते हैं तो आज भी हड्डियां दुखती हैं और कर्फ्यू वाली माता मंदिर का मैदान याद आता है। वह हमारा संघर्ष का इतिहास था, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास का एक नया इतिहास लिखा जा रहा है। चौहान ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का विसर्जन तय है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'अबकी बार 400 पार' लोकसभा सीटें जीतकर मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना भी तय है। चौहान ने कहा कि राजधानी भोपाल से पार्टी ने जुनूनी कार्यकर्ता आलोक शर्मा को प्रत्याशी बनाया है। यहां की जनता से मेरा आग्रह है कि विदिशा से ज्यादा मतों से आलोक को जिताकर रिकॉर्ड बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हाथ मजबूत करें।

### आलोक ने किया भोपाल के विकास का वादा

*भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितैषी योजनाओं और विकास कार्यों के साथ जनता के बीच में जाएंगे और आने वाले 2047 में विकसित भारत की जो कल्पना देश के प्रधानमंत्री ने की है, उसका संकल्प लेते हुए अपने भोपाल को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि आपने मुझे सांसद के रूप में आशीर्वाद दिया तो हम भोपाल-सीहोर की जनता के* शेष पेज 4 पर

### भोपाल के अलावा सागर और भिंड पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा

# कांग्रेस के लोगों को 'दिन-रात' आ रहे सपने, लग रहे बिजली के झटके

**सबसे अलग दिखना चाहिए भोपाल में गाड़ा गया खंब**

**चुनौती से डरते नहीं, डटकर मुकाबला करते हैं आलोक**

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का विसर्जन तय: शिवराज

विशेष प्रतिनिधि ⏭भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भाजपा का परिवार लगातार बढ़ता जा रहा है और कांग्रेस के लोगों को रात-दिन सपने आ रहे हैं, उन्हें बिजली के झटके लग रहे हैं। भोपाल में भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित शेष पेज 4 पर

सीएम ने दावा किया कि पिछली बार पार्टी ने 29 में से 28 सीटें जीती थीं जबकि इस बार छिंदवाड़ा भी जीत रहे हैं।



### श्रीराम- श्रीकृष्ण संस्कृति की हमेशा विरोधी रही कांग्रेस

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम श्रीराम और श्रीकृष्ण की संस्कृति वाले लोग हैं। कांग्रेस हमेशा से इस संस्कृति की विरोधी रही है, इसलिए कभी भी श्रीराम के मंदिर को बनने में साथ नहीं दिया। हमेशा से विरोध जताया। कांग्रेस की संस्कृति विरोध करने वाली संस्कृति ही है। अयोध्या के श्रीराम मंदिर में कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से अड़ंगे लगाए। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को भी गलत ठहराया, लेकिन देश के हिंदू-मुसलमान भाइयों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी* शेष पेज 4 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### मोदी के हाथों में पहुंची अनूठी कॉफी टेबल बुक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आह्वान किया कि श्रीराम जन्मभूमि के मंदिर के लिए सदियों के बलिदान की कहानी पूरे विश्व के भारत वंशियों तक पहुंचनी चाहिए। पीएम ने यहां भारत प्रकाशन लि.के प्रबंध निदेशक अरुण गोयल एवं पांचजन्य के संपादक हितेश शंकर के हाथों एक कॉफी टेबल बुक 'सबके राम' के रूप में प्रकाशित जन्मभूमि की गाथा को ग्रहण करने के बाद उक्त उद्गार व्यक्त किए।



### आम आदमी पार्टी विधायक अमानतुल्ला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार की रात गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले अमानतुल्ला से 9 घंटे पूछताछ हुई। खान पर आरोप है कि दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने 32 लोगों को अवैध रूप से भर्ती किया। इसके साथ ही उन्होंने अवैध रूप से कई संपत्तियां किराए पर दी।



### ईरान के कब्जे वाले जहाज से लौटी भारतीय महिला

**कोचीन।** ईरान ने ओमान की खाड़ी से जब्त किए गए शिप से छोड़ी गई महिला भारतीय डेक कैडेट एन टेसा जोसेफ भारत लौट आई हैं। गुरुवार को एन टेसा जोसेफ केरल के कोचीन एयरपोर्ट उतरीं। उनका यहां रीजनल पासपोर्ट अधिकारी ने स्वागत किया। जोसेफ की वतन वापसी पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने खुशी जताई है।



### इस साल 80 नक्सली ढेर, 125 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में इस साल अब तक 80 नक्सली मारे गए हैं और 125 से अधिक गिरफ्तार किए गए हैं, जबकि 150 ने आत्मसमर्पण किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 2004-14 की तुलना में 2014-23 में देश में वामपंथी उग्रवाद से संबंधित हिंसा में 52 प्रतिशत की गिरावट आई है।



### पहला चरण : कुल राज्य : 21....102 सीटें...मप्र की 6 सीटें

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने पहले चरण की जानकारी दी

# सीधी, शहडोल, मंडला, जबलपुर बालाघाट व छिंदवाड़ा में आज मतदान

**बालाघाट के लांजी, बैहर और परसवाड़ा में सुबह 7 से दोपहर बाद 4 बजे तक मतदान**

◆ पहले चरण के मतदान छह लोकसभा क्षेत्र के लिए 47 विधानसभा क्षेत्रों में होना है, इन लोकसभा में 13 जिले शामिल

आपात स्थिति में एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर की व्यवस्था भी रहेगी

कुल 88 उम्मीदवार मैदान में पुरुष 81 और 7 महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मध्यप्रदेश में पहले चरण में 6 संसदीय क्षेत्रों में मतदान का आगाज शुक्रवार को होगा। सुबह 5.30 बजे से मॉक पोल होगा और सात बजे से वोटिंग शुरू होगी।

मॉक पोल के दौरान उम्मीदवार और उनके अधिकृत एजेंट मौजूद रह सकेंगे। इस दौरान नोटा पर भी वोट डाला जाएगा। सीधी, शहडोल, मंडला, जबलपुर, बालाघाट और छिंदवाड़ा में पहले चरण में होने वाले मतदान के लिए मतदान दल पहुंच गए हैं। बालाघाट के तीन विधानसभा क्षेत्रों लांजी, बैहर और परसवाड़ा में नक्सल एरिया होने के चलते सुबह सात से दोपहर बाद 4 बजे तक का मतदान समय तय किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने गुरुवार को मतदान की जानकारी देते हुए बताया कि वोटिंग के दौरान किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त शेष पेज 4 पर




| | | | |
|---|---|---|---|
| मतदाता | एक करोड़ 13 लाख 9 हजार 636 | 2651 | संवेदनशील मतदान केंद्र |
| 13588 | कुल मतदान केंद्र | 221 | वल्नरेबल क्षेत्र |

*प्रथम चरण में 6 लोकसभा क्षेत्र की 47 विधानसभा क्षेत्रों में 19 अप्रैल को मतदान*

*दूसरे चरण में 6 लोकसभा क्षेत्र की 55 विधानसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान*

*तीसरे चरण में 9 लोकसभा क्षेत्र की 72 विधानसभा क्षेत्रों में 7 मई को मतदान*

*चौथे चरण में 8 लोकसभा क्षेत्र की 64 विधानसभा क्षेत्रों में 13 मई को मतदान*

### जबलपुर आ रहे ट्रक में लगी आग, कलेक्टर बोले- ईवीएम नहीं पानी की बोतलें भरी थीं



**जबलपुर।** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम लेकर जबलपुर आए ट्रक में आग लगने की अफवाह वायरल हो गई। समय रहते फायर ब्रिगेड टीम ने आग बुझा दी। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना ने ईवीएम में आग की खबर को अफवाह बताते हुए कहा कि ट्रक में ईवीएम नहीं पानी की बोतलें भरी थीं। उन्होंने बताया कि जबलपुर में मतदान दलों की रवानगी के दौरान ईवीएम के ट्रक शेष पेज 4 पर

### 49,334 पर हुई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही 21,887 हथियार जमा

*पहले चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अब तक 49,334 व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। वहीं 21,887 लाइसेंसी हथियार जमा कराए गए हैं। 192 फ्लाइंग स्क्वाड टीम और 223 स्टेटिक सर्विलांस टीमें तैनात की गई हैं। वहीं प्रदेशभर में 284503 लाइसेंसी हथियार में से 272937 जमा कराए जा चुके हैं। 790 सुरक्षा की दृष्टि से 7971 शस्त्र को छूट दी गई है। वहीं 3151 अवैध हथियार जब्त किए गए हैं। पूरे प्रदेश में 793 फ्लाइंग स्क्वाड टीम और 912 स्टेटिक सर्विलांस टीमें तैनात की गई हैं।*

### अभ्यर्थी 200 मीटर के क्षेत्र के बाहर अपना स्टॉल लगा सकेगा

*मतदान दिवस पर अभ्यर्थी को अपने लिए एक वाहन, एजेंट के लिए एक वाहन और विधानसभा क्षेत्र के मान से अभ्यर्थी के एजेंट अथवा पार्टी कार्यकर्ता के लिए एक वाहन के उपयोग की पात्रता होगी। अभ्यर्थी मतदान केंद्र के 200 मीटर के क्षेत्र के बाहर अपना स्टॉल लगा सकेगा। इसका व्यय अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेगा। शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। राज्य स्तरीय टोल फ्री नंबर 1800 2330 1950 जारी किया गया है।*

### महा-रण: मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा, सुरक्षा के किए गए पुख्ता बंदोबस्त

## आज 16.63 करोड़ वोटर करेंगे 1625 उम्मीदवारों के 'भाग्य का फैसला'

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पहले चरण की वोटिंग से पहले वोटरों से मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की



**20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता**

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पहले चरण की वोटिंग से पहले वोटरों से मतदान में बढ़- चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। राजीव कुमार लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि चुनाव भारत के लोकतंत्र की सबसे खूबसूरत अभिव्यक्ति हैं। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मतदान के अनुभव को शांतिपूर्ण, आरामदायक और सुखद बनाने के लिए बहुत मेहनत की है। मतदान 19 शेष पेज 4 पर

### मतदान और सुरक्षा कर्मियों के लिए...

**41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष ट्रेनें और लगभग 1 लाख वाहन तैनात**

मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए 41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष ट्रेनें और लगभग 1 लाख वाहन तैनात किए गए हैं। मतदान प्रक्रिया को सुरक्षित करने के लिए मतदान केंद्रों पर पर्याप्त रूप से केंद्रीय बलों की तैनाती की गई है। 50 फीसदी से अधिक मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की जाएगी। सभी मतदान केंद्रों पर माइक्रो शेष पेज 4 पर

### चौथे चरण की अधिसूचना जारी

**13 मई को 96 संसदीय सीटों के लिए होगा मतदान**

देश में आम चुनाव के चौथे चरण के लिए गजट अधिसूचना जारी कर दी गई है। चौथे चरण में 10 राज्यों आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर की 96 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा। चौथे चरण का मतदान 13 मई को सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक कराया शेष पेज 4 पर

### दो डिप्टी सीएम के विवादित बयानों पर बखेड़ा

## पवार बोले-'टकाटक वोट' तो पैसा भी डीके ने कहा- मैं 'डील' करने आया

दोनों की तरफ से अभी तक कोई खंडन या सफाई नहीं



अजित पवार



डीके शिवकुमार

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

महाराष्ट्र व कर्नाटक के डिप्टी सीएम क्रमशः अजित पवार और डीके शिवकुमार ने विवादित बयान दिया है। पवार ने एक सभा में कहा कि जो फंड लगेगा मैं दूंगा, लेकिन वोट के समय बटन टका टका दबाना। अजित पवार के बयान पर बवाल मच गया है। इस बयान को लेकर शरद पवार गुट और उद्धव ठाकरे गुट ने कड़ी आपत्ति जताई है।

उनके खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत की गई है। अजित ने मेडिकल फील्ड और व्यापारियों से फंड के बदले वोट की बात कही थी। पत्नी सुनेत्रा पवार के लिए चुनाव प्रचार के दौरान उनकी जुबान फिसल गई, जो उनके लिए परेशानी का सबब बन सकती है। उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह मराठी में बोल रहे हैं। अजित की पत्नी सुनेत्रा बारामती से एनसीपी उम्मीदवार हैं। अजित पवार के गुट का एसीपी एनडीए गठबंधन का हिस्सा है।

वीडियो में अजित कहते हैं कि मैं कहना चाहूंगा..जो फंड लगेगा वो मैं दूंगा उसके लिए मैं सहयोग करूंगा, लेकिन जिस तरह में फंड दूंगा उस तरह वोट के समय मशीन में चिन्ह पर बटन दबाना टका-टक-टका-टका.. क्योंकि इससे फंड देना अच्छा लगता है..नहीं तो बुरा लगता है। अजित पवार ने यह बयान पुणे के इंदापुर में मेडिकल फील्ड और व्यापारियों के एक समूह के बीच चुनाव प्रचार के दौरान दिया।

**डीके 'बिजनेस डील' पर फंसे**

कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार एक चुनावी सभा में विवादित बयान देकर फंस गए। उन्होंने सीधे-सीधे वोटरों से कहा कि वे बिजनेस डील के लिए आए हैं। वोट देंगे तो डील करूंगा। उनका वीडियो भाजपा के आईटी सेल ने एक्स पर पोस्ट किया है और चुनाव आयोग को भी शिकायत के साथ भेजा है।

### केंद्र सरकार लेने जा रही ये बड़ा फैसला

## अब किराने की दुकान पर भी मिल सकेंगी 'सर्दी-जुकाम' की दवाएं



केंद्र सरकार कुछ दवाओं को ओटीसी की कैटेगरी में डालने की तैयारी कर रही है। इसके बाद इन दवाओं को बिना प्रिस्क्रिप्शन के भी बेचा जा सकेगा

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

केंद्र सरकार जल्द ही एक बड़ा फैसला लेने जा रही है। सर्दी, जुकाम और बुखार में इस्तेमाल होने वाली दवाओं को किराना की दुकानों पर भी बिक्री के लिए मुहैया कराने की तैयारी की जा रही है।

केंद्र सरकार ओटीसी यानी ओवर द काउंटर दवाओं की लिए एक नीति लाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए एक समिति बनाई गई जो इस पर विचार कर रही है। ओवर द काउंटर उन दवाओं को कहा जाता है जिन्हें बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बेचा जा सके। अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में यह नीति पहले से ही लागू है। अब इसे शेष पेज 4 पर

### पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में है बक्सा पहाड़

## बक्सा पहाड़ के दुर्गम इलाके में चुनाव आयोग करेगा सैटेलाइट फोन का इस्तेमाल

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

पहली बार लोकसभा चुनाव के दौरान सैटेलाइट फोन का उपयोग किया जाएगा। चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार लोकसभा क्षेत्र के बक्सा पहाड़ से मतदान समाचारों के बारे में अपडेट रहने के लिए सैटेलाइट फोन उपलब्ध कराया है। बक्सा पहाड़ के 36 कम नेटवर्क कवरेज वाले बूथों में से तीन बूथों पर बिल्कुल नेटवर्क नहीं हैं। इसके अलावा मतदान कर्मियों को 'वाटर प्रूफ बैग' भी उपलब्ध कराए गए हैं। बक्सा पहाड़ पर बने मतदान केंद्रों तक टेढ़े-मेढ़े पहाड़ी रास्ते से पैदल ही जाना पड़ता है। वहां मतदान कर्मियों से मोबाइल फोन पर संपर्क करना लगभग असंभव है। इसलिए इस बार चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव-24 में सैटेलाइट फोन का इस्तेमाल करने का फैसला किया है ताकि चुनाव आयोग को हर पल की जानकारी मिल सके। इसके अलावा बारिश में या पहाड़ पर चढ़ने के दौरान किसी दुर्घटना शेष पेज 4 पर



### सात साल के संघर्ष के बाद पृथ्वीपुर जिला निवाड़ी की रितु यादव को मिली यूपीएससी में सफलता

## गांव छोड़ा तो पिता चल बसे, बड़ी बहनों ने 'पार्ट टाइम जॉब' करके पढ़ाया, खुद भी ट्यूशन पढ़ाया, 'जिद' थी और जिद के आगे जीत थी




मेरे परिवार ने मुझे हताश नहीं होने दिया और मुझे आगे मेहनत करते रहने के लिए मोटिवेट किया

मधुरिमा राजपाल ⏭भोपाल

एक छोटे से गांव, पृथ्वीपुर, जिला निवाड़ी की रितु यादव (28), यूपीएससी में 470 रैंक। एक ऐसी कहानी की प्रतीक जो मेहनत, आत्मविश्वास और परिश्रम का उत्तम उदाहरण। रितु ने जीवन के हर एक कदम पर मुश्किलों का सामना किया और आखिरकार सात साल के कठिन संघर्ष के बाद आईपीएस के रुप में अपना मुकाम हासिल किया। 'हरिभूमि' से बातचीत में रितु ने कहा कि हमारे गांव में पढ़ाई शेष पेज 4 पर

अलग खबर




**एक बहन आर्मी में मेजर और दूसरी एमएनसी में**

रितु ने बताया कि आज मेरी दोनों बहनें भी अच्छे स्थानों पर हैं एक बहन एमएनसी में कार्यरत हैऔर दूसरी आर्मी में मेजर है। भाई भी प्राइवेट संस्थान में उच्च स्थान पर है। उन्होंने कहा कि देखने में यह मेरी सफलता लगती है लेकिन मेरी इस सफलता शेष पेज 4 पर

### पहले दो प्रयास मुझे सिलेबस को समझने में लगे

*रितु कहती हैं कि मैं कॉमर्स बैकग्राउंड से हूं, ऐसे में मैंने बीएसएसएस से अपना ग्रेजुएशन किया, लेकिन मेरी इच्छा सिविल सर्विसेस में जाने की थी, फिर मैं सिविल सर्विसेस की प्रिपरेशन करने लगी। पहले दो अटैम्प मुझे सिलेबस को समझने में लगा, क्योंकि मैंने कोई कोचिंग नहीं ली थी। इसके बाद प्रिलिम्स में मैथ्स के पोरशन की वजह से दो बार सिलेक्शन नहीं हुआ, ऐसे में मेरे* शेष पेज 4 पर

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 19 अप्रैल 2024

3 शोभायात्रा निकली: मनमोहक झांकियों...

8 श्राप से मुक्ति पाने गांव के मर्द साल में 7 दिन बनते....


# वाल्मी समेत राजधानी के तीन पुलों का हो लोकार्पण तो ट्रैफिक हो जाए आसान

## सर्वधर्म पुल ट्रायल के बाद एप्रोच रोड बनाने फिर बंद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में एक फ्लाईओवर और कलियासोत नदी पर बने दो पुल के लोकार्पण का इंतजार कर रहे हैं। इससे 10 लाख से ज्यादा लोगों को ट्रैफिक में जूझने से राहत मिल सकती है।
कोलार रोड पर बन रही सिक्सलेन रोड पर पिछले दिनों ट्रायल रन के लिए खोला गया था, लेकिन एप्रोच रोड बनाने के लिए इसे फिर बंद कर दिया। वहीं गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक बने फ्लाईओवर ट्रायल रन रोक दिया गया। वहीं कलियासोत बांध के पास बना पुल 15 साल बाद भी चालू नहीं हो पा रहा है। क्योंकि एप्रोच रोड बनाने वाल्मी ने अनुमति नहीं दी। पांच साल पहले इसको लेकर पीडब्ल्यूडी और वाल्मी में चर्चा भी हुई, लेकिन बेनतीजा रही। इस पुल के चालू होने से 5 लाख लोगों को राहत मिलती। कोलार रोड पर कोलार तिराहे से गोल जोड़ तक 15.10 किमी सिक्स लेन बन रहा है। इस रोड पर पहले सर्वधर्म पुल के चौड़ीकरण की योजना नहीं थी, लेकिन पुराने पुल के पास चूनाभट्टी से कोलार रोड पर दाहिनी ओर 10 मीटर चौड़ा ब्रिज तैयार किया गया है, जिसका ट्रायल पिछले दिनों हुआ।

**जीजी फ्लाईओवर का ट्रायल रोका, कलियासोत ब्रिज बनने के बाद 15 साल से अधर में**





### कलियासोत नदी पर बना वाल्मी पुल तैयार

कलियासोत नदी पर बना 5 करोड़ का वाल्मी ब्रिज 15 साल से तैयार है। इसके बनने से राजहर्ष सी सेक्टर के रहवासियों को सीधा और कोलार की 5 लाख आबादी को वैकल्पिक रास्ता मिलने की आस बनी थी। लेकिन विवाद और अड़ंगे के चलते यह सौगात लोगों को नहीं मिल पाई। इसके लिए 4 बैठकें और 10 तरह के प्लान भी बने, लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला।



### जीजी फ्लाई ओवर का ट्रायल रन अब जून में

वाल्मी पुल को एलिवेटेड रोड से जोड़ा जाने पर वालमी के साथ हुई चर्चा के बाद निर्णय हुआ था। करीब 630 मीटर एलिवेटेड रोड में से 580 मीटर हिस्सा वाल्मी की जमीन में आएगा। इसलिए यह पुल विवाद में अटका। गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक बन रहे जीजी फ्लाईओवर का काम लगभग पूरा है। इसका ट्रायल रन इस माह होना था, जिसे टाल दिया गया। अब ट्रायल रन जून में होगा और तभी जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

---

शर्मा ने आठ करोड़ 47 लाख की प्रॉपर्टी का दिया रिकार्ड, कांग्रेस के अरुण ज्यादा अमीर

**भोपाल लोकसभा सीट के लिए किया नामांकन दाखिल**

# छह महीने में दो करोड़ बढ़ी आलोक की प्रॉपर्टी, जमा रकम हुई तीन गुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छह महीने पहले भोपाल उत्तर से क्षेत्र विधानसभा चुनाव लड़ने वाले आलोक शर्मा ने गुरुवार को लोकसभा सीट के लिए नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। भाजपा उम्मीदवार आलोक की प्रॉपर्टी 6 महीने में 2 करोड़ बढ़ी है। उन्होंने 8.47 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी बताई है। इसके पहले, विधानसभा चुनाव में उन्होंने 6.44 करोड़ की प्रॉपर्टी की जानकारी दी थी। हालांकि, कांग्रेस के अरुण श्रीवास्तव 12 करोड़ की प्रॉपर्टी के आसामी हैं।

नामांकन में आलोक ने खुद और पत्नी की प्रॉपर्टी की जानकारी दी है। उनकी चल संपत्ति 2.30 करोड़ है। वहीं, अचल संपत्ति में रसूलिया पठार, परवलिया सड़क, धामनिया, खजूरी सड़क में 7.76 एकड़ जमीन, लाउखेड़ी में 2 प्लाट, गुफा मंदिर के पास मकान शामिल हैं। इसकी कुल कीमत 6.17 करोड़ रुपए बताई है।

**कोतवाली, तलैया, गौतम नगर और बहादुरपुर अशोक नगर थाने में केस**



### बैंक में जमा नगदी हुई तीन गुना, पत्नी की घटी

आयोग को दी गई जानकारी में एक करोड़ 90 लाख की चल और 4 करोड़ 54 लाख रुपए की अचल संपति बताई थी। तब बैंक में 38 लाख 53 हजार और पत्नी के अकाउंट में 22 लाख 72 हजार रुपए जमा थे। वर्तमान में उनके खाते में 91 लाख 69 हजार रुपए और पत्नी के अकाउंट में 16 लाख 86 हजार रुपए जमा हैं।

### आलोक पर चार केस

कोतवाली, तलैया, गौतम नगर, बहादुरपुर अशोक नगर थाने में केस दर्ज हैं, जबकि तीन भोपाल और एक अशोकनगर कोर्ट में प्रकरण लंबित चल रहा है। इधर आचार संहिता उल्लंघन के भी तीन केस आलोक पर दर्ज किए गए हैं।

### यह भी दी जानकारी

*खुद की आय* - 527250, *पत्नी* 335254
*संपति चल - खुद*- 6571117 , *पत्नी* 12386196 रुपए
*संपति-अचल -खुद* 5939538 , *पत्नी* 2185500
*कुल संपति खुद* 5 करोड़ 2 लाख और *पत्नी*- एक करोड़ 15 लाख *कुल* 6 करोड़ 17 लाख
*कैश इन हैंड*- 50 हजार और *पत्नी* 90 हजार
*कैश इन बैंक- खुद*- 91 लाख 69 हजार 195 और *पत्नी* 16 लाख 86 हजार 400 रुपए
*वाहन*- मारुति स्विफ्ट, बलेनो, जेसीबी, एलएंडटी वाहन
*शस्त्र* - एक रिवाल्वर, एक रायफल
*कर्ज देनदारी* - 6887350 रुपए
*गहने- खुद* 150 ग्राम सोना, *पत्नी* 550 ग्राम सोना, साढ़े पांच किलो चांदी के बर्तन
*शैक्षणिक योग्यता* - बीकॉम
*कृषि* - रसूलिया पठार में चार एकड़ जमीन
*आय के स्रोत* - कृषि और किराये से

### आलोक ने भरा नामांकन, बोले-कांग्रेस को पोलिंग बूथ पर नहीं मिलेंगे एजेंट



**भोपाल।** भोपाल लोकसभा क्षेत्र के लिए भाजपा उम्मीदवार आलोक शर्मा ने गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन जमा करने के बाद आलोक ने कहा कि इस बार भोपाल में मतदान के लिए कांग्रेस को पोलिंग बूथ पर बैठाने एजेंट तक नहीं मिलेंगे। आलोक के साथ पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मंत्री विश्वास सारंग, कृष्णा गौर सहित विधायक मौजूद थे। इधर, कांग्रेस उम्मीदवार अरुण श्रीवास्तव पहले ही नामांकन जमा कर चुके हैं। वे भी आखिरी दिन कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ फिर से नामांकन जमा करेंगे। पर्चा दाखिल करने के बाद उन्होंने कहा कि भाजपा में आ रहे हर कांग्रेस कार्यकर्ता का सम्मान हो रहा है। इसके पहले उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ कर्फ्यू वाली माता मंदिर में पूजा की, यहां सभा भी हुई। सभा के बाद रैली के रूप में आलोक नामांकन भरने कलेक्टोरेट पहुंचे। रैली में पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, साधु-संत, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, मंत्री विश्वास सारंग, कृष्णा गौर, विधायक रामेश्वर शर्मा, विष्णु खत्री, सुदेश राय भी थे। सभा के बाद सीएम मोहन यादव सागर रवाना हो गए।

## वोट डालने वालों को मिलेगा होटलों में 10 फीसदी डिस्काउंट, ड्रॉ में जीत सकेंगे इनाम

**लोकसभा चुनाव में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने होटल संचालकों ने दिया ऑफर**

**कलेक्टर के साथ व्यापारी संगठनों की कलेक्टोरेट में रखी बैठक**

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव में मतदान करने वाले लोगों को लकी ड्रा में शामिल किया जाएगा। 7 मई को जिले के 2097 पोलिंग बूथ पर 3 ड्रा होंगे, जबकि एक बंपर ड्रा बाद में होगा। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की मौजूदगी में बैठक रखी गई। बैठक में भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज अध्यक्ष तेजकुलपाल ने कहा कि मतदान करने पर होटलों में 10 फीसदी का डिस्काउंट भी दिया जाएगा।



**ऐसे हो सकेंगे शामिल**

हर बूथ पर लकी ड्रा का एक बॉक्स रहेगा। मौके पर ही मतदाता को पर्ची मिलेगी, जो वोट डालने के बाद नाम, मोबाइल नंबर और मतदान केंद्र नंबर लिखकर बॉक्स में डालनी होगी। ड्रा में टी-शर्ट, टिफिन, लंच बॉक्स जैसे इनाम दिए जाएंगे। यदि कोई मतदाता वोट डालने के बाद घर चला भी जाता है तो उसे मोबाइल पर कॉल करके बुलाया जाएगा।

### दुकानों के आगे लगाएंगे पोस्टर-बैनर

सभी मार्केट व्यवसाय संघ ने यह निर्णय लिया कि वह अपने दुकान के आगे मतदान अपील का एक बैनर लगाएंगे। डिजिटल मार्केटिंग के तहत 7 मई को मतदान की अपील करेंगे। उन्होंने घोषणा की कि उनके अधीनस्थ काम करने वाले स्टाफ यदि वोट करके आते हैं, तो उन्हें अगले दिन सम्मानित करेंगे।

---

## नौ प्रतिष्ठान से लिए मावा, पनीर और दूध के 15 नमूने



**खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अमले की छापामार कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अमले ने गुरुवार को नौ प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए मावा पनीर और दूध के कुल 15 नमूने लिए हैं। जानकारी के अनुसार आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने तथा स्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य सामग्री का निर्माण, विक्रय एवं संग्रहण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कलेक्टर भोपाल कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार गुरुवार को अमले ने नौ प्रमुख पनीर विक्रेता प्रतिष्ठानों से पनीर के अलावा मावा, दही तथा दूध के कुल 15 नमूने एकत्र कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल प्रेषित किए गए हैं। प्रयोगशाला में परीक्षण के बाद अमानक पाए जाने वाले नमूनों से संबंधित खाद्य कारोबारियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

---

## कार ने मारी बाइक सवार चचेरे भाइयों को टक्कर, एक की मौत

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव सोनकच्छ में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार चचेरे भाइयों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों को गंभीर चोट आई थी। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने एक नाबालिग को मृत घोषित कर दिया। जबकि भाई को गंभीर चोट होने के कारण भोपाल रेफर किया गया है।

■ बैरसिया रोड पर ग्राम सोनकच्छ के पास हुआ हादसा

एएसआई उमाशंकर शर्मा ने बताया कि विनय उर्फ विनोद सहरिया पिता काशीराम सहरिया (16) गांव दिल्लोद, थाना गुनगा में रहता था। गुरुवार सुबह वह अपने चचेरे भाई मयंक के साथ भोपाल से गांव जाने के लिए बाइक से निकला था। दोनों भाई दोपहर करीब करीब साढ़े 12 बजे के आसपास सोनकच्छ गांव पहुंचे थे, तभी बैरसिया से भोपाल की तरफ आ रही एक कार ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी।
टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों को गंभीर चोट आई थी। उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, वहां प्राथमिक जांच में ही विनय को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं दूसरे भाई मयंक को गंभीर चोट आई है, जिसका इलाज जारी है।

---

**लोगों में भगदड़ सीटें और इंटीरियर हुआ जलकर खाक**

## पेट्रोल पंप से गुजर रही वैन में आग लगी, पंप कर्मियों ने देखते ही लगाई दौड़ और बुझा दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी नगर में पेट्रोल पंप के पास से जा रही एक वैन में अचानक आग लग गई।

आग लगते ही पंप पर खड़े लोग और कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। वहीं कुछ कर्मचारियों ने आग बुझाने के लिए प्रयास शुरू कर दिएए जिससे कोई बड़ी दुर्घटना नहीं घट पाई। पेट्रोल पंप पर काम कर रहे कर्मचारियों ने ही कुछ ही मिनटों में आग पर काबू पा लिया।



पंप कर्मचारियों के अनुसार एमपी नगर के जोन 2 स्थित प्रगति पेट्रोल पंप के पास यह हादसा हुआ। गुरुवार को दोपहर में एक वैन जोन 2 की तरफ जा रही थी। तभी उसमें से धुआं निकलते हुए दिखाई दिया। ड्राइवर ने तुरंत उतरकर अपनी जान बचाई।

जिस जगह वैन में आग लगी, उससे कुछ दूर ही पेट्रोल पंप भी है। वैन में आग देखकर कर्मचारी तुरंत दौड़े और अग्निरोधक यंत्र से आग पर काबू पाया गया। लोगों के अनुसार वायरिंग में शार्ट सर्किट होने से वैन में आग लगना सामने आया है। इससे सीटें और इंटीरियर पूरी तरह से जल गया।

---

**ज्यादातर कॉलोनियों में पसरा रहता है अंधेरा**

## स्मार्ट सिटी रोड पर लगीं 20 हजार स्ट्रीट लाइट इनमें से आधी खराब, अब ननि सुधरवाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के कई हिस्सों में स्ट्रीट लाइटें बंद होने से सड़कों पर अंधेरा पसरा हुआ है। जब अरेरा कॉलोनी और चार इमली के अलावा स्मार्ट सिटी रोड पर भी अंधेरा फैला हुआ है। भोपाल में कुल 68 हजार स्ट्रीट लाइट हैं, जिसमें से 20 हजार स्मार्ट सिटी की और 10 हजार बीडीए की हैं। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार शहर में नगर निगम की करीब 38 हजार स्ट्रीट लाइट हैं, जिसमें से 30 बंद हैं। स्मार्ट सिटी ने 20 हजार स्ट्रीट लाइट लगवाई हैं। इसमें से आधी स्ट्रीट लाइट खराब होने से बंद हैं। इन सभी स्ट्रीट लाइट को नगर निगम अब सुधरवाएगा।



### इन क्षेत्रों में अंधेरा

कोलार रेस्ट हाउस से चूना भट्टी जाने वाली नई बन रही सड़क अंधेरे में है। होशंगाबाद रोड से नूतन कॉलेज तक स्मार्ट सिटी कंपनी की स्ट्रीट लाइट हैं। साउथ टीटी नगर, ग्रीन पार्क, ई 4 एरिया समेत पुराने शहर के कई इलाकों में अंधेरा है। बैरसिया रोड, आनंद नगर समेत रायसेन रोड के भी कई इलाकों की सड़कों में अंधेरा है।

---

**जब 4 साल का था पन्ना तब कान्हा रिजर्व से लाया गया था वन विहार**

## नहीं रहा वन विहार के बाड़े में उछल-कूद करने वाला 'पन्ना'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के वन विहार नेशनल पार्क का टाइगर 'पन्ना' नहीं रहा। बुधवार-गुरुवार की रात में उसकी मौत हो गई। चार साल की उम्र में कान्हा टाइगर रिजर्व से बाघ को वन विहार लाया गया था। मौत की वजह साफ नहीं हो पाई है।

शव का पोस्टमार्टम कर सैंपल जबलपुर स्थित स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फोरेंसिंग एंड हेल्थ में भेजे गए हैं। नर बाघ की उम्र 14 साल है। वन विहार के अधिकारियों के अनुसार करीब चार साल की उम्र में भोपाल आया पन्ना सालों तक टूरिस्टों की पसंद बना रहा। दरअसल, बाड़े में उसकी उछल-कूद टूरिस्टों को बहुत लुभाती थी। बाघ का पोस्टमार्टम वन विहार के वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. अतुल गुप्ता, एवं वाइल्ड लाइफ एसओएस के वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. रजत कुलकर्णी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

### काठ की गेंद से कराई थी पन्ना की वर्जिश

वनविहार का युवा नर बाघ पन्ना की मौत की खबर वन्यजीव प्राणी प्रेमियों के लिए चौंकाने वाली हो सकती है। पन्ना से जुड़ी कुछ ऐसी बातें भी हैं, जो वनविहार के वन्य प्राणियों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए काफी उत्साहजनक हैं। दरअसल, पन्ना को जब कान्हा टाइगर रिजर्व से लाया गया था, तब वह छोटा था, इसलिए पार्क में रम गया था। लेकिन कुछ साल के बाद वह बाड़े में अक्सर खाने के बाद सोता रहता था। हालांकि, यह उसकी सामान्य आदत थी, जो सेहत के लिए अच्छी थी। लेकिन इसे दिन में वर्जिश कराने के लिए प्रबंधन को कोई उपाय नहीं सूझ रहा था। उस दौरान तत्कालीन वनविहार संचालिका इस बाघ को लेकर काफी सजग थीं, यह बेहद खूबसूरत और सेहतमंद, फुर्तीला बाघ था। पार्क में आने वाले सैलानियों के लिए यह सबसे ज्यादा पसंद था, इस लिए पार्क प्रबंधन के वे कर्मचारी जो इसका रखरखाव करते थे, वे इसका खास ख्याल रखते थे। दर्शकों के आने पर यह बाड़े में सामने आकर बैठ जाता था। तब पार्क की संचालिका ने एक नवाचार किया और बाघ के बाड़े में फुटबॉल से करीब चार गुना बड़ी काठ की एक गेंद पेड़ पर जंजीर के सहारे लटका दी। इस गेंद को कई दिनों तक मांस के साथ पानी में उबाला गया था, जिससे गेंद में मांस की गंध आने लगी थी। बाघ इस गेंद से दिन में कई बार शिकार समझ कर खेलता रहता था। उसे उछल कर पकड़ता और शिकार करने जैसी कलाबाजियां करता रहता था। इससे उसकी सेहत और रहवास प्राकृतिक माहौल की तरह ढल रहा था, जो सेहत के लिए और बेहतर साबित हुआ। यह क्रम काफी समय तक चला।



---

## लोक सेवा प्रभारी प्रसून ने महिला कर्मचारी पर किए भद्दे कमेंटस प्रताड़ना के भी आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कलेक्टर कार्यालय में महिलाओं के अपमान का मामला थम नहीं रहा है। हाल ही में यहां पदस्थ लोक सेवा प्रभारी प्रसून सोनी के खिलाफ एक महिला कर्मचारी ने शिकायत की है।

■ कलेक्टर से की शिकायत, जांच टीम लेगी दोनों के बयान

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि महिला ने कहा कि प्रसून उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं। इसके साथ ही उन पर वे भद्दे कमेंटस भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू कर दी है। वहीं कलेक्टर सिंह का कहना है कि जांच टीम दोनों पक्षों के बयान लेगी। बयान के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले भी एक अन्य अधिकारी को भी महिला की शिकायत के बाद हटा दिया गया था।

भोपाल
शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024
चैत्र मास शुक्ल पक्ष-11
वर्ष : 11, अंक : 25
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 38
न्यून. 24

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल...

विचार पेज
6 मध्य पूर्व में अमन कायम हो

संयुक्त राष्ट्र में रुचिरा कंबोज ने कहा

# भारत जीडीपी रैंकिंग में 2014 के 10वें स्थान से 2024 में 5वें स्थान पर पहुंचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में एफडीआई ने देश को वैश्विक जीडीपी रैंकिंग में 2014 में 10वें स्थान से 2024 में 5वें स्थान पर पहुंचा दिया है।

भारत स्वच्छ और अधिक ऊर्जा के साथ कुशल नीतियों और निवेशों को आगे बढ़ाने के प्रति सचेत है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत उन नीतियों और निवेशों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता के प्रति भी सचेत है जो स्वच्छ और अधिक ऊर्जा कुशल हैं। भारत ने 2022 में ▶▶ शेष पेज 4 पर

*भारत स्वच्छ और अधिक ऊर्जा कुशल नीतियों और निवेशों को आगे बढ़ाने के प्रति सचेत*

भारत ने 2022 में 5.8 बिलियन के परिव्यय के साथ पीएलआई योजना की घोषणा की



**हम एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में पर्यावरणीय दायित्व के प्रति प्रतिबद्ध**

उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में हम अपने पर्यावरणीय दायित्व के प्रति प्रतिबद्ध हैं और उन्हें बहुत गंभीरता से लेते हैं। इस संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आधिकारिक हैंडल पर एक पोस्ट कर यूएनजीए में रुचिरा कंबोज के संबोधन का एक वीडियो भी शेयर किया गया है। इस पोस्ट में लिखा गया है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में, हमने स्थायी परिवहन, सुरक्षित और सस्टेनेबल लास्ट माइल डिलीवरी सुनिश्चित करने में भारत की प्रगति पर प्रकाश डाला। हमारी प्रतिबद्धता पहुंच को बढ़ाती है और हमें हरित भविष्य की ओर प्रेरित करती है।

## 2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था होगी 34.7 लाख करोड़ डॉलर की

उद्योग संगठन पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने वर्ष 2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को विकसित भारत की ओर ले जाने के लिए आज 10 प्रमुख कारकों की घोषणा की जिनमें व्यापार करने में आसानी, पूंजी, बिजली, लॉजिस्टिक्स, भूमि की लागत जैसी व्यापार करने की लागत को कम करना शामिल है। पीएचडीसीसीआई ने '2047 तक विकसित भारत' का रूपरेखा पेश करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद कोविड महामारी के बाद मजबूती से आगे बढ़ रही है। उसने कहा कि वर्ष 2047 तक प्रति व्यक्ति आय 21000 डॉलर के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था 34.7 लाख करोड़ डॉलर की हो जाएगी। संगठन के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहाकि हमने 10 प्रमुख कारको की पहचान की है जो अर्थव्यवस्था को 2047 तक विकसित भारत की ओर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री स्तर पर व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना। पूंजी की लागत, कच्चे माल की लागत, भूमि की लागत और भूमि ▶▶ शेष पेज 4 पर

**2047 तक विकसित भारत की ओर ले जाते दिख रहे संकेत**

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**ईवीएम पर फैसला सुरक्षित :** करीब 5 घंटे तक चली सुनवाई में चुनाव आयोग का सुप्रीम कोर्ट में स्पष्ट जवाब

वीवीपैट को फिर से डिजाइन करने की कोई जरूरत नहीं

# ईवीएम न हैक हो सकती है और न ही इससे कोई छेड़छाड़ संभव

> चुनाव आयोग ने अपने बयान में सुप्रीम कोर्ट में कहा कि अगर ईवीएम की जगह मैन्युअल गिनती की जाती है तो इसमें मानवीय भूल की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। मौजूदा सिस्टम में मानवीय भागीदारी न्यूनतम हो गई है।

केरल के कासरगोड में मतदान के अभ्यास के दौरान 'इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन' (ईवीएम) में एक अतिरिक्त वोट दिखने के आरोप झूठे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के तहत पहले चरण की वोटिंग से ठीक पहले सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम मशीन की प्रामाणिकता को लेकर सुनवाई जारी है। गुरुवार को भारतीय चुनाव आयोग ने देश के सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष यह स्पष्ट कर दिया कि ईवीएम एक स्वतंत्र मशीन है। इससे हैक या छेड़छाड़ नहीं किया जा सकता।

वीवीपैट को फिर से डिजाइन करने की कोई जरूरत नहीं है। गुरुवार को 5 घंटे तक चली सुनवाई के बाद शीर्ष कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। चुनाव आयोग ने अपने स्टेटमेंट में सुप्रीम कोर्ट में कहा कि अगर ईवीएम की जगह मैन्युअल गिनती की जाती है तो इसमें मानवीय भूल की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। मौजूदा सिस्टम में मानवीय भागीदारी न्यूनतम हो गई है। निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि केरल के कासरगोड में मतदान के अभ्यास के दौरान 'इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन' (ईवीएम) ▶▶ शेष पेज 4 पर

### भारत की ईवीएम स्टैंडअलोन मशीन



ईवीएम के साथ वीवीपैट का इस्तेमाल करके डाले गए वोटों के पूरे सत्यापन के अनुरोध से जुड़ी याचिकाओं पर हियरिंग के दौरान यह भी पता चला कि यूनाइटेड किंगडम (यूरोप में) और अमेरिका में बंद की जा चुकी ईवीएम में और भारत में इस्तेमाल की जा रही इन वोटिंग मशीनों में क्या अंतर है? दरअसल, चुनाव आयोग के वकील यूरोप के देशों और अमेरिका में हटाई गई ईवीएम और भारतीय ईवीएम की तुलना कर रहे थे। विदेशी मशीनें नेटवर्क से जुड़ी होती थीं और उनके प्रभावित होने का अंदेशा था, जबकि भारत की ईवीएम स्टैंडअलोन मशीन है। वह किसी नेटवर्क से जुड़ी नहीं होती। विदेशों में ईवीएम निजी कंपनी बनाती थीं पर हिंदुस्तान में इसे पब्लिक सेक्टर कंपनी बनाती है। बाहर वाली ईवीएम में वोट की पुष्टि का सिस्टम नहीं था लेकिन भारत में वीवीपैट के जरिए इसकी पुष्टि हो जाती है।

### बोले जज: ईसी को हर बात पर सफाई की जरूरत नहीं

जस्टिस संजीव खन्ना ने प्रशांत भूषण से कहा- आप इस तरह हर चीज पर अविश्वास नहीं जता सकते। आपकी बातों को हमने विस्तार से सुना। चुनाव आयोग के प्रयासों को भी जाना। आपको भी इसकी सराहना करनी चाहिए। ईवीएम-वीवीपैट मिलान पांच फीसदी होगा, 40 होगा, 50 होगा या कुछ और...चुनाव आयोग को हर बात पर आपको सफाई देने की जरूरत नहीं है। वे लोग काम कर रहे हैं। चुनाव आयोग के वकील मनिंदर सिंह की ओर से बताया गया कि चुनाव आयोग संवैधानिक संस्था है। वह दायित्व निभा रही है। ईवीएम से मतदान की मौजूदा व्यवस्था में कोई छेड़छाड़ संभव नहीं है। बैलेट पेपर से मतदान की मांग को सुन कर सुप्रीम कोर्ट पहले खारिज कर चुका है। इसे दोबारा उठाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

***हम केरल मामले की अदालत में विस्तृत रिपोर्ट जमा करेंगे***

*वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नीतेश कुमार व्यास ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की बेंच से कहा कि ये खबरें गलत हैं। हमने जिलाधिकारी से आरोपों की पड़ताल की है और यह बात सामने आई है कि ये गलत हैं। हम अदालत में विस्तृत रिपोर्ट जमा करेंगे। व्यास ने पीठ को ईवीएम की कार्यशैली के बारे में बताने के लिए अदालत में उपस्थित थे। अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने इस मुद्दे को उठाया था। याचिकाकर्ता एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' की ओर से भूषण ने अदालत से कहा कि इस तरह की खबरें हैं कि ईवीएम 'मॉक पोल' की कवायद के दौरान एक अतिरिक्त वोट दर्शा रही थी।*

सप्ताह के अंत में गर्म हवाओं का असर बढ़ेगा, नहीं चलेगी 'लू'

# सीजन में पहली बार पूरे प्रदेश में एक जैसी गर्मी पारा औसतन '40 डिग्री'



भोपाल के कमला पार्क का दृश्य

◆ एक मार्च से 18 अप्रैल तक 25 से अधिक जिलों में दिन के तापमान में मामूली बदलाव फिर भी पारा औसतन समान, अभी धीरे-धीरे बढ़ेगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में मौसम साफ होने के बाद तापमान में मामूली बदलाव जारी है। इस बीच गुरुवार को इस सीजन में पहली बार ऐसा रहा जब पूरे प्रदेश में एक जैसी गर्मी रही है। 25 से अधिक जिलों में दिन का औसत पारा 40 डिग्री या उससे अधिक रहा।

केवल 6 जिलों में ही यह 39 से 40 डिग्री के बीच दर्ज हुआ है। अगले दो दिन में भी तापमान में मामूली बदलाव होगा, जबकि इस सप्ताह के अंत में गर्म हवाओं का असर होगा, लेकिन लू नहीं चलेगी। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार को भी मौसम ऐसा ही रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार गुरुवार को सीजन में पहली बार पूरा प्रदेश एक जैसा गर्म रहा। ज्यादातर जिलों ▶▶ शेष पेज 4 पर

**केवल 6 जिले 40 डिग्री से कम**

पचमढ़ी, रायसेन, नरसिंहपुर, सिवनी, टीकमगढ़ और छिंदवाड़ा में पारा 39 से 40 डिग्री के बीच रहा। प्रदेश के शेष सभी जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री या इससे अधिक दर्ज हुआ है। मलाजखंड, रीवा, नौगांव, मंडला, खजुराहो, दमोह, धार, गुना, नर्मदापुरम, रतलाम, शिवपुरी और उज्जैन में पारा 41 डिग्री रहा। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान खंडवा में 42.1 डिग्री पर पहुंच गया है।

**खबर संक्षेप**

### बस का खुल गया टायरों का हिस्सा, हादसा टला



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी में एचआरटीसी की सेमी डिलक्स बस का चलते-चलते पिछले टायरों का पूरा हिस्सा ही खुल गया और बस की पूरी बॉडी जोर से सड़क पर धड़ाम करके आ गिरी। गनीमत यह रही कि बस नियंत्रित हो गई और कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

### पीएम मोदी आज दमोह में करेंगे चुनावी सभा



**भोपाल।** पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दमोह लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी राहुल लोधी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम दोपहर 1:45 बजे हेलिकॉप्टर से दमोह आएंगे। इसके बाद दोपहर 2:45 बजे जबलपुर रवाना होंगे।

### अमरनाथ यात्रा में 20 डीएसपी देंगे सेवाएं



**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा के लिए गृह विभाग ने डीएसपी स्तर के अफसरों को श्रीअमरनाथ श्राइन बोर्ड में डेपुटेशन पर भेजा है। ये डीएसपी बोर्ड में बतौर कैंप उप निदेशक के रूप में यात्रा खत्म होने तक काम करेंगे। अमरनाथ यात्रा के दोनों रूट पर बनाए जाने वाले कैंपों में इनकी सेवाएं ली जाएंगी।

गुना में युवती के साथ ऐसी हैवानियत

पड़ोसी अयान खान की करतूत, महीने भर से बनाए था बंधक

# कमरे में बंधक बनाकर 'बेरहमी' से पीटा फेविक्विक से चिपका दीं आंखें और मुंह



जबरन शादी करने व जायदाद अपने नाम करने का बना रहा था दबाव


हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

गुना शहर के कैंट थानांतर्गत नानाखेड़ी क्षेत्र में युवती को पड़ोसी युवक द्वारा कमरे में बंधक बनाकर उसके मुंह तथा शरीर पर फेवीक्विक डालकर बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। युवती गत दिवस किसी तरह उसके चंगुल से निकलकर अपनी मां के पास पहुंची। मारपीट में युवती की आंखें और मुंह लहुलूहान हो गया है। इस बारे में युवती ने गंभीर ▶▶ शेष पेज 4 पर

***घायल युवती का जिला अस्पताल में उपचार***

*जिला अस्पताल में भर्ती युवती का कहना है कि उसे एक महीने से कमरे में बंद कर रखा था। आरोपी उस पर शादी करने का दबाव डाल रहा है। मना करने पर मारपीट करता है। मंगलवार दोपहर और फिर रात को कमरे में बंद कर उसने बेरहमी से मारपीट की। फेवीक्विक डाल दी, जिससे आंखों और चेहरे पर घाव हो गए हैं। युवती का आरोप है युवक ने घर पर आकर कई सामानों की तोड़फोड़ कर डाली। गुरुवार सुबह मामले में पुलिस से शिकायत की गई है। वहीं घायल युवती का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।*

## डोडा के दुर्गम इलाकों में खच्चरों से पहुंची ईवीएम



**इस लोकतंत्र के पर्व पर देश को गर्व है...**

*उधमपुर। शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान होना है। इसके लिए गुरुवार को डोडा में ईवीएम सहित अन्य चुनावी सामग्री के साथ अधिकारी और कर्मचारी खच्चरों पर सवार होकर दुर्गम इलाके के लिए रवाना हुए हैं।*

एएसआई सर्वे का 28वां दिन, 22 मार्च से चल रहा सर्वे

# भोजशाला में मिली गौतम बुद्ध की मूर्ति मुस्लिम पक्ष का दावा.. कुछ नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच के निर्देश पर धार की भोजशाला में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्ष (एएसआई) का सर्वे जारी है। गुरुवार को भोजशाला सर्वे का 28वां दिन है। 22 मार्च से शुरू हुए इस सर्वे में गुरुवार को एएसआई की टीम सुबह 8 बजे भोजशाला पहुंची। टीम के साथ 31 मजदूर भी भोजशाला पहुंचे थे।

वहीं सर्वे टीम के साथ ही हिंदू पक्ष के गोपाल शर्मा, आशीष गोयल और मुस्लिम पक्ष के अब्दुल समद खान भी पहुंचे। अब तक हुए सर्वे को लेकर मुस्लिम पक्ष ने कुछ नहीं मिलने का दावा किया। मुस्लिम पक्षकार अब्दुल समद ने कहा कि सर्वे की गति 27वें दिन धीमी रही है। रामनवमी के चलते मजदूर तो आधे दिन बाद ही चले गए। सर्वे के दौरान गुरुवार को कुछ नहीं मिला। वहीं अब्दुल समद ने दावा किया कि दो दिन पहले जहां से भोजशाला के अंदर गौतम बुद्ध की मूर्ति निकली थी, वहां ओर पिछले हिस्से में खुदाई की गई है।



भारत में बेचे जाने वाले बेबी फूड में चीनी मिलाने को लेकर जांच के घेरे में नेस्ले

# नेस्ले कंपनी के बेबी फूड के सैंपलों की होगी 'जांच'

◆ ***नेस्ले इंडिया पर बच्चों के दूध और सेरेलक में चीनी मिलाने की बात सामने आई***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया की सबसे बड़ी उपभोक्ता उत्पाद कंपनी नेस्ले भारत में बेचे जाने वाले बेबी फूड में चीनी मिलाने को लेकर अब जांच के घेरे में आ गई है।

ज्यूरिख स्थित पब्लिक आई एंड इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क की रिपोर्ट में नेस्ले इंडिया पर बच्चों के दूध और सेरेलक में चीनी मिलाने की बात सामने ▶▶ शेष पेज 4 पर

***नेस्ले ने इस पर सफाई देते हुए कहा है कि वो भारत में सभी नियमों का पालन कर रही***

**नेस्ले के उत्पाद ब्रिटेन जर्मनी, स्विट्जरलैंड और अन्य विकसित देशों में बगैर चीनी के बेचे जा रहे**





**भारत के अलावा अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देशों में यह मामले**

आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि नेस्ले से जुड़ी हालिया रिपोर्ट का संज्ञान लिया गया है। कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत नेस्ले कंपनी के बेबी फूड के सैंपल की जांच की जाएगी। दरअसल, एक रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ कि नेस्ले कई देशों में बच्चों के दूध और सेरेलक प्रोडक्ट्स में ▶▶ शेष पेज 4 पर

***भारत में बिकने वाले सभी 15 सेरेलक बेबी प्रोडक्ट्स में 3 ग्राम चीनी***

*ज्यूरिख स्थित पब्लिक आई एंड इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क ने अपनी रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया है कि भारत में बिकने वाले सभी 15 सेरेलक बेबी प्रोडक्ट्स में 3 ग्राम चीनी पाई गई, लेकिन अफ्रीका के इथियोपिया और एशिया के थाईलैंड जैसे देशों में चीनी 4 से 6 ग्राम तक पाई गई है। जर्मनी और ब्रिटेन* ▶▶ शेष पेज 4 पर





छिंदवाड़ा और मंडला में कांग्रेस-भाजपा में रोचक मुकाबला

सीधी, शहडोल, जबलपुर, बालाघाट में कड़ी टक्कर

आज मप्र की छह लोस सीटों पर मतदान

# पहले चरण की दो लोकसभा सीटों में कांटे की टक्कर, दो सीटों पर है त्रिकोणीय मुकाबला

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** प्रदेश के जिन 6 लोकसभा सीटों के लिए शुक्रवार 19 अप्रैल को पहले चरण में मतदान होने जा रहा है, वहां भाजपा-कांग्रेस के बीच ही मुख्य मुकाबला है। बालाघाट में कंकर मुंजारे और सीधी में भाजपा के बागी अजय प्रताप सिंह मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश कर रहे हैं। चुनाव प्रचार के रुझान से पता चलता है कि छिंदवाड़ा और मंडला में भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर है। यहां बाजी किसी के भी हाथ लग सकती है जबकि सीधी, शहडोल, जबलपुर और बालाघाट में मुकाबला रोचक है। हालांकि सीधी और बालाघाट में भी कांग्रेस मुकाबले में बताई जाती है।

## सीधी: मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश

सीधी लोकसभा सीट में भाजपा के डॉ. राजेश मिश्रा और कांग्रेस के कमलेश्वर पटेल के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला रहा है। यहां भाजपा के बागी अजय प्रताप सिंह गोंगपा के टिकट पर मैदान में उतर कर मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश में हैं। क्षेत्र में ब्राह्मण, क्षत्रिय, पिछड़ा, आदिवासी और दलित वर्ग के मतदाताओं की तादाद अच्छी है। ब्राह्मण, आदिवासियों का ज्यादा हिस्सा भाजपा के पक्ष में दिखता है तो पिछड़ा और दलित वर्ग के मतदाताओं का झुकाव कांग्रेस की ओर ज्यादा है। अजय प्रताप भी आदिवासी और क्षत्रिय मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश में हैं। कांग्रेस के बड़े नेता अजय सिंह राहुल इसी जिले से आते हैं। उनका विधानसभा क्षेत्र चुरहट भी इसी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। उनका रुख भी चुनाव को प्रभावित करेगा। फिलहाल वे कांग्रेस के साथ ही दिखाई पड़ता हैं। मुकाबला तगड़ा है।



डॉ. राजेश मिश्रा



कमलेश्वर पटेल

## जबलपुर: परंपरा कायम रख सकती है भाजपा

महाकौशल अंचल की जबलपुर लोकसभा सीट में भाजपा-कांग्रेस की ओर से पहली बार चुनाव लड़ रहे क्रमशः आशीष दुबे और दिनेश यादव के बीच मुकाबला है। जबलपुर सीट भी भाजपा का गढ़ बन चुक है। यहां विवेक तन्खा जैसे कांग्रेसी दिग्गज को लगातार दो बार बड़े अंतर से पराजय का सामना करना पड़ा है। संभवतः इसीलिए तन्खा तीसरी बार यहां से लड़े नहीं। कांग्रेस सरकार में वित्त मंत्री रहे तरुण भनोट ने भी चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया था। भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे और उनके परिवार की इमेज अच्छी है जबकि कांग्रेस के दिनेश यादव समाज के वोटों के सहारे हैं। भाजपा इस बार जबलपुर में अपनी जीत की परंपरा कायम रख सकती है। यहां से चार बार सांसद रहे राकेश सिंह अब प्रदेश सरकार में मंत्री हैं। वे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं और जबलपुर में पार्टी का चेहरा हैं। जबलपुर में भाजपा और कांग्रेस में कड़े मुकाबले के आसार हैं।



आशीष दुबे



दिनेश यादव

## बालाघाट: कंकर के कारण भी मुकाबला रोचक

महाकौशल अंचल की बालाघाट लोकसभा सीट में भाजपा की भारती पारधी और कांग्रेस के सम्राट सरसवार के बीच मुकाबला है लेकिन यहां के जमीनी नेता कंकर मुंजारे ने बसपा के टिकट पर मैदान में उतर कर मुकाबले को रोचक बना दिया है। मुंजारे विधायक और सांसद रहे हैं। वे मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश में हैं। कंकर की पत्नी अनुभा मुंजारे बालाघाट से कांग्रेस विधायक हैं। वे कांग्रेस प्रत्याशी सरसवार का काम कर रही है। इससे पति-पत्नी के संबंधों में ऐसी खटास आई की कंकर को घर से बाहर एक झोपड़ी में रहना पड़ रहा है। कंकर का कहना था कि मेरी पत्नी मेरे घर में रहकर मेरे खिलाफ प्रचार नहीं कर सकती। पत्नी अनुभा ने घर नहीं छोड़ा तो वे खुद घर छोड़ कर चले गए। कंकर की मौजूदगी से भाजपा-कांग्रेस दोनों को नुकसान है। ढाल सिंह बिसेन और गौरीसिंह बिसेन की असंतुष्टि की खबरें है।



भारती पारधी



सम्राट सरसवार

## छिंदवाड़ा: सीट छीनने भाजपा ने झोंकी ताकत

महाकौशल अंचल की छिंदवाड़ा लोकसभा सीट कमलनाथ के कारण कांग्रेस का गढ़ है। प्रदेश का सबसे चर्चित और रोचक मुकाबला यहां हो रहा है। भाजपा ने यह सीट छीनने के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है। इसके लिए साम, दाम, दंड, भेद सब अपनाए जा रहे हैं। यहां कमलनाथ के सांसद बेटे नकुलनाथ का मुकाबला भाजपा के विवेक बंटी साहू से है। प्रचार थमने के एक दिन पहले भाजपा के शीर्ष नेता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छिंदवाड़ा में रोड शो और रात्रि विश्राम कर गए हैं। शाह भाजपा के असंतुष्ट नेताओं को चेतावनी भी दे गए हैं। प्रचार की बागडोर भाजपा के दिग्गज कैलाश विजयर्गीय के हाथ है। पहली बार कमलनाथ के खास लोगों को तोड़कर भाजपा में शामिल कराया गया है। अलका नाथ ने भी बेटे नकुलनाथ के लिए अपील की है। यहां कोई भी बाजी मार सकता है।



बंटी साहू



नकुलनाथ

## शहडोल: हिमाद्री को चुनौती दे हैं मार्को

विंध्य अंचल की दूसरी शहडोल लोकसभा सीट भाजपा के गढ़ के रूप में तब्दील हो चुकी है। कांग्रेस ने तीन बार के विधायक फुंदेलाल मार्को को मैदान में उतारा है, लेकिन वे भाजपा की हिमाद्री को टक्कर नहीं दे पा रहे हैं। हिमाद्री सिंह आदिवासी राजघराने से ताल्लुक रखती हैं। इनके पिता दलबीर सिंह और मां राजेश नंदिनी सिंह के कारण शहडोल में कांग्रेस जिंदा थी। यहां दलबीर सिंह के नाम से ही कांग्रेस जानी जाती थी। माता-पिता के न रहने के बाद हिमाद्री सिंह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आ गईं। बाद में कांग्रेस के आदिवासी चेहरे बिसाहूलाल सिंह भी भाजपा में आ गए। इसके बाद क्षेत्र में कांग्रेस के पास कोई बड़ा चेहरा नहीं बचा। इसलिए शहडोल में अभी एकतरफा माहौल दिखाई पड़ रहा है। हालांकि कांग्रेस यहां से भाजपा को कड़ी टक्कर दे रही है। यहां अन्य दलों ने भी अपने प्रत्याशी उतारे है। ऊंट किस करवट बैठता है। मतगणना के बाद पता चलेगा।



हिमाद्री सिंह



फुंदेलाल मार्को

## मंडला: कुलस्ते और मरकाम में रोचक मुकाबला

महाकौशल की मंडला लोकसभा सीट से भाजपा के आदिवासी चेहरे केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते एक बार फिर मैदान में हैं। पार्टी ने इन्हें विधानसभा का चुनाव लड़ाया था लेकिन केंद्रीय मंत्री रहते ये कांग्रेस के नगर पालिका अध्यक्ष से चुनाव हार गए थे। कांग्रेस ने मंडला से अपने युवा आदिवासी चेहरे पूर्व मंत्री ओंकार सिंह मरकाम को मैदान में उतारा है। ओंकार से फग्गन को कड़ी टक्कर मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता यहां भी है। फग्गन अपने आप में भाजपा का बड़ा नाम हैं। ये प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री पद के लिए दावा करते रहे हैं। केंद्र में लगातार मंत्री हैं। लेकिन इनके खिलाफ क्षेत्र में तगड़ी एंटी-इंकम्बैंसी देखने को मिल रही है। लिहाजा मुकाबला रोचक है। कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी में कड़ी टक्कर के आसार है। अब मंडला में बाजी किसी के भी हाथ लग सकती है।



फग्गन सिंह कुलस्ते



ओंकार सिंह मरकाम

जैसा मैंने देखा

## चुनाव...

### बगैर तामझाम साधारण वाहनों से जनता के बीच पहुंचते थे नेता

चुनाव का मौसम है। ऐसे में चुनाव को लेकर आज जो स्थिति है, आज से 40-50 साल पहले के मुकाबले इसमें कितना बदलाव आया है, यह वे ही बता सकते हैं, जिन्होंने तब मतदान किया हो। ऐसे में विजय जोशी, पूर्व ग्रुप महाप्रबंधक, भेल ने पुराने दिनों में होने वाले चुनाव को लेकर कई यादें साझा कीं। वे बताते हैं कि आजादी के बाद सामाजिक मूल्यों का जिस तरह अवमूल्यन या अधःपतन हुआ, उसके मूल में है हमारे देश की राजनीति और तथाकथित स्वघोषित अवाम के खिदमतगार। महात्मा गांधी ने कभी पद, पैसे या प्रतिष्ठा की चाह नहीं रखी, किंतु उनके ही अनुयायियों ने कोई कसर नहीं छोड़ी, उनके सपनों को खंडित करने में। इस परिप्रेक्ष्य में चुनावों के तुलनात्मक आकलन में यदि देखा जाए तो पता चलता है कि वादावफा बनाम वादाजफा में बदलाव आया है। वह दौर नेतृत्व द्वारा झूठे वादों का भ्रम फैलाकर लोगों को मूर्ख समझने का नहीं था। नेता झूठे जन लुभावन चुनावी वादों के बदले समाज व राष्ट्र हित को सर्वोपरि मानते थे। पहली अर्ध शताब्दी के नेता बगैर तामझाम साधारण वाहनों से जनता के बीच पहुंच जाया करते थे। पैसे के प्रदर्शन से लोगों को भ्रमित करने का प्रयास नहीं होता था। पूर्वार्ध दौर में नेता का अपने मतदाता से प्रत्यक्ष संबंध हुआ करता था, न कि आज जैसा मात्र संपर्क। याद कीजिए एक रेल दुर्घटना की नैतिक जिम्मेदारी वहन करते हुए लालबहादुर शास्त्री ने पद त्याग कर दिया था। 1965 के बाद के दौर में तो कुर्सीजदां नेताओं ने तो कदाचरण को भी शर्मिंदा कर दिया। एक बात जो अच्छी है वह यह कि आज के युवा को अपने देश का नेतृत्व चुनने की आजादी है। तब के दौर में तो घर के बुजुर्ग का हुक्मनामा चला करता था। वे कहते हैं कि सियासत इस कदर अवाम पर एहसान करती है, पहले आंखें छीन लेती है फिर चश्मे दान करती है।



विजय जोशी
पूर्व ग्रुप महाप्रबंधक भेल

## जो हो न सका...

### पर्यटन स्थल के रूप में अधूरा रह गया महिला शासक कुदसिया बेगम का बनवाया गौहर महल

राजधानी का गौहर महल एक भव्य महल है, जिसे पर्यटन स्थल बनाने के लिए उस समय विकास कार्य शुरू किया गया था, जब बड़े तालाब के किनारे वीआईपी रोड बनना शुरू हुई थी। करीब 25 साल पहले तत्कालीन नगरीय प्रशासन मंत्री और उसके बाद तत्कालीन सीएम ने इसके लिए केंद्र सरकार से राशि भी उपलब्ध करवाई, लेकिन पुरातत्व विभाग के अलावा कोई दूसरा काम यहां नहीं हो पाया। इस अधूरे काम के कारण अब गौहर महल में सिर्फ प्रदर्शनी और मेले ही लग रहे हैं। रियासत के दौर में पहली महिला शासक कुदसिया बेगम ने इस महल को 1820 में बनवाया था। इसे गौहर के नाम से भी बुलाया जाता है। ऐसे में इसका नाम गौहर महल पड़ गया।

**मेले लगाने वाला स्थान बनकर रह गया महल**

करीब साढ़े चार एकड़ में फैला हुआ गौहर महल वास्तु कला का सर्वोच्च उदहारण है। बेगमों के शासन काल के लिए भोपाल शहर जाना जाता है। वीआईपी रोड़ के किनारे मौजूद यह महल बेगमों के शासनकाल का गवाह रहा है। इसके आसपास का दृश्य शूटिंग के लिहाज से उपयुक्त है। यहां कई फिल्मों, वेबसीरीज और टीवी सीरियल्स की शूटिंग हो चुकी है, लेकिन अब प्रदर्शनी और मेले लगने से इसका महत्व अब पर्यटन स्थल का नहीं रहा है। करीब साढ़े चार एकड़ में फैला हुआ ये महल का दीदार करने सैकड़ों की संख्या में सैलानी यहां पहुंचते हैं।

## फर्स्ट टाइम वोटर

### हम बेहतर छवि व अच्छा काम करने वाले नेता को चुनेंगे...

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। हमारे देश के प्रत्येक व्यवस्क नागरिक को चुनावी प्रक्रिया में सहभागिता जरूर करना चाहिए। हम बेहतर छवि और अच्छा काम करने वाले नेता को चुनेंगे, तो देश और हमारा प्रदेश आगे बढ़ेगा। मैं मतदान करने के साथ लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक भी करूंगा।



**नीलेश कौरव**, युवा मतदाता

### साफ छवि और ईमानदार नेताओं को चुनेंगे, तो देश प्रगति करेगा

वोट मतदाता की सबसे बड़ी ताकत है। हमारा वोट ही यह तय करता है कि हमारा प्रदेश और देश विकास की दिशा में आगे बढ़े। जब साफ छवि और ईमानदार नेताओं को चुनेंगे, तो निश्चित ही देश प्रगति करेगा। ऐसे में हम सभी की यह जिम्मेदारी है कि हम खुद मतदान करने के साथ ही लोगों को मतदान के लिए प्रेरित भी करें और अधिक से अधिक मतदान कराएं।



**रोमेश विश्वकर्मा**, युवा मतदाता

## आज विदिशा से अपना नामांकन दाखिल करेंगे शिवराज

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार सुबह 11:30 बजे रायसेन में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। तत्पश्चात विदिशा रायसेन संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के तौर पर अपना नामांकन दाखिल करेंगे। शिवराज सुबह 10 बजे भोपाल से रवाना होकर रायसेन विदिशा संसदीय क्षेत्र पहुंचेंगे।

## चुनावी चटखारे...

नित दिखे नूतन चुनावी आचरण,
लोभ का होता नहीं है संवरण।
जाल विस्तृत है चुनावी भाषणों का,
भूलकर अपने सभी भ्रष्टाचरण।
दौर दावों का, लुभाती प्रगति की बातें,
भ्रमित मतदाताओं का अंतःकरण।
कुछ हृदय में और कुछ व्यवहार में एक,
आनन पर बहुत से आवरण।
एक-दूजे पर लगाकर तोहमतें,
फिर बिगाड़ा देश का वातावरण।



कांति शुक्ला 'ऊर्मि'
अयोध्या नगर

## विधानसभा, लोकसभा, जिला व प्रदेश कार्यालय में बनाए जाएंगे नियंत्रण कक्ष: भगवानदास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश के छह लोकसभा क्षेत्रों में शुक्रवार 19 अप्रेल को मतदान होने जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाएगा। मतदान के दिन नियंत्रण कक्ष में सुबह 6.30 बजे से मतदान संपन्न होने तक हर लोकसभा क्षेत्र के लिए पार्टी के दो नेता व तीन अधिवक्ताओं का पैनल मौजूद रहेगा और लोकसभा क्षेत्र से आने वाली सूचनाओं व समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर निर्वाचन आयोग तक पहुंचाने का कार्य करेगा।

यह जानकारी देते हुए गुरुवार को भाजपा प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने बताया कि यह निर्णय प्रदेश भाजपा कार्यालय में लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया है।



**निर्वाचन आयोग को भेजेंगे सूचनाएं**

भाजपा प्रदेश कार्यालय के राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष के साथ हर लोकसभा, विधानसभा क्षेत्रों व जिला भाजपा कार्यालय में इसी तरह के नियंत्रण कक्ष स्थापित करेगी। लोकसभा, विधानसभा व जिला भाजपा कार्यालयों में स्थापित नियंत्रण कक्षों से मतदान के दौरान ईवीएम को लेकर या अन्य परेशानियों की सूचना प्रदेश कार्यालय में संकलित की जाएगी और उन सूचनाओं को कार्रवाइके लिए निर्वाचन आयोग तक पहुंचाया जाएगा।

मिनी ट्रक और बाइक की टक्कर

## काफिला रोककर सीएम व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पन्ना जिले के सिमरिया गांव के पास गुरुवार देर रात मिनी ट्रक और मोटर साइकिल के बीच भिड़ंत हो गई। हादसे में वाहन चालक और सवार घायल हो गए। इसी दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा पवई में प्रचार के बाद पन्ना जा रहे थे।

हादसा देखने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा तत्काल अपना काफिला रोककर घायलों से मिले और उन्हें अपने कारकेट की एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों को समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं।





**घायलों के इलाज कराने के निर्देश**

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने दुर्घटना ग्रस्त लोगों के घर तक सूचना पहुंचने के लिए कहा। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ट्रक के बिखरे समान को इकट्ठा करने व अधिकारियों को समुचित इलाज के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने पन्ना के पवई में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के साथ किया रोड शो

## 'खजुराहो में कांग्रेस पहले से ही मैदान छोड़कर भाग चुकी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रण के क्षेत्र में बिगुल बज चुका है। आमने-सामने हम सेना को ललकार रहे हैं। बुंदेलखंड की धरती पर भाजपा के कार्यकर्ताओं का दम देखकर, कांग्रेस पहले से ही मैदान छोड़कर भाग चुकी है। कांग्रेस के पते नहीं लग रहे है। पूरे देश में पूरब से पश्चिम तक, उत्तर से दक्षिण तक चारों तरफ मोदी... मोदी का नारा गूंज रहा है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को पन्ना के पवई में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के समर्थन में रोड शो और जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने सागर लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी लता वानखेड़े, भिंड लोकसभा से भाजपा प्रत्याशीसंध्या राय की नामांकन रैली के बाद जनसभाओं को भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि खजुराहो की जनता ने जो कहा वो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के माध्यम से पूरा किया जायेगा। 2013 से पहले मध्यप्रदेश में रेलवे के लिए केन्द्र सरकार डेढ़ सौ करोड़ देती थी।





**ये अभी ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज नरेन्द्र मोदी के माध्यम से 15 हजार करोड़ रुपए रेलवे के लिए मिल रहा है। ये अभी ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है। खजुराहो में 45 हजार करोड रुपए की केन बेतवा परियोजना के माध्यम से सिंचाई का लाभ बुंदेलखंड की धरती को मिला है। हर खेत में सिंचाई का पानी, हर घर में नल का जल और रोजगार के साधन मिलेंगे। पन्ना के अंदर मेडिकल कॉलेज बनेगा। किसी गरीब बीमार को अब बाहर जाने की जरूरत नहीं है। यहीं उसका इलाज होगा।

## राजधानी के हनुमान मंदिरों में तैयारियां शुरू

# चित्रा नक्षत्र और व्रज योग के संयोग में 23 को मनेगी हनुमान जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में हनुमान जयंती की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिरों में सुंदरकांड और अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। ब्रह्म शक्ति ज्योतिष संस्थान के पं. जगदीश शर्मा ज्योतिष आचार्य के अनुसार इस वर्ष हनुमान जयंती पर कई खास संयोग बनने वाले हैं। 23 अप्रैल को मंगलवार है और मंगलवार हनुमान जी की पूजा का दिन होता है। इसके साथ ही इस दिन चित्रा नक्षत्र और व्रज योग का भी संयोग बन रहा है।

### 1111 ध्वजों के साथ निकलेगी शोभायात्रा



जय मां भवानी हिंदू संगठन द्वारा हनुमान जयंती अवसर पर भव्य हिंदू एकता शोभायात्रा निकाली जाएगी। संगठन के अध्यक्ष ने आगे बताया कि 1111 ध्वजों के साथ मातृशक्ति, युवा तरुनाई ढोल ताशे के धुन पर भगवान श्री राम के उद्घोष लगाकर साथ चलेंगे। भगवान श्री राम की प्रतिमा के साथ-साथ हनुमान जी की 12 फीट ऊंची प्रतिमा भी शामिल रहेगी।

**बरखेड़ा कृष्णा मंदिर में होगा सुदंरकाड पाठ**

बरखेड़ा भेल कृष्णा मंदिर विजय मार्केट में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव पर धार्मिक कार्यक्रम के साथ भंडारें का आयोजन होगा।

**एक महोत्सव श्री हनुमान संग श्याम के नाम 24 को**

श्री हनुमंत चरण सेवा समिति के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 24 अप्रैल को श्री दुर्गा मंदिर शाहजहांनाबाद में एक महोत्सव श्री हनुमान संग श्याम के नाम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

**न्यू मार्केट में अखंड रामायण पाठ 22 से**

न्यू मार्केट खेड़ापति हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर एक दिन पहले अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा, जिसका समापन 23 अप्रैल को होगा।



## श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर हुआ 15 कन्याओं का विवाह

**भोपाल।** मीना युवा शक्ति सामाजिक सेवा समिति ने वार्ड 84 के ग्राम सोहागपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर 15 कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया। इस अवसर पर समिति ने नव दंपति को मंगलसूत्र, बिछिया, पायल आदि जेवरों के साथ गृहस्थी का सामान भी दिया गया। समिति के अध्यक्ष मनफूल मीना ने बताया कि सोहागपुर कोलार रोड में राष्ट्रीय कथावाचक पंडित अतुल कृष्ण महाराज के श्री मुख से 11 अप्रैल से चल रही श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर गुरुवार को 15 कन्याओं का विवाह समारोह आयोजित किया गया, जिसमें दुल्हे घोड़ी पर सवार होकर बंद बाजू के साथ मंडप तक भव्य बारात निकाली गई। समिति के सदस्यों ने पुष्प वर्षा कर बारातियों का स्वागत किया। कन्याओं को घर गृहस्ती का सामान देकर उनके पैर पूजन किया।

# शोभायात्रा निकली: मनमोहक झांकियों और महाराष्ट्र के अखाड़े ने दी प्रस्तुति, गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्रीराम सेवा समिति कोलार द्वारा रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर मनमोहक झांकियां एवं अनेक मंडलियों ने प्रस्तुति दी। जिसमें बाहुबली हनुमान एवं वानर सेना, सीता स्वयं वर ,रावण वध दशार्या गया। संगीत मंडली में मुख्य रूप से नागपुर के ढोल, मप्र का बारेलाल बैंड एवम महाराष्ट्र के प्रसिद्ध युद्ध कला(अखाड़े) ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में हुजूर विधायर रामेश्वर शर्मा शामिल हुए। समिति के सदस्य हनी विश्वकर्मा ने बताया कि बुधवार को श्रीराम नवमी के पावन पर्व पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य शोभा यात्रा का आयोजन सिग्नेचर रेजिडेंसी कोलार रोड पर शाम से किया गया। शोभायात्रा में भव्य महाआरती एवं आतिशबाजी का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर आनंदपूर्वक प्रभु श्रीराम के जय-जय लगाए।




### मधुबन म्यूजिक शाला में धूमधाम से मनाया गया श्रीराम जन्मोत्सव

**भोपाल।** श्री रामनवमी के उपलक्ष्य में मधुबन म्यूजिक शाला कोलार द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ के साथ श्रीराम प्रकटोत्सव पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। सभी सदस्य लाल रंग के पारंपरिक परिधानों में एकत्र हुए एवं राम भजन और राम धुन गाकर सभी ने एक दूसरे को रामजन्म की बधाई दी। म्यूजिक शाला के निर्देशक प्रशांत राखे ने बताया कि शाला के सभी सदस्य मिलकर भारतीय संस्कृति के सभी त्योहार पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाते हैं।

# रोटरी डिस्ट्रिक्ट के सदस्यों ने देवास टेकरी की माता के दर्शन किए

**भोपाल।** जिला गवर्नर रोटेरियन ऋतु ग्रोवर नेतृत्व में देवास टेकरी दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें इंदौर, भोपाल एवं देवास के विभिन्न रोटरी क्लबों के लोगों ने भाग लिया। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के पब्लिक इमेज चैरपेर्सन घनश्याम सिंह ने बताया कि दर्शन कार्यक्रम में जिला गवर्नर रोटेरियन ऋतु ग्रोवर, डीजीई अनीश मलिक, सिम्मी



मलिक, डीजीएन सुशील मल्होत्रा, रूबी मल्होत्रा, दिलीप मजूमदार, रेबा मजूमदार, किरण घुम्मन, रूबी सलूजा, मनोज चांडक, राजेश मोदी, हर्ष मित्तल, यति डावर, आशीष गुप्ता, सुधीर पंडित एवं अन्य रोटरी सदस्यों ने भाग लिया। इसके साथ ही सामाजिक उत्सव के माध्यम से, लोग एक-दूसरे के साथ जुड़े और अपनी सांस्कृतिक धरोहर को समझने का मौका प्राप्त हुआ। सबने संसद चुनाव में 100% की वोटिंग करवाने का वादा किया एवं गर्मी को देखते हुए पानी बचाने एवं पक्षियों के लिए सकोरे रखने का भी संकल्प लिया।

**विश्व विरासत दिवस...**




## भारत की अनमोल धरोहर भोजपुर शिवलिंग मंदिर: बीके डॉ. रीना दीदी

### भोजपुर पहुंचे ब्रह्माकुमारीज के भाई और बहन

**भोपाल।** विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर दुनिया की सबसे प्रसिद्ध विरासतों में से एक भोजपुर का भोलेनाथ शिव भगवान का मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने गुरुवार को ब्रह्माकुमारीज के भाई और बहन पहुंचे। बीके डॉ. रीना दीदी ने बताया कि भोपाल की पहचान भोलेनाथ शिव भगवान के भोजपुर मंदिर के नाम से है। यह भारत का अनमोल धरोहर है। भोजपुर मंदिर का निर्माण बेतवा नदी के किनारे किया गया है, संसार का विशेष इकलौता शिवलिंग है जो एक पत्थर से बना हुआ है। आज मौका आया है अपने विश्व की धरोहर को संवारने हेतु संकल्प लेने का। रीना दीदी ने दृढ़ संकल्प दिलाया कि हम अपनी संस्कृति की रक्षा करेंगे और विश्व धरोहर भोजपुर शिवमंदिर के प्रांगण स्वच्छ, साफ रखने के लिए सदा ही दृढ़ संकल्पित रहेंगे।

**चैत्र नवरात्रि पर्व का समापन.**



## दशमी तिथि पर श्रद्धालुओं ने ज्वारे विसर्जन कर कन्या भोज कराया

**भोपाल।** बरखेड़ी स्थित जय मां कालका दरबार में नवरात्रि के दशमी गुरुवार को ज्वारे विसर्जन कर कन्या भोज का आयोजन किया गया। दरबार में मां कालका का विशेष श्रृंगार कर हवन पूजन के बाद अखंड ज्योति एवं ज्वारे विसर्जन किया गया। इस अवसर पर 51 कन्याओं का पूजन कर शिक्षण सामग्री व उपहार दिया गया। इसी के साथ चैत्र नवरात्रि पर्व का समापन हो गया।

**धूप से बचाव ...**




## अमरनाथ यात्रियों को धूप से बचाने टेंट लगाकर बांटा शीतल जल

**भोपाल।** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा अमरनाथ यात्रा पंजीयन के इंतजार में बैंक के बाहर धूप में खड़े हुए यात्रियों के लिए न्यू मार्केट स्थित जम्मू-कश्मीर बैंक के बाहर धूप से बचाव हेतु टेंट लगाकर शीतल जल वितरित किया गया। मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन काफी तेजी से हो रहे हैं। पहलगाम से 10 तारीख एवं बालटाल के 6 तारीख तक के रजिस्ट्रेशन समाप्त हो चुके हैं।



## जैकेट का शेष

### कांग्रेस के लोगों को...

करते हुए उन्होंने कहा कि भोपाल लोकसभा सीट हर बार जीत के नए रिकॉर्ड बना रही है। इस बार भी भोपाल में गाड़ा गया खंब सबसे अलग दिखना चाहिए। भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि इन्हें जहां से चुनाव लड़ने का बोला, वे वहां पहुंच गए। विधानसभा चुनाव में उत्तर सीट से जिम्मेदारी दी तो वहां भी लड़े। जबकि यह सीट चुनौती वाली थी। वे चुनौती से डरे नहीं, बल्कि डटकर मुकाबला किया। डॉ. यादव भोपाल के साथ सागर, भिंड भी पहुंचे और भाजपा प्रत्याशियों की नामांकन रैलियों में शामिल होकर सभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने दावा किया पिछली बार पार्टी ने 29 में से 28 सीटें जीती थीं जबकि इस बार छिंदवाड़ा भी जीत रहे हैं।

### हम राम-कृष्ण ...

*के नेतृत्व में हमारे आराध्य भगवान श्रीराम अपने गर्भगृह में मुस्कुरा रहे हैं।*

### आलोक ने...

*सपनों को साकार करेंगे और विकास के संकल्प के साथ जनता की सेवा करेंगे। सभा को कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व महापौर सुनील सूद और पार्षद प्रियंका मिश्रा सहित कई नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।*

### सीधी, शहडोल, ...

नहीं की जाएगी। इसके लिए संबंधित अधिकारियों की टीम लगातार मतदान केंद्रों का भ्रमण करेगी और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध तुरंत एक्शन लेगी। पहले चरण के मतदान छह लोकसभा क्षेत्र के लिए 47 विधानसभा क्षेत्रों में होना है। इन लोकसभा में 13 जिले शामिल हैं। कुल 13588 मतदान केंद्रों में वोटिंग होगी। इसमें संवेदनशील मतदान केंद्र 2651 हैं। वहीं 221 बल्नरेबल क्षेत्रों को भी चिन्हित किया गया है। खास बात यह भी है कि इस बार एक एयर एंबुलेंस और हेलीकाप्टर की व्यवस्था भी की गई है। एयर एंबुलेंस मतदान समाप्ति तक जबलपुर में उपलब्ध रहेगी। वहीं एक हेलीकाप्टर मतदान होने तक बालाघाट में रहेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से लोकतन्त्र के महापर्व में अपनी सहभागिता करते हुए लोकसभा निर्वाचन-2024 के विभिन्न चरणों में मतदान जरूर करने का आह्वान किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि 19 अप्रैल को अपने मतदान केन्द्र पर पहुंचकर निर्भय होकर मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। राजन ने कहा है कि मतदान के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

**मतदान कर्मचारी की मौत, 15 लाख रूपए सहायता राशि के आदेश:** मतदान दलों के रवाना होने के दौरान गुरूवार को मंडला जिले के एक मतदान कर्मचारी मनीराम कावरे की हार्ट अटैक से मृत्यु हुई है। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया पर बचाया नहीं जा सका है। उनकी मृत्यु के बाद आयोग की ओर से तय 15 लाख की सहायता राशि देने के आदेश हो गए हैं और पत्नी को अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने के लिए निर्देशित किया गया है।

**771 मतदाता की 100 वर्ष से ज्यादा:** प्रथम चरण के लिए एक करोड़ 13 लाख 9 हजार 636 मतदाता हैं। इसमें 57 लाख 20 हजार 780 पुरुष और 55 लाख 88 हजार 669 महिला मतदाता व 187 थर्ड जेंडर मतदाता है। इसमें 3 लाख 44 हजार 244 मतदाता 18-19 वर्ष और 26 लाख 54 हजार 435 मतदाता 20 से 29 वर्ष आयु के हैं। वहीं 771 मतदाताओं की आयु 100 प्लस हैं।

### जबलपुर आ रहे...

में आग लगने का भ्रामक समाचार वायरल हुआ है।कलेक्टर के अनुसार वस्तुस्थिति यह है कि ट्रक क्रमांक यूपी 65 डीटी 3924 नगर निगम जबलपुर द्वारा पानी की बोतल लाने के लिये अनुबंधित किया गया है। रात्रि में पानी की बोतल उतारने के बाद ट्रक को साइड वाली सड़क पर ड्राइवर नरेश ने पार्क किया था। सुबह लगभग 9.30 बजे किसी तकनीकी ख़ामी की वजह से ट्रक में आग लग गई। मौक़े पर मौजूद फायर फाइटर ने तत्काल आग को बुझा दिया है। ट्रक में ईवीएम का परिवहन नहीं किया गया है। ईवीएम पूर्णतः सुरक्षित हैं।

### आज 16.63 करोड़...

अप्रैल शुक्रवार को 21 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के 102 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों (सामान्य- 73; एसटी-11; एससी-18) और 92 विधानसभा क्षेत्रों के लिए होगा। अरुणाचल और सिक्किम में राज्य विधानसभा चुनाव भी साथ हो रहे हैं। इसमें सभी चरणों के मुकाबले संसदीय क्षेत्रों की संख्या सबसे अधिक है। मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा और शाम 6 बजे खत्म होगा। पहले चरण के चुनाव में चुनाव आयोग के मुताबिक 18 लाख से अधिक मतदान अधिकारी 16.63 करोड़ से अधिक मतदाताओं का स्वागत करेंगे। इसके लिए 1.87 लाख मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुषः 8.23 करोड़ महिला और 11,371 थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं। 35.67 लाख पहली बार वोट देने वाले मतदाता वोट डालने वाले हैं। 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं।

### 41 हेलीकॉप्टर...

पर्यवेक्षकों की तैनाती के साथ ही 361 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। जिनमें 127 सामान्य पर्यवेक्षक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक, 167 फाइनेंसियल पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही 85 साल से अधिक उम्र के 14.14 लाख से अधिक वोटर पंजीकृत हैं और 13.89 लाख दिव्यांग वोटर हैं। 85 वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांग मतदाताओं और मतदान केंद्रों पर आने का निर्णय लेने वालों को पिक एंड ड्रॉप सुविधा दी गई है। पीडब्ल्यूडी मतदाता ईसीआई सक्षम एप के माध्यम से व्हीलचेयर ब्रेल सुविधाएं भी बुक कर सकते हैं। 102 संसदीय क्षेत्रों में स्थानीय थीम के साथ मॉडल मतदान केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। 5000 से अधिक मतदान केंद्रों का प्रबंधन पूरी तरह से सुरक्षा कर्मचारियों सहित महिलाओं द्वारा किया जाएगा और 1000 से अधिक मतदान केंद्रों का प्रबंधन विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) द्वारा किया जाएगा।

### 13 मई को 96...

जाएगा। इनमें आंध्र प्रदेश की 25, बिहार की पांच, झारखंड की चार, मध्य प्रदेश की आठ, महाराष्ट्र की 11, ओडिशा की चार, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, पश्चिम बंगाल की आठ और जम्मू-कश्मीर की एक सीट शामिल है। ज्ञात हो, 19 अप्रैल को लोकसभा की 102 सीटों पर मतदान होना है। इन सीटों पर चुनाव प्रचार का शोर थम चुका है। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, लोकसभा चुनाव सात चरण में होंगे।दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को 89, तीसरे चरण के तहत 7 मई को 94, चौथे चरण के तहत 13 मई को 96, पांचवें चरण के तहत 20 मई को 49, छठे चरण के तहत 25 मई को 57 और सातवें चरण के तहत 1 जून को लोकसभा की 57 सीटों पर मतदान होगा। नतीजों की घोषणा 4 जून को होगी।

### अब किराने की दुकान...

भारत में लागू कराने की तैयार की जा रही है। इस समिति इस दिशा में काम कर रही है। इस समिति को अब तक इस संबंध में कई सुझाव भी मिले हैं। हालांकि आधिकारिक तौर पर अभी कुछ नहीं कहा गया है। सरकार इस नीति को ग्राणीण इलाकों को ध्यान में रखते हुए लाने की तैयारी कर रही है। दरअसल ग्रामीण इलाकों में डॉक्टरों की कमी है। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में मेडिकल स्टोर भी कम उपलब्ध होते हैं। ऐसे में कई बार लोगों को जरूरी दवाएं भी नहीं मिल पाती है। इसी साल फरवरी में स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक अतुल गोयल की तरफ से एक्सपर्ट्स की एक कमेटी गठित की गई थी। इस समिति को भारत की ओटीसी ड्रग नीति तैयार करने का काम सौंपा गया था। समिति की ओर से एक ड्राफ्ट जमा भी कर दिया गया है। इसमें ऐसी दवाओं की लिस्ट भी सौंपी गई है जिन्हें ओवर द काउंटर बेचा जा सके। अभी तक भारत में इस तरह का कोई नियम नहीं है।

### बक्सा पहाड़ के दुर्गम...

में ईवीएम को नुकसान न हो, इसके लिए मतदान कर्मियों को 'वाटर प्रूफ बैग' उपलब्ध कराया है। उल्लेखनीय है कि इस 'वाटर प्रूफ बैग' का इस्तेमाल मुख्य रूप से चुनाव आयोग उत्तराखंड के दूरदराज के इलाकों में जाने के लिए करता है।

### गांव छोड़ा तो पिता चल...

की उचित सुविधा नहीं थी। इसलिए, हम साल 2004 में भोपाल आ गए और इसके अगले ही वर्ष पिता की हार्ट अटैक से मृत्यु ने हमारे परिवार को तोड़ कर रख दिया। तीन बहनें और एक छोटा भाई। सभी की जिम्मेदारी मां के ऊपर। ऐसे में मेरी बड़ी बहनों ने पढ़ाई के साथ साथ पार्ट टाइम जॉब करके मुझे पढ़ाया। रितु कहती हैं कि इन हालातों में मैंने भी ट्यूशन पढ़ाकर अपनी पढ़ाई का खर्चा उठाया।

### एक बहन आर्मी में...

में मेरे परिवार का अतुलनीय योगदान है, उनकी हिम्मत के बिना मैं इस मंजिल को नहीं पा सकती थी।

### पहले दो प्रयास मुझे...

*परिवार ने मुझे हताश नहीं होने दिया और मुझे आगे मेहनत करते रहने के लिए मोटिवेट किया। रितु ने कहा कि इस बीच कोविड के दौरान मैंने ऑनलाइन क्लासेस लीं और फिर मुझे सिलेबस भी समझ में आया ऐसे में मैंने मैंस रिटर्न के लिए खुद को तैयार कर लिया था, लेकिन प्रिलिम्स निकालना चुनौतिपूर्ण था, ऐसे में मेरा पूरा फोकस प्रिलिम्स पर था, और इस बार के एग्जाम में मेरा प्रिलिम्स निकल गया, मुझे पता था कि मैंस के लिए मैंने खुद को प्रिपेयर कर लिया है और मेरा मैंस भी निकला, फिर इंटरव्यू के लिए मैंने कई सीनियर्स के ऑनलाइन इंटरव्यू देखे और दिल्ली जाकर मॉक टेस्ट भी दिए और ईश्वर की कृपा रही कि मेरा इंटरव्यू भी निकला और आखिरकार मुझे वो मंजिल मिल ही गई जिसका इंतजार मुझे और मेरे परिवार को वर्षों से था।*

## पेज 1 का शेष

### भारत जीडीपी रैंकिंग ...

5.8 बिलियन के परिव्यय के साथ पीएलआई योजना की घोषणा की है। उन्होंने बताया 2022 में भारत सरकार ने ईवी निर्माताओं, घटक निर्माताओं और इलेक्ट्रिक बस निर्माण सहित उन्नत रसायन कोशिकाओं को प्रोत्साहित करने के लिए 5.8 बिलियन के परिव्यय के साथ एक पीएलआई योजना की घोषणा की।

### 2047 तक भारतीय ...

की उपलब्धता, श्रम की लागत और कुशल श्रम की उपलब्धता तथा अनुपालन की लागत सहित व्यवसाय करने की लागत को कम करना पहला और बुनियादी प्रमुख क्षेत्र है जिस पर सरकार का ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इससे विश्व स्तर पर एक अग्रणी निर्माता के रूप में भारत की प्रमुखता बढ़ेगी। स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को निरंतर सहायता देना भी महत्वपूर्ण है। कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए सुधार प्राथमिकता के आधार पर होने चाहिए क्योंकि इससे भारत को विकसित भारत बनने में मदद मिलेगी। अग्रवाल ने कहा कि इसके साथ ही विभिन्न सरकारी पदों पर भी भर्ती किये जाने की जरूरत है जिनमें न्यायपालिका, पुलिस, चिकित्सा और सैन्य तथा अर्ध-सैन्य बल एवं शिक्षा क्षेत्र आदि सहित राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर रिक्त पदों को भरना शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), इंटरनेट पहुंच बढ़ाने, विश्व स्तरीय लॉजिस्टिक तकनीकों को अपनाने सहित आधुनिक तकनीकों को अपना रहा है। वर्ष 2047 तक सरकारी एआई रेडीनेस इंडेक्स में भारत का स्थान शीर्ष 5 देशों में होगा जबकि निर्यात का आकार 10 लाख करोड़ डॉलर होगा और ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में शीर्ष पांच देशों में शामिल होगा।

### ईवीएम न हैक हो...

में एक अतिरिक्त वोट दिखने के आरोप झूठे हैं। शीर्ष अदालत उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें ईवीएम के माध्यम से डाले गए वोट का 'वोटर वेरिफियेबिल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) से पूरी तरह सत्यापन करने का अनुरोध किया गया था।

### सीजन में पहली बार...

में दिन का तामपान 40 डिग्री के करीब रहने से लगभग एक जैसी गर्मी महसूस की गई है। शुक्ला के अनुसार अभी पश्चिमी विक्षोभ ईरान और अफगानिस्तान के ऊपर एक सकुर्लेशन के रुप में सक्रिय है। लेकिन इसका असर प्रदेश में नहीं होगा। इस सप्ताह के अंत या 27 से 30 अप्रैल के आसपास गर्म हवाओं का असर बढ़ जाएगा। हालांकि, इस दौरान भी लू नहीं चलेगी।

### कमरे में बंधक बनाकर ...

हालत में पड़ोसी युवक पर पिछले एक माह से उसे घर में बंधक बनाकर जमकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार शहर के नानाखेड़ी क्षेत्र में 23 वर्षीय युवती ने पुलिस में शिकायत की है। उसने बताया कि पड़ोसी अयान खान द्वारा पिछले एक माह से बंधक बनाकर जमकर मारपीट की जा रही थी। आरोपी उसे अपने साथ जबरन शादी करने एवं जमीन-जायदाद अपने नाम करने का दबाव बनाता था। पीड़िता के परिवार में वह और उसकी मां है। पिछले एक माह से आरोपी अपने पीछे वाले कमरे में उसे बंधक बनाकर रोजाना लेजम से मारपीट करता था। गत सुबह आरोपी द्वारा बर्बरता की सारी हदें पार करते हुए उसके साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान उसकी आंखों, मुंह एवं शरीर के अन्य हिस्सों में फेवीक्विक डाल दी। इसके बाद युवती की हालत बिगड़ गई। इस दौरान वह किसी तरह युवक के चंगुल से भागकर अपनी मां के पास पहुंची। मां उसे पुलिस के पास लेकर पहुंची। यहां उसकी गंभीर हालत देखकर तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुना एसपी संजीव कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और युवती के बयान के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### नेस्ले कंपनी के बेबी ...

आई है। इस रिपोर्ट के आधार पर जांच की बात कही गई है, लेकिन इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। वहीं दूसरी ओर जो लोग प्रोसेस्ड फूड के नाम पर अपने नवजात को हेल्दी फूड खिला रहे हैं, उनके लिए यह चिंता की वजह हो सकता है। हालांकि, नेस्ले ने इस पर सफाई देते हुए कहा है कि वो भारत में सभी नियमों का पालन कर रही है।

### भारत के अलावा अफ्रीका और ...

चीनी और शहद का इस्तेमाल करता है। चीनी का इस्तेमाल करना अंतरराष्ट्रीय दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। जबकि यही उत्पाद ब्रिटेन, जर्मनी, स्विट्जरलैंड और अन्य विकसित देशों में बगैर चीनी के बेचे जा रहे हैं। इस तरह के मामले भारत के अलावा अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देशों में देखने को मिले हैं। हालांकि, नेस्ले ने इस पर सफाई देते हुए कहा है कि वो भारत में सभी नियमों का पालन कर रही है।

### भारत में बिकने वाले ...

*जैसे विकसित देशों में बेचे जाने वाले इन्हीं प्रोडक्ट्स में चीनी नहीं होती है। इससे पता चला है कि नेस्ले गरीब देशों में बेचे जाने वाले शिशु दूध में चीनी की अधिक मात्रा मिलाता है, लेकिन यूरोप या ब्रिटेन के अपने मुख्य बाजारों में नहीं।*

## महिला सवारी का पर्स चुराने वाला ओला कार ड्राइवर गिरफ्तार

**भोपाल।** हनुमानगंज पुलिस ने महिला का पर्स चुराने वाले ओला ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी से चुराया गया पर्स भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, डॉ. आरती वर्मा (30) गांधी वार्ड बस स्टैंड के पीछे देवेन्द्र नगर, पन्ना ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह बीडीए कॉलोनी ग्लोबल ग्रीन कॉलोनी, लालघाटी में रहती है। मंगलवार रात करीब 9 बजे वह अपने गांव देवेन्द्र नगर जाने के लिए ओला कार द्वारा लालघाटी से नादरा बस स्टैंड जाने के लिए निकली थीं। इस दौरान उन्होंने अपना साइड पर्स और सूटकेस कार में रख दिया। नादरा बस स्टैंड पर कार रुकी और वह उतर गई। उतरते ही ओला कार का ड्राइवर निकल गया। उन्होंने देखा तो साइड पर्स नहीं था। साइड पर्स में दो सोने की अंगूठी, कान की एक बाली, मोबाइल समेत दो हजार रुपए की नगदी और वोटर आईडी कार्ड था। पुलिस ने डॉक्टर आरती की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस कार के नंबर के आधार पर आरोपी ड्राइवर की तलाश कर रही थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त नंबर की कार सिंधी कॉलोनी मंदिर के पास खड़ी है। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए कार में ड्राइवर सीट पर बैठे युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम ऋषिराज चौधरी पिता श्यामलाल चौधरी (39) नवीन छावनी पठार, आदमपुर कोलुआ, विलखिरिया बताया। पूछताछ में उसने डॉक्टर आरती का पर्स चुराना स्वीकार लिया।

## गंदगी फैलाने वाले भोजनालय पर स्पॉट फाइन, हॉस्पिटल संचालक को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

■ साकेत नगर के बीडीए मार्केट के 5 दुकानदारों से वसूला जुर्माना

नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर कचरा, गंदगी फैलाकर निगम की साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों, कचरा आदि जलाकर प्रदूषण फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जोन 20 के अंतर्गत हलालपुर बस स्टैण्ड स्थित जय माता दी भोजनालय पर गंदगी पाए जाने पर 5 हजार रुपए व जोन 13 के अंतर्गत साकेत नगर स्थित बीडीए मार्केट में गंदगी पाए जाने पर 5 दुकानदारों पर कार्रवाई करते हुए 1 हजार 900 रुपए का स्पॉट फाइन किया गया। इसके अतिरिक्त जोन 1 के अंतर्गत संत हिरदाराम नगर स्थित राजदीप हॉस्पिटल संचालक को कचरा पृथक्कीकरण के लिए नोटिस जारी किया।

## शराब तस्कर से तीन सौ क्वार्टर शराब जब्त, प्रकरण किया दर्ज

**भोपाल।** जहांगीराबाद पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से तीन सौ क्वार्टर देशी शराब जब्त की है। आरोपी ड्राय डे में महंगी कीमतों पर शराब बेचता था। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर शराब तस्कर नसीम खान पिता अय्यूब खान (30) बापू कॉलोनी, चिकलोद रोड, जहांगीराबाद को गिरफ्तार कर उसके पास से देशी शराब जब्त की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की।

हरिभूमि क्लासीफाइड

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

संपर्क सूत्र : 9407279644



**आवश्यकता**

कोमोरी ऑफसेट ऑपरेटर - कोमोरी लिथ्रोन -426,प्रिंटिंग मशीन हेतु कर्मचारियों की अति शीघ्र आवश्यकता है। ऑपरेटर, फिडर मैन, कटिंग मैन, हेल्पर संपर्क - 7566100099- हिन्दुजा ऑफसेट, रायपुर(छत्तीसगढ़)

R- 14/04 to 13/05/24

सिक्योरिटी कंपनी को भारी मात्रा में अनुभवी गार्ड, लेडी गार्ड एवं सुपरवाइजर की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन दी जावेगी। तुरंत संपर्क करे। 9630490364, 9993771317

B- 04/04 to 03/05/24

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित करती हूं कि कि पूर्व में मेरा नाम FATEMA था। जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर FATEMA ALI हो गया है। अतः भविष्य में अब मुझे मेरे इसी नए नाम FATEMA ALI W/O HUSAIN ALI से ही जाना व पहचाना जाए। ADDRESS : Ward no. 26, Amar talkies, Chawni, Sehore, Post - Sehore, Dist. - Sehore (M.P.) - 466001

सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि कि पूर्व में मेरा नाम YUSUF था। जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर YUSUF ALI हो गया है। अतः भविष्य में अब मुझे मेरे इसी नए नाम YUSUF ALI S/O HUSAIN ALI से ही जाना व पहचाना जाए। ADDRESS : Ward no. 26, Amar talkies, Chawni, Sehore, Post - Sehore, Dist. - Sehore (M.P.) - 466001

**CHANGE OF NAME**

I TONGBRAM ASHALATA DEVI is Legally weded Spouse of Army No. 15712168X Rank -NK Name TONGBRAM TOMBA SINGH Resident at village Khaidem Post Nambol Tehsil Konthoujam Police Station Patsoi District Imphal State West Manipur Pin Code -795134 have changed my name from TONGBRAM ASHALATA DEVI to THIYAM ASHALATA DEVI vide affidavit No 436841 Dated 07/04/2024 before Bhopal MP Court

**CHANGE OF NAME**

I PANNA DEVI is Mother of Army No 15719140A Rank -NK Name SONU KUMAR Resident at village Patnari Kirtupuri Post Akhop Tehsil Belthara Road District Ballia State Uttar Pradesh Pin Code 221725 have changed my name from PANNA DEVI to PANAWATI DEVI vide affidavit No BK 370876 Dated 26/02/2024 before Bhopal MP Court

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 08116592844

R-28/03 to 12/05/24 not on 17/4

**Medical Help Line**

विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग गारंटेड इलाज

Timing 10:30 am to 8:00 pm

Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC

कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409

5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



कृत्रिंग अंग (पैर)

कैलिपर, एवं शारिरिक सहायक उपकरण बनायें जाते है।



संपर्क करें- मो.9826350154,6266402502

अजंता रिहैविलिटेशन सेंटर 5/4 संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर न्यू मार्केट के पास भोपाल (म.प्र.)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

हरिभूमि

रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।


**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।


## शब्द पहेली - 5486



**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल (उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

### शब्द पहेली - 5485 का हल



## सूडोकु नवताल - 5497

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5496 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

## खबर संक्षेप

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने लांच किया प्री-पेड कार्ड

**नई दिल्ली।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपने ईको-फ्रेंडली एनसीएमसी इनेबल्ड डेबिट और प्रि-पेड कार्ड लांच करने की घोषणा की। रूपे द्वारा पॉवर्ड ये इंटरऑपरेबल कार्ड लॉन्च करने के लिए बैंक ने नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के साथ साझेदारी की है। ये कार्ड भारत के वन नेशन, वन कार्ड के उद्देश्य की ओर बैंक की प्रतिबद्धता के अंतर्गत लांच किए गए हैं। बैंक ने अपने बचत खाते के ग्राहकों के लिए एनसीएमसी इनेबल्ड डेबिट कार्ड और वॉलेट के ग्राहकों के लिए एनसीएमसी इनेबल्ड प्रि-पेड कार्ड पेश किए हैं।



### सिफडैक ने लांच किया ब्लॉकचेन इकोसिस्टम

**मुंबई।** द इवॉल्यूशन ऑफ इनोवेटिव ब्लॉकचेन ईकोसिस्टम पावर्ड बाय एआई नए जमाने की एक फिनटेक कंपनी है, जो ब्लॉकचेन लेयर 1, नेटिव कॉइन, एक्सचेंज सेवाओं, एमपीसी वॉलट, डेफी, एनएफटी, गेमिंग समेत अन्य प्रॉडक्ट्स सहित अनेक समाधान प्रदान करती है। कंपनी ने भारत में अपने परिचालन के शुभारंभ की घोषणा की है।



### एचडीएफसी के चेयरमैन पद से दीपक का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस (के चेयरमैन और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पद से दीपक पारेख ने इस्तीफा दे दिया है। एचडीएफसी लाइफ और एचडीएफसी बैंक ने 4 अप्रैल 2022 को मर्जर की घोषणा की थी, जिसके बाद नियमों के मुताबिक बड़े अधिकारियों का पद छोड़ना तय था अतः 18 अप्रैल को कंपनी ने दीपक के इस्तीफे की जानकारी स्टॉक एक्सचेंजों को दी है।



### तनाएरा के समर ब्लूम कलेक्शन पेश

**बेंगलुरु।** टाटा के तनाएरा ने अपनी नई पेशकश कॉटन्स ऑफ इंडिया और समर ब्लूम्स कलेक्शन का अनावरण किया। जिसे खासतौर पर गर्मियों के इस सीजन को ध्यान में रखते हुए उपभोक्ताओं के लिए डिज़ाइन किया गया है। 2024 में ब्राण्ड ने कई उपलब्धियां हासिल कीं। तनाएरा भारत की टेक्सटाईल की परम्परा को बरक़रार रखने की अपने धरोहर को जारी रखे हुए है। महिलाएं 1299 रुपए की शुरूआती कीमत पर परिधान मौजूद है।

---

## भोपाल में रोजाना बिक रहा है 200 टन मक्का

# बिहार से भोपाल के लिए 2200 रु.क्विंटल के भाव डिलीवर हो रहा मक्का, मई-जून में यूपी से आएगा

**सप्लाई बढ़ने से मक्का हुआ सस्ता, 150 रुपए क्विंटल घटे भाव**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पोल्ट्री उद्योग और इथेनॉल उत्पादक इकाईयों बीच मक्के की मांग अच्छी। मध्यप्रदेश में उत्पादित मक्का की आवक नदारद होने के बाद मध्यप्रदेश में मक्के की मांग पूर्ति बिहार में उत्पादित मक्के से शुरू हो गई। व्यापारियों के अनुसार बिहार से 1 लाख बोरी मक्का रोजाना मध्यप्रदेश पहुंच रहा है। जो मई माह तक जारी रहेगी। इसके बाद 15 मई और 1 जून के बीच उत्तरप्रदेश में उत्पादित मक्के की आवक भोपाल सहित समूचे मध्यप्रदेश में होगी। अतः मध्यप्रदेश के बाद बिहार में मक्के की फसल बेहतर है और बिहार से भोपाल मक्का 2200 रुपए क्विंटल के भाव डिलेवर हो रहा है।



### मक्का उत्पादक क्षेत्रों में फसल बेहतर



मक्का व्यापारी **मनीष मरेले** के अनुसार शुरूआती अप्रैल माह में 2350 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका मक्का अब 150 रुपए प्रति क्विंटल नीचे आ गया है। स्थानीय बाजार में मक्का का थोक भाव 2200 रुपए क्विंटल है। चूंकि की इस साल मक्का उत्पादक क्षेत्रों में इसकी फसल बेहतर है अतः आने वाले समय में मक्का के भाव डाउन बने रहेंगे।

### समर्थन मूल्य से 110 रुपए ऊंचा मक्का

*मक्के पर वर्तमान में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी ) 2,090 रुपए प्रति क्विंटल है। अतः स्थानीय बाजारों में मक्का 110 रुपए ऊंचा 2200 रुपए क्विंटल के भाव बिक रहा है। बताया जा रहा है कि मक्के का सर्वाधिक उपयोग पोल्ट्री उद्योग में मुर्गी दाना के रूप में किए जाने के साथ ही इथेनॉल उत्पादन के अलावा कैटल फीड और स्टार्च निर्माताओं जैसे पारंपरिक उपभोक्ता क्षेत्रों में सर्वाधिक होती है। व्यापार सूत्रों ने कहा कि कीमतें चालू फसल वर्ष 2024.25 के लिए 2090 रुपए प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक चल रही हैं, क्योंकि पोल्ट्री क्षेत्र में सालाना लगभग 8 फीसदी की वृद्धि दर देखी जा रही है।*

---

# बर्तन, इलेक्ट्रिक पंखा और एयर कूलर सहित कई आइटम पर क्वालिटी कंट्रोल



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

किचन में इस्तेमाल होने वाले घटिया किस्म के बर्तन की बिक्री अब बंद होने जा रही है। सरकार ने स्टेनलेस स्टील व एल्युमीनियम के बर्तन पर क्वालिटी कंट्रोल के नियम की अधिसूचना जारी कर दी है और आगामी सितंबर माह से यह नियम लागू हो जाएगा। सरकार के इस फैसले से घटिया किस्म के बर्तन से सेहत पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव में कमी आएगी और घरेलू स्तर पर स्टेनलेस स्टील के बर्तन बनाने वाले छोटे उद्यमियों का कारोबार बढ़ेगा। किसी प्रकार का कोई क्वालिटी कंट्रोल नहीं होने से बड़े पैमाने पर स्टेनलेस स्टील के बर्तन चीन से आयात हो रहे थे।

घरेलू स्तर पर भी घटिया माल से बर्तन बनाने की शिकायत मिल रही थी। चीन से आने वाले घटिया किस्म के बर्तन काफी सस्ते होते हैं और घरेलू छोटे मैन्यूफैक्चरर्स उनसे प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाते हैं। इस वजह से स्टेनलेस स्टील के बर्तन बनाने वाले गुजरात के 30-35 प्रतिशत छोटे उद्यमियों ने अपना उत्पादन बंद कर दिया और इस बारे में इस साल जनवरी में वित्त मंत्रालय को ज्ञापन भी सौंपा गया था।

**घरेलू निर्माताओं को करानी होगी गुणवत्ता की जांच**

नियम के लागू होने के बाद चीन से आयात करने से पहले चीन स्थित निर्माता कंपनियों को भारतीय मानक ब्यूरो से क्वालिटी कंट्रोल का सर्टिफिकेट लेना होगा। घरेलू निर्माताओं को भी मानक ब्यूरो से गुणवत्ता की जांच करानी होगी।

---

## वीआईटी ग्रुप की वीआईटी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा

# देश भर के 125 शहरों और विदेश की 6 सिटी में आज से 30 अप्रैल तक एक्जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ वेल्लोर

वीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस- वीआईटी-वेल्लोर, वीआईटी-चेन्नई, वीआईटी-एपी (अमरावती) और वीआईटी-भोपाल में बी.टेक में प्रवेश के लिए वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) वीआईटीईईई द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा (वीआईटीईईई-2024) के कार्यक्रम 19 से 30 अप्रैल 2024 तक भारत के 125 शहरों और विदेश के छह शहरों दुबई, मस्कट, कतर, कुवैत, सिंगापुर और कुआलालंपुर में प्रॉक्टर्ड कंप्यूटर आधारित टेस्ट के रूप में निर्धारित हैं। इसमें भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के आवेदक भाग लेंगे। परिणाम अस्थायी रूप से 3 मई, 2024 को www.vit.ac.in पर उपलब्ध होंगे और उसी दिन ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू होगी।



### काउंसलिंग का रैंकवार शेड्यूल

बी.टेक में प्रवेश के लिए 1 लाख रैंक के भीतर के आवेदक काउंसलिंग में भाग लेने के पात्र हैं। वीआईटी के सभी परिसरों-वेल्लोर, चेन्नई, वीआईटी-एपी और वीआईटी-भोपाल के कार्यक्रम के विकल्प भरने के लिए काउंसलिंग का रैंकवार शेड्यूल इस प्रकार है- 7 और 8 मई, 2024 को रैंक 1-20,000 के लिए चरण एक, चरण दो 18 और 19 मई 2024 को 20,001 - 45,000 रैंक के लिए चरण तीन और 9 से 10 जून 2024 तक 29 और 30 मई 2024 को रैंक 45,001-70,000 के लिए, चरण चार में 9 और 10 जून, 2024 को रैंक 70,001-1,00,000 के लिए। एक लाख से ऊपर रैंक के आवेदक केवल वीआईटी-एपी और वीआईटी-भोपाल के लिए पात्र हैं। उनके लिए काउंसलिंग 20 और 21 जून, 2024 को आयोजित की जाएगी।

### 75 प्रतिशत ट्यूशन फीस की छूट

जीवी स्कूल डेवलपमेंट प्रोग्राम (जीवीएसडीपी) के तहत, वीआईटीईईई रैंक 1 से 10 वाले उम्मीदवारों को सभी चार वर्षों के लिए 100 प्रतिशत ट्यूशन फीस की छूट दी जाएगी। 11 से 50 तक को 75 प्रतिशत ट्यूशन फीस की छूट दी जाएगी; 51 से 100 रैंक वालों को 50 प्रतिशत ट्यूशन फीस की छूट मिलेगी और 101 से 500 रैंक वाले उम्मीदवारों को 25 प्रतिशत ट्यूशन फीस की छूट दी जाएगी। इसके अलावा, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश के सभी जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले जिला टॉपर्स (एक छात्र और एक छात्रा ) को स्टार्स (ग्रामीण छात्रों की उन्नति का समर्थन) योजना के तहत शत-प्रतिशत फीस माफी और हॉस्टल और मेस फीस में छूट दी जाएगी।

---

# डॉलर इंडस्ट्रीज ने शुरू की लोकतंत्र की भावना का सम्मान करने आकर्षक पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलकाता

भारत के कपड़ा उद्योग में एक अग्रणी नाम डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने लोकतंत्र की भावना का सम्मान करने के लिए एक आकर्षक पहल शुरू की। इस पहल का उद्देश्य सामूहिक प्रयासों को उजागर करना है इस चुनाव के निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने में लगे व्यक्तियों और संगठनों की, 'एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट इकाई' के रूप में, डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड लोकतंत्र और नागरिक भागीदारी के सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए समर्पित है । इस अवसर पर डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विनोद गुप्ता ने कहाकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म" पर इस अभियान प्रभावपूर्ण ढंग से चलाया जा रहा है । इसके सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए हमें सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।'' चुनाव आयोग अधिकारियों और मतदान कर्मियों से लेकर सुरक्षा कर्मियों और सफाई कर्मियों तक, प्रत्येक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉलर इंडस्ट्रीज इस भव्य उत्सव में प्रत्येक नागरिक को इसकी सफलता में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आमंत्रित करता है। इस अभियान की संकल्पना एवं कार्यान्वयन का नेतृत्व किया, मोहित पसरीचा ने रचनात्मक प्रतिभा का नेतृत्व किया।

# न्यूगो ने लांच की इलेक्ट्रिक एसी सीटर और स्लीपर बस

**नई दिल्ली।** न्यूगो ने भारत में पहली इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बस सर्विस लांच की है। इस लांच के साथ ही कंपनी लंबी दूरी की यात्रा में बड़ा बदलाव लाने के लिए तैयार है है। यह शून्य कार्बन के उत्सर्जन और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिहाज से सार्वजनिक परिवहन के ठोस साधनों की व्यवस्था करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ग्रीनसेल मोबिलटी के एमडी और सीईओ देवेंद्र चावला ने इस लॉन्च के बारे में कहाकि न्यूगो भारत की पहली लंबी दूरी की इलेक्ट्रिक एसी स्लीपर बस सेवा लांच कर अलग-अलग शहरों के बीच बसों से यात्रा करने में बड़ा बदलाव लेकर आया है।



---

## बिजनेस न्यूज

### रबींद्रनाथ टैगोर विवि में दो दिवसीय 'शोध शिखर 2024' तीन मई से

**भोपाल।** रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय व सहयोगी संस्थाओं द्वारा अंतर्राष्ट्रीय शोध और नवाचार सम्मेलन 'शोध शिखर 2024' का आयोजन 3 और 4 मई 2024 को विश्वविद्यालय परिसर में किया जा रहा है। यह शोध शिखर का तृतीय संस्करण है। इस वर्ष का विषय 'विकसित भारत-नया भारत' है। यह सम्मेलन सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल, लोकल टू ग्लोबल, नई शिक्षा नीति, डिजिटल इंडिया, एमएसएमई, क्लीन एनर्जी, मिशन वाटर, पॉल्यूशन कंट्रोल, स्मार्ट सिस्टम्स, डिफेंस सिस्टम, साइबर सिक्योरिटी, बिजनेस मॉडल जैसे राष्ट्रीय मिशनों में शोध के माध्यम से योगदान को प्रोत्साहित करेगा। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी शोध शिखर के अंतर्गत रिसर्च पेपर 'अनुशोधन' और रिसर्च प्रोजेक्ट 'नवनिर्माणी' प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनी कांत ने बताया कि विकासशील भारत से विकसित भारत बनाने की दिशा में यह सम्मेलन एक मील का पत्थर साबित होगा। वहां कुलसचिव डॉ. विजय सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय शोध शिखर के माध्यम से युवाओं को एक नया प्लेटफार्म उपलब्ध करा रहा है।

### अजीम प्रेमजी विवि में पोस्ट-ग्रेजुएशन डिप्लोमा' में प्रवेश शुरू

**भोपाल।** अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में डेवलपमेंट लीडरशिप कार्यक्रम में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के लिए दाख़िला शुरू कर दिया है। प्रवेश प्रक्रिया और उससे जुड़ी ज़रूरी तारीख़ें निम्नलिखित हैं। आवेदन की आख़िरी 15 मई 2024, लिखित असाइनमेंट्स और साक्षात्कार जून - जुलाई 2024, कक्षाओं की शुरुआत 6जनवरी 2025 से होगी। यह डिप्लोमा 11 महीने चलेगा। यह एक पार्ट-टाइम डिप्लोमा है। इस डिप्लोमा को कुछ इस तरह से तैयार किया गया है, जिससे इस डिप्लोमा को करने वाले पढ़ाई के साथ-साथ अपना काम और रोज़गार भी जारी रख सकते हैं। यह डिप्लोमा तीन सत्रों में पूरा होगा।

### भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के आईहब ने की साझेदारी

**जोधपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर में आईहब दृष्टि फाउंडेशन ने 16 अप्रैल 2024 को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र , नई दिल्ली के साथ भावी पीढ़ियों के लिए भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।



समझौता ज्ञापन पर प्रोफेसर शांतनु चौधुरी,अध्यक्ष, आईहब दृष्टि फाउंडेशन और निदेशक, भा.प्रौ.सं.जोधपुर, और प्रोफेसर रमेश सी गौड़, विभागाध्यक्ष ,कलानिधि, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली ने डॉ. सच्चिदानंद जोशी, सदस्य सचिव, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। आईहब दृष्टि फाउंडेशन, कंप्यूटर विजन, संवर्धित वास्तविकता और आभासी वास्तविकता पर केंद्रित एक प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र, सीपीएस प्रौद्योगिकियों के विकास को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

### एमबीए प्रोग्राम में प्रवेश के लिए आईआईएम ने तिथि बढ़ाई

**भोपाल।** प्रमुख प्रबंधन संस्थानों में से एक आईआईएम संबलपुर ने अपने दो-वर्षीय कार्यकारी एमबीए कार्यक्रम 2024-2026 की समय सीमा 30 अप्रैल 2024 तक बढ़ा दी है। इस प्रोग्राम को इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसकी सहायता से विद्यार्थी अपने कामकाज के क्षेत्र में नए और इनोवेटिव विचारों को आसानी से शामिल कर सकते हैं। साथ ही वे जटिल और मुश्किल कारोबारी समस्याओं को हल करने, लोगों को मैनेज करने के संबंध में गहरा विजन हासिल कर सकते हैं। इस तरह उन्हें संगठनात्मक दृष्टि से मजबूत और अग्रणी तौर पर काम करने में आसानी होती है। पाठ्यक्रम को कामकाजी पेशेवरों के लिहाज से ही तैयार किया गया है और यह स्नातक परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक और कम से कम 3 साल के पेशेवर अनुभव वाले लोगों को एक अनूठा अवसर प्रदान करता है।

### खिलौना निर्माता कंपनी फनस्कूल ने किया कारखानों का विस्तार

**चेन्नई।** खिलौना निर्माता कंपनी फनस्कूल इंडिया, तमिलनाडु के रानीपेट में अपनी सुविधाओं के महत्वपूर्ण विस्तार की घोषणा करते हुए गर्व अनुभव कर रही है। इस विस्तार में इसके मौजूदा परिसर में 163,000 वर्ग फुट का विस्तार शामिल है, जिससे कंपनी की विनिर्माण क्षमता प्रभावी रूप से दोगुनी हो जाएगी। फनस्कूल के पास गोवा में अपने पहले प्लांट में 162664 वर्ग फुट का विनिर्माण स्थान भी है।

### सोनाटा ने लांच किए नए कलेक्शन

**मुंबई।** सोनाटा के सब-ब्राण्ड पोज ने स्प्रिंग एवं समर 2024 के लिए अपने नए कलेक्शन का लांच किया है। इस सीजन पोज बाय सोनाटा लेकर आए हैं कलर्स और स्टाइल्स की आकर्षक रेंज, जो बसंत के सदाबहार मौसम और गर्मियों में डूबते सूरज की सुनहरी चमक से प्रेरित हैं। इन्हें आधुनिक रंगों जैसे सीरियस ब्लैक, चॉकलेट ब्राउन, मिलेनियल पिंक और बोल्ड मैटेलिक्स में प्लेटिंग और फॉर्म्स के साथ नए फैशन ट्रैंड्ज को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। सोनाटा का स्प्रिंग एवं समर कलेक्शन 695 से 1695 रुपए की कीमत पर उपलब्ध है।

### आतम वाल्व्स को 52.62 करोड़ रु. की आय

**मुंबई।** आतम वाल्व्स लिमिटेड इंडस्ट्रियल और प्लंबिंग वाल्व्स तथा फिटिंग्स की एक विख्यात निर्माताने वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 24 के अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कुल आय 17.27 करोड हुई, एबिटडा 4.01 करोड़ रुपए हुआ, एबिटडा मार्जिन 23.23फीसदी हुई, कर बाद लाभ 2.68 करोड हुआ,कर बाद लाभ मार्जिन 15.55 फीसदी हुई। कंपनी मैनेजिंग डायरेक्टर, अमित जैन ने कहाकि हम नए उद्योगों में प्रवेश कर और वैश्विक स्तर पर हमारी पैठ बढ़कर व्यूहात्मक रूप से हमारी बाजार उपस्थित बढ़ा रहे हैं।

---

## महंगाई ने कर दी आम लोगों की कटोरी की दाल पतली

# थोक में डेढ़ सौ से लेकर 160 रुपए तो फुटकर में 160 से 200 रु. किलो ग्राम

**अरहर की दाल में महंगाई का तड़का, ऊंचे दाम पर घटी ग्राहकी**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

आम लोगों की कटोरी में दाल पतली होती जा रही है। थोक में अरहर की दाल 150 से 160 रुपए तो फुटकर में इसकी कीमत 160 से 170 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है। शॉपिंग मॉल्स में अरहर दाल की कीमत 180 से 200 रुपए तक पहुंच गई है।

कारोबारियों का कहना है कि सरकार बाहरी देशों से अरहर दाल मंगा रही है। देश में विदेशी दाल पहुंचने से आम लोगों को राहत थोड़ी राहत मिली है। क्योंकि मध्यप्रदेश सहित देश के अन्य अरहर उत्पादक राज्यों में अरहर का उत्पादन कम हुआ। जिसके चलते देश में मांग आपूर्ति के हिसाब से तुअर दाल नहीं है अतः सरकार द्वारा अरहर दाल का आयात किए जाने का ही नतीजा है कि तुअर दा को जिस तेजी से बढ़ना चाहिए वह नहीं है और स्थानीय बाजारों में तुअर दाल 10 से 20 रुपए घट बढ़ के साथ कायम है। बाजार हनुमानगंज स्थित थोक व्यापारी और भोपाल थोक चावल-दाल व्यापारी संघ के अध्यक्ष ईश्वरदास संगतानी के अनुसार तुवर दाल के दाम में 200 से 300 रुपए क्विंटल ऊंचे दाम पर 15500 से 16200 रुपए क्विंटल के भाव बिक रही है। तो खुदरा किराना व्यापारी हरशेंद्र महाजन के अनुसार फुटकर में दाल वेरायटीनुसार 160 से 175 रुपए किलो के भाव विक्रय की जा रही है।

### मिश्रण वाली दाल की बिक्री बढ़ी



किराना व्यापारी लखन कुशवाहा के अनुसार तुअर दाल के बाजार में मिश्रण वाले दाल की बिक्री बढ़ी है। दुकानदार अरहर, चना, मसूर, मटर आदि के दाल को मिलाकर बेच रहे हैं। यह दाल 120 से 130 रुपए किलो बिक रही है। व्यापारी ने बताया कि जेब पर बोझ कम करने के लिए लोग मिश्रण वाली दाल खरीद रहे हैं। यह दाल सेहत के लिए भी अच्छी है। संगतानी के अनुसार दाल की आवक हर रोज दो से तीन गाड़ी है स्थानीय थोक जिंस बाजार हनुमानगंज, जुमेराती में तुवर दाल 15500 से 16200 रुपए क्विंटल, चना 7500 से 7800 रुपए, मसूर दाल 7400 से 7700 रुपए, उड़द दाल धुली 12200 से 13200 रुपए, उड़द छिलका 11300 से 13200 रुपए, मूंग छिलका 10100 से 11000 रुपए, मूंग धुली 11200 से 12000 रुपए क्विंटल बोली जा रही है। बाजार जानकारों के अनुसार टाइट सप्लाई से तुवर,चना बाजार में और तेजी की स्थिति बन सकती है।

### इन देशों से दाल का होता है आयात

सभी प्रकार के दालों की ब्रोकर फर्म दलाल रोहित जैन सुगंधीलाल के रोहित जैन के अनुसार हाल के महीनों में रूस और तुर्की से पीली मटर का आयात बढ़ रहा है। रोहित ने बताया कि भारत ने उत्पादन में कमी की भरपाई करने के लिए अरहर और चने का भी आयात किया है। दक्षिण एशियाई देश आमतौर पर कनाडा, म्यांमार, ऑस्ट्रेलिया, मोज़ाम्बिक और तंजानिया से दालें आयात करते हैं।

### इंपोर्ट टैक्स खत्म होने से दाल के आयात में बढ़ोतरी



**रोहित जैन** के अनुसार भारत को 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में 4.65 मिलियन टन दालों की कमी हुई, जो वित्त वर्ष 2018 के बाद से सबसे अधिक है। उन्होंने बताया कि दाल का आयात 93 फीसद बढ़कर 3.74 अरब डॉलर हो गया। हालांकि आधिकारिक आंकड़े सामने नहीं आए हैं, लेकिन शिपमेंट्स से पता चलता है कि करीब 45 लाख टन दाल का आयात लिया गया है जो पिछले साल 24.5 लाख टन का था।

### वर्ष 24 में दालों का आयात 6 साल के रिकॉर्ड हाई पर

सरकार और उद्योग के अधिकारियों ने बताया कि वित्त वर्ष 2024 में भारत का दाल आयात सालाना आधार पर 84 फीसदी बढ़कर 6 साल में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। दरअसल कम उत्पादन के कारण भारत सरकार ने लाल मसूर और पीली मटर के आयात को जून तक ड्यूटी फ्री कर दिया, जिसके चलते दाल आयात उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। पिछले दो-तीन वर्षों में देश में दलहन का उत्पादन घटा है, जिससे आयात लगातार बढ़ रहा है। भारत में सबसे बड़े आयातकों में एक दुनिया के सबसे बड़े दाल आयातक, उत्पादक और उपभोक्ता देश भारत द्वारा उच्च आयात से वैश्विक स्तर पर दाल की कीमतों को समर्थन मिल रहा है और कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और म्यांमार जैसे निर्यातक देशों में स्टॉक कम करने में मदद मिल रही है। सरकार की ओर से किसानों को प्रोत्साहन देने के कई उपायों बावजूद आयातित दालों पर भारत की निर्भरता बनी हुई है।


**केनरा बैंक Canara Bank** भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय-1 पर्यावास भवन, भोपाल

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**चल एवं अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना**

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित चल एवं अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **06.05.2024** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | बकाया राशि | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| **केनरा बैंक अरेरा कालोनी शाखा, फोन : (Ph. No 8989989119 ) e-mail id : cb1471@canarabank.com प्राधिकृत अधिकारी : Mob No.8989989119, Collection A/c for EMD : A/c No 209272434, IFSC Code: CNRB0001471** | | | |
| ऋणी : **मेसर्स पृथ्वी केबल्स** प्रोपराइटर- श्री अमित अग्रवाल | ₹ 1,92,92,557.46 +दिनांक 31.07.2022 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | (1) अचल संपत्ति का विवरण- लीज होल्ड संपत्ति स्थित प्लाट नं. 28, सेक्टर-डी, इण्डस्ट्रियल एरिया, बगरोदा भोपाल क्षेत्रफल-930 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं- पूर्व- प्लाट नं. 29, पश्चिम- प्लाट नं. 27, उत्तर- प्लाट नं. 41, दक्षिण- 24 मीटर चौड़ी रोड, | ₹ 88,47,000 / ₹ 8,84,700 / ₹ 10000/- |
| | | (2) चल संपत्ति का विवरण- मेसर्स पृथ्वी केबल्स के परिसर प्लाट नं. 28, सेक्टर-डी, इण्डस्ट्रियल एरिया, बगरोदा भोपाल में प्लांट एवं मशीनरी स्थापित की गई है। | ₹ 20,70,000/- / ₹ 2,07,000/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक कोलार रोड शाखा, भोपाल (Ph. No 8743917344) e-mail id : cb2626@canarabank.com प्राधिकृत अधिकारी मोबाइलः 8743917344 , Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC Code: CNRB0002626** | | | |
| ऋणी- **श्री जैनम बैग एण्ड फुटवेयर,** प्रोप हर्ष डोशी पुत्र श्री पंकज डोशी गारंटरः श्री विराज डोशी पुत्र श्री पंकज डोशी | दिनांक 09.09.2022 को ₹ 9,96,919.60/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | आवासीय फ्लैट संख्या-सी-3, तीसरी मंजिल, प्लाट संख्या 205-डी, डी सेक्टर, ''कृष्णा हाईट्स'' गांव नयापुरा, वार्ड नंबर 83, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र.) पिलिन्थ क्षेत्रफल- 600 वर्गफीट एवं कारपेट क्षेत्रफल- 540 वर्गफिट संपत्ति मालिक-श्री विराज डोशी पुत्र श्री पंकज डोशी चर्तुसीमाएंः पूर्वः अन्य संपत्ति, पश्चिमः- फ्लैट नंबर सी-2, उत्तर :- कालोनी रोड, दक्षिणः- कॉरिडोर | ₹ 18,00,000/- / ₹ 1,80,000/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक, रिटेल असेट हब शाखा, कोलार रोड, भोपाल e-mail id : cpubpl@canarabank.com EMD Deposit : A/c No 2073201003035 IFSC Code: CNRB0002073, प्राधिकृत अधिकारी : सम्पर्क : 8989989176** | | | |
| ऋणी- **श्री नितिन तेलंग** पुत्र श्री सुरेश तेलंग एवं सुश्री रचना तेलंग पुत्र श्री सुरेश तेलंग | दि. 03.04.2021 को ₹ 1766161/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | रिहायशी मकान नं. 8, रॉयल भगवान इस्टेट, एक्सटेंशन ग्राम- गेंहूखेड़ा भोपाल क्षेत्रफल-443.85 वर्गफिट संपत्ति मालिक- श्री नितिन तेलंग एवं सुश्री रचना तेलंग चर्तुसीमाएं-पूर्व-रोड, पश्चिम- अन्य की जमीन, उत्तर-मकान नं. 7, दक्षिण-अन्य की जमीन | ₹ 15,79,500/- / ₹ 1,57,950/- / ₹ 10000/- |

**धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 04-05-2024 या उससे पूर्व सायं 5.30 बजे तक**
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 06-05-2024, दोपहर 12.00 से दोपहर 1.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**

**E-Auction login Website: https://indianbankseauction.com**
नीलामी की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया केनरा बैंक की वेबसाइट **https://www.canarabank.com** में "E-Auction" की लिंक देखें अथवा उपरोक्त वर्णित संबंधित शाखाओं के प्रबंधक अथवा प्राधिकृत अधिकारी अथवा केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय -1, वसूली विभाग फोन : 7081160770, email id: recrobpl@canarabank.com से कार्यालयीन समय एवं कार्यालयीन दिवस में संपर्क करें।

स्थान : भोपाल दिनांक : **18-04-2024** प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

## चिंतन

# वैश्विक तनाव के दौर में सतर्क रहे भारत

पहले चरण के चुनाव और ईरान व इजराइल के बीच शुरू जंगी तनाव के बाद से भारतीय शेयर बाजार और सर्राफा बाजार ने उतार-चढ़ाव वाली प्रतिक्रिया दी है। शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई है तो सर्राफा बाजार में तेजी देखी जा रही है। पहले चरण में 19 अप्रैल को 102 लोकसभा सीटों पर मतदान होने जा रहा है। इसके लिए अंतिम दिनों में प्रचार अभियान के दौरान सियासी दलों का पारा बेशक गर्म रहा, लेकिन भारतीय शेयर बाजार में उतार जारी रही है। भारतीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। सेंसेक्स 455 अंक और निफ्टी 152 अंक गिर गया। लोकसभा चुनाव, ईरान व इजराइल के बीच युद्ध जैसा तनाव, नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद कम होने और घरेलू बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार पूंजी निकासी के चलते शेयर बाजार में बिकवाली जारी है। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी ब्याज दर में कटौती की उम्मीद कम होने से भी कारोबारी धारणा निगेटिव रूप से प्रभावित हो रही है। अमेरिकी शेयर बाजार में भी गिरावट का चक्र चल रहा है। सेंसेक्स में चार दिन से जारी तेज गिरावट के कारण निवेशकों की संपत्ति 9.30 लाख करोड़ रुपये कम हो गई। चार दिन में सेंसेक्स 2,549.16 अंक या 3.39 प्रतिशत टूट चुका है। बीएसई मानक सूचकांक के 10 अप्रैल को 75,000 के ऐतिहासिक आंकड़े के पार बंद होने के बाद 12 अप्रैल से बाजार में गिरावट जारी है। इसके उलट सोने का भाव एतिहासिक रूप से बढ़ रहे हैं। ईरान व इजराइल के बीच जंगी तनाव शुरू होने के बाद से सोने भाव 11 हजार रुपए प्रति दस ग्राम तक बढ़ चुके हैं, यहा दिखाता है कि निवेशकों में कितनी घबराहट है। दरअसल, जब वैश्विक स्तर पर किसी संकट के गहराने की आशंका प्रबल होती है तो निवेशकों का रुख बदलने लगता है, वह शेयर बाजार से विमुख होकर सोने में निवेश शुरू कर देता है। यही कारण है कि शेयर बाजार में गिरावट दर्ज होने लगती है और सर्राफा बाजार में तेजी आने लगती है। इस समय वैश्विक स्तर पर भूराजनीतिक तनाव अपने चरम पर है। रूस व यूक्रेन जंग तीसरे वर्ष में जारी है, हमास व इजराइल के बीच जंग चल ही रही है, ईरान ने ड्रोन व मिसाइल से हमले कर इजराइल के खिलाफ नया मार्चा खोल दिया है, अब इजराइल बदले की ताक में है। वैश्विक रक्षा व कूटनीतिक विशेषज्ञ इस स्थिति को विस्फोटक मान रहे हैं, वे आशंका जता रहे हैं कि कहीं यह तीसरे विश्व युद्ध का रूप न ले ले। इसके पीछे सोच यह है कि इन युद्धों के चलते दुनिया दो ध्रुवों में विभाजित होती जा रही है, धीरे-धीरे युद्ध में प्रत्यक्ष वा अप्रत्यक्ष देशों की संख्या बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र जिस तरह कमजोर संस्था बन रह गई है, और वह वैश्विक संघर्ष को कम करने में विफल साबित हो रही है, उससे तीसरे विश्व युद्ध जैसे हालात उत्पन्न होने की आशंका प्रबल होती जा रही है। जो अमेरिका वैश्विक शांति व सुरक्षा में बढ़चढ़ कर भूमिका निभाता रहा है, इजराइल प्रेम व ईरानी दुश्मनी के चलते खुद ही संघर्ष में लिप्त होता जा रहा है। भारत बेशक तटस्थ है, लेकिन वैश्विक स्थिति का उस पर भी प्रभाव अवश्य पड़ेगा। वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था के चलते सबसे अधिक प्रभाव अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। भारतीय शेयर बाजार ने रिएक्ट करना शुरू कर दिया है। चूंकि भारत विकास पथ पर है, उसके विकसित अर्थव्यवस्था बनने के संकल्प हैं, इसलिए भारत को अत्यधिक सतर्क रहना होगा।

# मध्य पूर्व में अमन कायम हो



**इजराइल-ईरान तनाव**
प्रभात कुमार रॉय

ईरान द्वारा इजराइल पर सैन्य धावा अंजाम देने के पश्चात क्या इजराइल और ईरान के बीच पैदा हुआ जबरदस्त सैन्य तनाव किसी बड़े विकराल युद्ध में परिवर्तित हो सकता है और समस्त मध्य पूर्व को अपनी चपेट में ले सकता है? फिलिस्तीन की गाजा पट्टी से सात अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीन तंजीम हमास द्वारा इजराइल पर किए गए आकस्मिक आक्रमण से प्रारंभ हुए संघर्ष के वर्तमान दौर में ईरान द्वारा फिलिस्तीन के हमास, यमन के हूतियों, लेबनान के हिज्बुल्लाह, इराक के शिया मिलिशिया और सीरिया सरकार को फिलिस्तीनियों की मदद करने के लिए दौलत और हथियार फराहम कराए जाते रहे हैं।

यक्ष प्रश्न है कि ईरान द्वारा इजराइल पर सैन्य धावा अंजाम देने के पश्चात क्या इजराइल और ईरान के बीच पैदा हुआ जबरदस्त सैन्य तनाव किसी बड़े विकराल युद्ध में परिवर्तित हो सकता है और समस्त मध्य पूर्व को अपनी चपेट में ले सकता है? फिलिस्तीन की गाजा पट्टी से सात अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीन तंजीम हमास द्वारा इजराइल पर किए गए आकस्मिक आक्रमण से प्रारंभ हुए संघर्ष के वर्तमान दौर में ईरान द्वारा फिलिस्तीन के हमास, यमन के हूतियों, लेबनान के हिज्बुल्लाह, इराक के शिया मिलिशिया और सीरिया सरकार को जबरदस्त तौर पर फिलिस्तीनियों की मदद करने के लिए बेशुमार दौलत और हथियार फराहम कराए जाते रहे हैं। इजराइल और हमास के मध्य जारी संघर्ष के इस दौर में इजराइल द्वारा सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर घातक आक्रमण किया, जिसमें कि ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स के दो जनरल तथा अनेक सैन्य अधिकारियों सहित 13 ईरानी हलाक हो गए थे। इन सैन्य अधिकारियों में ईरान की कुद्स फोर्स के ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद रेजा जाहेदी भी शामिल थे। कुद्स फोर्स ईरान के इलीट सैन्य फोर्स रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स का ईरान से बाहर सैन्य कार्यवाही अंजाम देने वाला सैन्य दस्ता है।

हालांकि इजराइल ने अभी तक कदाचित यह नहीं कबूल किया है कि उसने ही दमिश्क में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर घातक हमला किया था। इस आक्रमण के प्रतिशोध में ईरान ने इजराइल पर 300 से अधिक ड्रोन विमानों तथा ब्लास्टिक और क्रूज मिसाइलों से सीधा धावा बोल दिया। ईरान द्वारा अंजाम दिए गए आक्रमण में इजराइल को बहुत कम नुकसान उठाना पड़ा, क्योंकि इजराइल ने दावा किया है कि ईरान द्वारा दागी गई 90 प्रतिशत ब्लास्टिक और क्रूज मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया गया। हालांकि इस जवाबी हमले में ईरान ने अपनी सैन्य क्षमता का बहुत कम प्रयोग किया, क्योंकि ईरान केवल सांकेतिक तौर पर इजराइल को यह पैगाम देना चाहता था कि वह इजराइल के विरुद्ध सीधा सैन्य आक्रमण अंजाम दे सकता है। ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स वस्तुतः सीरिया के माध्यम से ही हिज़बुल्लाह तंजीम के लिए हथियार और सैन्य साज़ो सामान भेजा करते हैं। इनमें मिसाइलें और रॉकेट आदि शामिल रहे हैं। इजराइल इन हथियारों की आपूर्ति को रोकने की सदैव कोशिश में रहा है। साथ ही वह सीरिया में ईरान की सैन्य ताक़त को मज़बूत होता भी नहीं देखना चाहता। यदि हम अतीत पर एक विहंगम दृष्टि डालें तो फिर यह ज्ञात होता है कि वर्ष 1979 तक ईरान और इजराइल एक दूसरे के जबरदस्त सहयोगी देश बने रहे थे, किंतु 1979 में ईरान में इस्लामी क्रांति संपन्न हो जाने के पश्चात एक दूसरे के दुश्मन देश बन गए हैं। ईरान द्वारा अंजाम दिए गए इस आक्रमण से पहले भी दोनों ही देश एक दूसरे पर अप्रत्यक्ष तौर पर आक्रमण करते रहे हैं, लेकिन इन आक्रमणों में प्रायः एक दूसरे के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया जाता रहा था, दोनों देशों ने कभी इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली। अभी तक ईरान ने इजराइल के अस्तित्व को बाकायदा कूटनीतिक तौर पर स्वीकार नहीं किया है।




ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई फरमाते हैं इजराइल एक कैंसर का ट्यूमर है और उसे पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा। इजराइल हुकूमत बयान करती कि ईरान उसके अस्तित्व के लिए बहुत गंभीर खतरा बना हुआ है। इजराइल हुकूमत इल्जाम आयद करती है कि ईरान फिलिस्तीनियों को हथियारबंद करता रहता है, लेबनान को फंडिंग करता है और हथियार फराहम कराता है। इजराइल का इल्जाम है कि ईरान गुप्त तौर पर परमाणु हथियार निर्मित कर रहा है, जबकि ईरान न्यूक्लियर बम बनाने से एकदम स्पष्ट इनकार करता है। मध्य-पूर्व में अमेरिका और इजराइल के हितों को चुनौती देने के लिए ईरान ने सहयोगियों का एक शक्तिशाली नेटवर्क निर्मित कर लिया है। ईरान किसी न किसी स्तर पर इन सहयोगियों का मदद करता रहता है। हकीकत बयान करती है कि इजराइल के पास परमाणु हथियार विद्यमान हैं, लेकिन आधिकारिक तौर पर इजराइल इसे स्वीकार नहीं करता है और ईरान परमाणु बम निर्मित कर पाने की क्षमता से कुछ कदम ही दूर है। इजराइल हमेशा ही ईरान के साथ किसी भी तरह के समझौते का विरोधी रहा है। सीरिया वस्तुत ईरान का सबसे बड़ा सहयोगी देश रहा है। रूस की मदद से ईरान ने सीरिया में बशर अल-असद की सरकार की निरंतर इमदाद और हिमायत की है। एक दशक से चल रहे गृह युद्ध के बावजूद बशर अल-असद रूस और ईरान की सक्रिय इमदाद से सीरिया के राष्ट्रपति पद पर आसीन हैं। यूक्रेन युद्ध के दौर में ईरान द्वारा रूस को भारी संख्या में ड्रोन विमान प्रदान किए जा रहे हैं। विश्व राजनीति के पटल पर एक दफा पुनः परस्पर विरोधी दो शक्तिशाली सैन्य गुटों का उदय हो चुका है और दुनिया के दरवाजे पर एक और कोल्ड वॉर बाकायदा दस्तक दे चुकी है। एक तरफ अमेरिका की कयादत में नॉटो सैन्य संधि के राष्ट्र हैं तो दूसरी तरफ चीन, रूस, ईरान, नार्थ कोरिया, सीरिया, लेबनान, यमन, क्यूबा आदि राष्ट्र एकजुट हैं। इजराइल को ईरान के विरुद्ध सीधी सैन्य कार्यवाही अंजाम देने से अमेरिका द्वारा फिलहाल रोक दिया गया है। अमेरिका को प्रबल आशंका है कि इजराइल द्वारा ईरान के विरुद्ध जवाबी सैन्य कार्यवाही से युद्ध का विकट विस्तार हो सकता है। विश्व पटल पर ईरान अब अकेला और अलग थलग देश नहीं रह गया है, वरन रूस और चीन सरीखी प्रबल सैन्य शक्तियों का समर्थन ईरान के साथ सन्नद हो चुका है। चीन द्वारा सऊदी अरब और ईरान के मध्य कूटनीतिक मित्रता स्थापित करने का समुचित प्रयास किया जा रहा है। यूक्रेन युद्ध में दो वर्षों से निरंतर उलझा हुआ अमेरिका कदाचित नहीं चाहता है कि उसके लिए जंग का एक नया मोर्चा अभी और खुल जाए, इजराइल वस्तुतः अमेरिका के समर्थन और सैन्य सहयोग के अभाव में ईरान से कदापि सीधे युद्ध करने की हिम्मत कदाचित नहीं जुटा सकता है। दरअसल जब तक फिलिस्तिनियों को खुदमुख्तार और आजाद राष्ट्र नहीं हासिल हो जाएगा तब तक मध्यपूर्व में शांति स्थापित नहीं हो सकेगी। पश्चिम के नॉटो राष्ट्रों ने फिलीस्तिनियों के साथ घनघोर अन्याय किया है। अमेरिका की कयादत में नॉटो राष्ट्रों द्वारा इजराइल का अन्ध समर्थन किया जाता रहा है और फिलिस्तिनियों के वाजिब हक की उपेक्षा की जाती रही है। वर्ष 1948 में संयुक्त राष्ट द्वारा नवनिर्मित राष्ट्र इजराइल को 55 फीसदी और फिलिस्तिनियों को 45 फीसदी जमीन पर हक प्रदान किया गया। जबकि आजकल फिलिस्तिनियों पास केवल 15 फीसदी जमीन रह गई है। विगत अक्तूबर से गाजा में इजराइल द्वारा जो जुल्म बच्चों और महिलाओं को कत्ल औ गारद अंजाम देकर ढाया जा रहा है। मानवाधिकारों का ढोल पीटने वाले पश्चिमी देश एकदम खामोश बने हुए है। फिलिस्तीन समस्या के समुचित और न्यायपूर्ण निदान के बिना मध्यपूर्व में शांति और अमन की स्थापना नहीं की जा सकेगी और विनाशकारी युद्ध की आशंकाएं निरंतर कायम बनी रहेंगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## आम चुनाव
विवेक शुक्ला



# पूर्वोत्तर भाजपा के लिए क्यों अहम

पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में 19, 26 अप्रैल और फिर 9 मई को लोकसभा की 25 सीटों के लिए मतदान होना है। भाजपा की चाहत है कि वह अपने सहयोगियों के साथ पूर्वोत्तर के राज्यों में इस बार क्लीन स्वीप करे। 2019 के लोकसभा चुनाव में अलग-अलग लड़ने के बावजूद भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों को 25 में से 19 सीटों पर जीत मिली थी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा की तरफ से पूर्वोत्तर में कैंपेन की कमान संभाली हुई है। उन्होंने बीते सोमवार को एक चुनावी सभा में कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकता शांति स्थापित करना और मणिपुर में सभी समुदायों के बीच एकता सुनिश्चित करना है। इस बार का चुनाव मणिपुर को एकजुट करने और राज्य के विभाजन का विरोध करने के लिए है। गृहमंत्री ने सभा में कहा है कि हम किसी भी कीमत पर मणिपुर को विभाजित नहीं होने देंगे। पीएम मोदी हमेशा कहते रहे हैं कि देश की किस्मत तब बदलेगी, जब पूर्वोत्तर और मणिपुर की किस्मत बदलेगी। मोदी न केवल क्षेत्र और देश का विकास कर रहे हैं, बल्कि मणिपुर और भारत की भी रक्षा कर रहे हैं। पूर्वोत्तर भारत में लोकसभा की 25 सीटें आठ राज्यों में फैली हुई हैं। इनमें, अकेले असम में 14 सीटें हैं। मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और त्रिपुरा में दो-दो सीटें हैं, जबकि नगालैंड, सिक्किम और मिजोरम में एक-एक सीट है। वहीं, विपक्षी दलों ने भी भाजपा के विजयरथ को रोकने के लिए साथ आने का फैसला किया है। इस बार के चुनाव में सबकी नजर नॉर्थ ईस्ट पर हैं। इस बीच, एक खबरिया चैनल के मुताबिक, 14 लोकसभा सीट वाले असम में सत्तारूढ़ भाजपा 11 से 13 सीट जीत सकती है, जबकि कांग्रेस के 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है। वहीं, बदरुद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) की भी 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है. वहीं, नॉर्थ ईस्ट के अन्य राज्यों की 11 सीट में भाजपा 4 से 6 सीट जीत सकती है। सर्वे के अनुसार कांग्रेस को नॉर्थ ईस्ट में 0 से 2 सीट मिल सकती हैं, जबकि अन्य के खाते में 4 से 6 सीट जा सकती हैं। इस बीच, पूर्वोत्तर मामलों के जानकार भी कहते हैं कि केंद्र सरकार ने देश के पूर्वोत्तर राज्यों के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए दिल खोलकर मदद की है। इसका भाजपा को लाभ मिलेगा। पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) को केन्द्रीय बजट 2022-23 में 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्त पोषण के साथ एक नई केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में घोषित किया गया था और 12 अक्टूबर, 2022 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2022-23 से 2025-26 तक 4 साल की अवधि (15वें वित्त आयोग की अवधि के शेष वर्ष) के लिए 6,600 करोड़ के कुल परिव्यय के साथ अनुमोदित किया था। पीएम डिवाइन योजना के लिए विस्तृत दिशा निर्देश 21 अगस्त 2023 को जारी किए गए थे। उधर, राजधानी में रहने वाले पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिक अपने राज्य के चुनावी माहौल पर नजरें टिकाए हुए हैं। पेशे से सिविल इंजीनियर जेम्स मणिपुर कहते हैं, अब दिल्ली-एनसीआर अपना लगता है। हम यहां ही 25 मई को अपना वोट देंगे। इधर हमारे साथ नस्लीय हिंसा और भेदभाव की घटनाएं गुजरे दौर की बातें हो चुकी हैं। जेम्स की टिप्पणी से भरोसा जागता है, पर अरुणाचल प्रदेश के नौजवान निडो तानिया के साथ जो हुआ था वह भी तो भुलाया नहीं जाता। उनकी 2014 में लाजपत नगर में नस्लीय टिप्पणी का विरोध करने पर हत्या कर दी गई थी। उस भयावह घटना की गूंज दूर तक गई थी। दिल्ली शर्मसार भी हुई थी। टी. वांगमू नोरबू दार्जिलिंग से हैं। कहती हैं, दिल्ली पुलिस ने नार्थ ईस्ट, दार्जिलिंग और लद्दाख के नागरिकों के मसलों को देखने के लिए एक अलग से यूनिट बनाकर ठोस पहल की थी। बेशक, इसके गठन के बाद हमारी एक पुरानी मांग पूरी हुई थी। पर्वतारोही वांगमू नोरबू को अब रात को किसी पार्टी से अपने वसंत कुंज वाले घर वापस आते हुए डर नहीं लगता। वजह दिल्ली पुलिस का उनको लेकर अधिक सेंसटिव होना है। इसके कामकाज को खुद गृह मंत्री अमित शाह देखते हैं। 2014 में जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में एनडीए की सरकार बनी तब तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्वोत्तर परिषद के सदस्य एमपी बेजबरुआ की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। समिति का एक सुझाव यह भी था कि दिल्ली पुलिस में एक डेडिकेटिड यूनिट पूर्वोत्तर के नागरिकों के मसलों को सुलझाने के लिए बने। सरकार ने इस सिफारिश को माना। जाहिर है, तब से दिल्ली पुलिस का समावेशी चेहरा भी सामने आया। वर्ना पहले तो दिल्ली पुलिस का मतलब दिल्ली देहात और हरियाणा ही होता था। बहरहाल, भाजपा को अगर 370 सीटों को जीतने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है, तो उसे पूर्वोत्तर राज्यों में पहले से बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज



संकलित
**प्रेरणा**

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है। जब हम अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करते हैं तो अंतरात्मा से हमारा संपर्क कमजोर हो जाता है।

## मृत्यु अटल, जो समझते हैं, वे प्रसन्न रहेंगे



संकलित
**दर्शन**

एक प्रवचन के बाद एक व्यक्ति तुकाराम के पास आया और बोला कि आप इतने आनंद में और शांत कैसे रहते हैं? तुकाराम जी ने उस व्यक्ति की बातें ध्यान से सुनीं और अचानक बोले कि भाई सात दिनों के बाद तुम्हारी मृत्यु होने वाली है। ये बात सुनते ही तुरंत ही उस व्यक्ति की हालत खराब हो गई। क्योंकि वह मानता था कि तुकाराम जी बहुत सिद्ध संत हैं, इनकी बात गलत नहीं हो सकती है। उसने तय किया कि जीवन के सात दिन बचे हैं तो अब आनंद के साथ ही जीना चाहिए। उस व्यक्ति ने अपनी जीवन शैली ही बदल दी। सभी के साथ प्रेम से रहने लगा। उसने जो गलतियां की थीं, उनमें सुधार किया। जिन लोगों को उसकी वजह से नुकसान हुआ था, उनसे क्षमा मांगी। हर पर प्रसन्न रहने लगा। इसी तरह सातवां दिन आ गया। उनसे सोचा कि अंतिम दिन अपने गुरु से भी मिल लेना चाहिए। वह तुरंत ही तुकाराम जी के पास पहुंच गया। उसने कहा कि जैसा आपने कहा था कि मेरी सात दिन बात मृत्यु होगी। आज सातवां दिन है। अंतिम दिन मैं आपसे मिलने आया हूं। तुकाराम जी ने उसकी बात सुनी और कहा कि जुग-जुग जियो। ये बात सुनकर उस व्यक्ति ने कहा कि गुरु जी मैं अगले दिन तो मैं मर जाऊंगा तो आप ऐसा आशीर्वाद क्यों दे रहे हैं? तुकाराम जी ने कहा कि मैंने तो तुम्हें तुम्हारे ही सवाल का जवाब दिया था, तुमने मेरे प्रसन्न रहने का रहस्य पूछा था।

## सटाका




## आज की पाती

### कुप्रथा का अंत कैसे होगा

दहेज का मतलब होता है बेटी को शादी के समय अपनी खुशी से कोई उपहार देना। भारत में यह प्रथा प्राचीन काल से चली आ रही है। लेकिन आधुनिक और भौतिकवाद के समय में आज कुछ लालची लोगों ने इसे कुप्रथा बना दिया है। हमारे देश में दहेज कुप्रथा अभी भी पैर पसारे हुए है। हमारे राज्य में भी इस कुप्रथा का चलन कोई कम नहीं है। यहां भी दहेज लेने-देने की रूढ़िवादी परंपरा गरीबों के लिए अभिशाप बनी हुई है। दहेज के बहुत से रूप हैं, सोना, चांदी, गाड़ी, इलेक्ट्रॉनिक सामान, और भी न जाने क्या कुछ। शादी के समय वधू पक्ष की तरफ से वर पक्ष के रिश्तेदारों को कपड़े, कंबल आदि सामान देने की रूढ़िवादी रीत चली हुई है। वर पक्ष जब वधू पक्ष के घर पर बारात लेकर पहुंचते हैं तब मिलनी कराने के नाम पर भी दहेज दी जाती है। *- ज्योति पाठक, रायगढ़*


## ट्रेंड

### रिफॉर्म, परफॉर्म पर जोर



भारत का पूरा जोर रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म पर है। विकास के प्रति हमारा दृष्टिकोण भविष्यवादी है और इसका उद्देश्य एक बेहतर और अधिक टिकाऊ ग्रह का निर्माण करना भी है। हम इसके लिए पूरी शिद्दत से प्रयास में जुटे हैं।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### प्रसन्नता विचार सापेक्ष



जब मनुष्य के पास सद्विचारों का प्रकाश आता है, तो उसे शाश्वत आह्लाद की संप्राप्ति होती है।आनंद का अर्थ है, प्रसन्नता, शांति, स्फूर्ति, उमंग और उल्लास का आना। प्रसन्नता वस्तु और पदार्थ सापेक्ष नहीं अपितु विचार सापेक्ष है।
**-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### क्रांतिकारी कदम होगा



कांग्रेस ने कर्नाटक में हर गरीब महिला के खाते में हर महीने 2000 रुपये डाल कर दिखाया। अब पूरे देश की गरीब महिलाओं के खाते में हर माह 8500 रुपये डालकर दिखाएगी। महालक्ष्मी योजना करोड़ों 'क्रांतिकारी कदम' बनने जा रही है।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### बुनियादी जरूरतों का होना खुशी



हम में से बहुत से लोग कहते हैं कि पैसे से ख़ुशी नहीं खरीदी जा सकती, लेकिन पैसे से भोजन खरीदा जा सकता है, आवास खरीदा जा सकता है, स्वास्थ्य बिल चुकाए जा सकते हैं, फीस भरी जा सकती है, इन बुनियादी जरूरतों का होना खुशी है।
**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# यूएन का सदस्य बन जाएगा फिलिस्तीन?



मान्यता को लेकर फिलिस्तीन के लिए शुक्रवार बड़ा दिन साबित होने वाला है। खबर है कि संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की पूर्ण सदस्यता के लिए मतदान होने जा रहा है। हालांकि, यह राह पूरी तरह से आसान नहीं है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि अमेरिका की तरफ से इसे वीटो किया जा सकता है। खास बात है कि यह ऐसे समय पर हो रहा है, जब इजराइल और हमास के बीच गाजा में जारी जंग 6 महीने से जारी है। रॉयटर्स के अनुसार, राजनयिकों का कहना है कि फिलिस्तीन की यूएन में पूर्ण सदस्यता के लिए अनुरोध पर शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मतदान होगा। उन्होंने कहा कि 15 सदस्यीय परिषद दोपहर 4 बजे उस मसौदा प्रस्ताव पर मतदान करेगी, जिसमें 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा से सिफारिश की गई है कि फिलिस्तीन को यूएन की सदस्यता दी जाए। अब खास बात है कि प्रस्ताव को पास होने के लिए पक्ष में कम से कम 9 मतों की जरूरत है। साथ ही अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस या चीन इस पर वीटो न करें। काउंसिल के सदस्य अल्जीरिया ने मसौदा प्रस्ताव पेश किया था और गुरुवार को मिडिल ईस्ट पर सुरक्षा परिषद की बैठक साथ मतदान करने का अनुरोध किया था।

## ऑफ बीट

# क्या एआई हमारे दिमाग को पढ़ सकता है? शायद नहीं




इस साल की शुरुआत में, न्यूरालिंक ने 29 वर्ष के एक अमेरिकी युवक नोलैंड आर्बॉघ, जो कंधे से नीचे तक लकवाग्रस्त है, के मस्तिष्क में चिप प्रत्यारोपित किया था। चिप ने आर्बॉघ को माउस पॉइंटर को स्क्रीन पर घूमने की कल्पना मात्र से स्थानांतरित करने में सक्षम बना दिया है। मई 2023 में, अमेरिकी शोधकर्ताओं ने जेनेरिक एआई के संयोजन में मस्तिष्क स्कैन से किसी के मन में आने वाले शब्दों को 'डीकोड' करने के लिए एक गैर-आक्रामक तरीके की भी घोषणा की। इसी तरह की एक परियोजना ने 'दिमाग पढ़ने वाले एआई हैट' का जिक्र करके सुर्खियां बटोरीं। क्या तंत्रिका प्रत्यारोपण और जनरेटिव एआई वास्तव में ''दिमाग पढ़ सकते हैं''? क्या वह दिन आ रहा है जब कंप्यूटर किसी के भी पढ़ने के लिए हमारे विचारों की सटीक वास्तविक प्रतिलिपि तैयार कर सकेंगे? ऐसी तकनीक के कुछ लाभ हो सकते हैं - विशेष रूप से ग्राहक लक्ष्यीकरण डेटा के नए स्रोतों की तलाश करने वाले विज्ञापनदाताओं के लिए - लेकिन यह गोपनीयता के अंतिम गढ़ को ध्वस्त कर देगा: हमारे अपने दिमाग का एकांत। हालाँकि, इससे पहले कि हम घबराएँ, हमें यह पूछना बंद कर देना चाहिए: क्या तंत्रिका प्रत्यारोपण और जनरेटिव एआई वास्तव में ''दिमाग पढ़ने'' का काम कर सकते हैं?

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# हरदा जिले के टिमरनी से आई बारात, दूल्हा नाबालिग होने पर दी समझाइश, बैरंग लौटी

महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी और उनकी टीम ने रुकवाया बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में गुरुवार को हरदा जिले के टिमरनी से एक बारात आई, जिसमें दूल्हे की उम्र 21 वर्ष से कम पाई गई। महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी गिरीश चैहान और उनकी टीम ने मौके पर पहुंचकर बाल विवाह रुकवाया।

उन्हें बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के कानून का हवाला देते हुए समझइश दी। पंचनामा बनाकर वर और वधू दोनों पक्षों के माता-पिता और परिजनों को सख्त हिदायत दी। बालक की उम्र 21 वर्ष और बालिका की उम्र 18 वर्ष की होने पर ही विवाह करें, अन्यथा कानूनन कार्रवाई की जाएगी।



**21 वर्ष होने तक नहीं करेंगे विवाह**

बारात में आए दूल्हे के पिता और परिजनों ने पंचनामें पर हस्ताक्षर करते हुए यह विश्वास दिलाया कि वे बालक की उम्र 21 वर्ष की होने के बाद ही विवाह करेंगे। उन्होंने अपनी गलती स्वीकार करते हुए टीम के सदस्यों को आश्वासन दिलाया। इस पर टीम ने पंचनामा बनाकर हिदायत देते हुए बाल विवाह रुकवाया।

**बाल विवाह की मिली थी सूचना**

महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी गिरीश चौहान ने बताया जो लोग यह मानते हैं कि बाल विवाह नहीं होते उनके लिए यह एक उदाहरण है। गुरुवार को सूचना मिली कि क्षेत्र में बाल विवाह हो रहा है। टीम ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाया। उन्हें बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के की जानकारी देते हुए कहा जब तक बालक बालिका की उम्र कानून विभाग योजना हो आप विवाह नहीं करेंगे, अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**जागरूक बनें, जानकारी दें**

कृषक सहयोग संस्थान के जिला समन्वयक अनिल भवरे ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम अंतर्गत बाल विवाह अपराध है। इस जानकारी से लोगों को अवगत करा रही है। इसके बावजूद भी समाज में जानकारी के अभाव में लोग बाल विवाह करने पर तुले हैं। हमें यह भ्रांति भी दिमाग से निकली होगी कि बाल विवाह सिर्फ बालिकाओं का ही होता है। उन्होंने आह्वान किया कि यदि कहीं पर भी बाल विवाह होता पाएं तो आप जिम्मेदार संस्था को सूचित करे।

## कैंटीन संचालक से परिजन कहते रहे रुक जाओ, पर उसने लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित एक कैंटीन संचालक ने परिजन के सामने ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब तक दरवाजा तोड़ा जाता, काफी देर हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि करीब ढाई साल पहले उनकी पत्नी अपने बेटे और बेटी को लेकर अलग रह रही थी। अनुमान है कि पत्नी और बच्चों के अलग रहने से दुखी होकर उन्होंने यह कदम उठाया है। पुलिस ने बताया कि प्रकाश गंगवानी (50) शिखर होटल के पास, लेकसिटी कॉलोनी में रहते थे। उनके परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और बेटी है, लेकिन करीब ढाई साल से वह अलग रह रहे हैं। प्रकाश यहां अपनी मां और छोटे भाई समेत बहू के साथ रहते थे और रेलवे स्टेशन के बाहर कैंटीन का संचालन करते थे।

परिजन ने बताया कि बुधवार शाम प्रकाश घर पर थे और अंदर कमरे में पहुंचे। उनके हाथ में रस्सी थी। उन्होंने दरवाजा बंद किया और फांसी लगा ली। दरवजा खिड़की अंदर से बंद होने के कारण वह शोर मचाकर प्रकाश से कहते रहे कि रुक जाओ, लेकिन वह नहीं रुका। परिजन ने किसी तरह दरजवा तोड़ा तो प्रकाश फांसी के फंदे पर लटके मिले। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

### खबर संक्षेप



**राहुल नगर में राम मंदिर निर्माण का भूमिपूजन**

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में श्री राम लालजी के जन्मोत्सव अवसर पर वार्ड 20 स्थित राहुल नगर में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर निर्माण का कार्य का भूमिपूजन किया गया। युवा समाजसेवी अमर सिंह पाल ने बताया कि राहुल नगर में भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा, जिसका बुधवार को भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर मन्नू तिवारी, हुकमचंद पटेल, कमलेश प्रजापति सहित अन्य लोग मौजूद है।

**शर्मा का अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया स्वागत**



**भोपाल।** भोपाल लोकसभा से भाजपा उमीदवार आलोक शर्मा ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया। इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एम इजाज़ ख़ान, ज़िला अध्यक्ष शहरयार अहमद, पूर्व ज़िला अध्यक्ष सलीम, प्रदेश महामंत्री वसीम उद्दीन, प्रदेश कार्यालय मंत्री असद मक़सूद, ज़िला महामंत्री ज़ेहरान हसन, पूर्व मदरसा बोर्ड अध्यक्ष राशिद, मीडिया प्रभारी मो अज़हर, तोफ़िक आदि मौजूद रहे।

**बेटी पैदा होते ही शादी से मुकरा लिव इन पार्टनर**

**भोपाल।** गोविंदपुरा क्षेत्र में लिव-इन-पार्टनर द्वारा शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी आकाश धमोरिया ने पति से उसे अलग करने के बाद लिव इन रिलेशन में रखा और बेटी का जन्म होने पर शादी से इंकार कर दिया है। वह उसे नजरअंदाज करने लगा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और दैहिक शोषण की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार इलाके में किराए से रहने वाली 35 साल की महिला गृहणी हैं।

## स्टेशन बजरिया में स्कूटर और बाइक से आए बदमाशों ने की वारदात

# होटल से संचालक का अपहरण हाथ-पैर बांधकर की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित एक नंबर रेलवे स्टेशन के सामने बुधवार दोपहर चाय की होटल का संचालन करने वाले दुकानदार का 4 बदमाशों ने अपहरण कर लिया।


आरोपी उन्हें एक्टिवा में बैठाकर माल गोदाम के पीछे एक खंडहरनुमा मकान में लेकर पहुंचे और वहां हाथ-पैर बांधकर उससे मारपीट की। आरोपी किसी मशीन की बात कहते हुए दुकानदार पर चोरी का आरोप लगा रहे थे। करीब डेढ़ घंटे तक मारपीट करने के बाद जब उन्हें लगा कि दुकानदार ने मशीन नहीं चुराई है तो आरोपी उन्हें छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपहरण और मारपीट का मामला दर्ज किया है। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे से उनकी तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार अनिल कुमार गुप्ता पिता स्वर्गीय सूरजभान गुप्ता (45) भोपाल के मुख्य रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 1 के बाहर चाय की दुकान का संचालन करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि बुधवार सुबह वह दुकान पर थे। तभी दो गाड़ियों से चार युवक पहुंचे थे। उन्होंने जबरन मारपीट करते हुए एक्टिवा में बीच में बिठा लिया। इसके बाद माल गोदाम के पीछे खंडहरनुमा मकान में लेकर पहुंचे और हाथ पैर बांध दिए।

> खंडहरनुमा मकान में लेकर पहुंचे बदमाश, हाथ-पैर बांध कर डंडे से पीट-पीट कर बार-बार यही कह रहे थे मशीन लौटा दो, वरना जान से हाथ धोना पड़ेगा।

**डंडे से पीटा**

*अनिल ने बताया कि कमरे में हाथ-पैर बांधने के बाद आरोपी मशीन के बारे में बातचीत करने लगे। वह कहने लगे कि जो मशीन चोरी की है उसे सकुशल लौटा दो नहीं तो जान से हाथ धो बैठोगे। अनिल ने उन्हें कहा कि उसने कोई भी मशीन चोरी नहीं की। आरोपी करीब डेढ़ घंटे तक अनिल को डंडे से पीटा, लेकिन अनिल का कहना था कि उसने कोई चोरी नहीं की। मारपीट से अनिल बेहोश हो गए तो आरोपी हाथ पैर में बंधी रस्सी खोलकर भाग निकले।*

### पत्नी से कहासुनी के बाद पति ने मोतिया तालाब में कूदकर दी जान



**भोपाल।** शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित मोतिया तालाब में गुरुवार दोपहर एक युवक ने छलांग लगा दी। जब तक उसे बाहर निकाला जाता उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वह शराब पीने का आदी था और पत्नी से शराब पीने के लिए रुपए मांगे थे। पत्नी ने रुपए देने से मना किया तो उसने तालाब में कूदकर जान दे दी। एएसआई मिथलेश त्रिपाठी ने बताया कि विकास झा पिता स्वर्गीय अशोक झा (46) शर्मा कॉलोनी, शाहजहांनाबाद में रहता था और दिहाड़ी मजदूरी करता था। गुरुवार दोपहर वह घर पर था। उसने पत्नी से रुपए मांगे तो पत्नी ने रुपए देने से इंकार कर दिया। पत्नी का कहना था कि काम की तलाश करों और कमाई करो। इस बात पर पत्नी से उसकी कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ने पर वह पत्नी से कहकर निकला था कि तालाब में कूदकर जान दे दूंगा। वह अक्सर धमकी देता था। लिहाजा पत्नी ने उसे कहा कि जो करना है कर लो।

**दस मिनट बैठा रहा फिर लगा दी छलांग**

दोपहर करीब डेढ़ बजे के आसपास वह मोतिया तालाब पहुंचा था। कुछ देर दुकानों के पास वह रेलिंग पर बैठा रहा फिर एकाएक तालाब में छलांग लगा दी। लोगों ने शोर मचाया, लेकिन किसी को वहां तैरना नहीं आता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को बुलाया और करीब तीस मिनट की मशक्कत के बाद शव तालाब से बाहर निकाल लिया।

**दिल्ली में मिले मृतका के परिजन कहा, 2016 से भोपाल में रह रही थी बेटी**

## कॉल गर्ल मर्डर मामलाः दलाल कुनाल गिरफ्तार, दस फीसदी लेता था कमीशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित होटल के-स्क्वायर में कालगर्ल की हत्या के मामले में पुलिस एक अन्य आरोपी कुनाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी होटलों में घूमकर कर्मचारियों को कॉल गर्ल्स के फोटो दिखाता था और ग्राहकों की तलाश करता था। बदले में आरोपी को दस फीसदी कमीशन मिलता था। होटल के स्क्वेयर में पहुंची कॉलगर्ल्स के बदले भी उसे चार सौ रुपए कमीशन मिला था। पुलिस ने कॉलगर्ल के परिजन से भी संपर्क कर लिया है। उसके परिजन दिल्ली में पुलिस को मिल गए है। परिजन ने बताया कि बेटी वर्ष 2016 से ही अलग हो गई थी। वह भोपाल में रह रही थी और क्या करती थी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। शुक्रवार को परिजन के दिल्ली से भोपाल पहुंचने पर शव की सुपूर्दगी दी जाएगी।

**होटल तक किया था ड्रॉप**





पुलिस ने बताया कि घटना के दिन आरोपी कुनाल ने ही कॉलगर्ल को होटल के स्क्वेयर में छोड़ा था। उसे मर्डर की जानकारी मिली तो वह पुलिस से छिपकर इलाके में ही रह रहा था। पुलिस ने कुनाल को 20 अप्रैल तक की रिमांड पर लिया है। उससे पुलिस देह व्यापार संबंधी पूछताछ कर रही है। पुलिस ई-5 अरेरा कॉलोनी भी पहुंची थी, लेकिन वहां कोई भी नहीं मिला। दरअसल, कुनाल ने बताया था कि होटल में जिसका मर्डर हुआ था वह ई-5 अरेरा कॉलोनी में रह रही थी। कुणाल ने पुलिस को बताया कि यहां रहने वाली महक यादव कॉल गर्ल की सप्लाई करती है। कुछ युवतियों उसके साथ ही रहती है। उल्लेखनीय है कि 13 अप्रैल को प्रियंका नगर कोलार निवासी रितुल कुमार पांडेय ने 28 साल की कालगर्ल को होटल के स्क्वेयर में बुलाया था और वहां उसकी गला दबाकर हत्या कर दी थी। उसने कॉलगर्ल के साथ हैवानियत भी की थी। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी रितुल पांडेय और होटल मैनेजर योगेश कुमार, रूम अटेंडर सागर उर्फ सुरेन्द्र चौहान, इंद्र बहादुर को गिरफ्तार कर उन्हें कोर्ट में पेश कर दिया था। वहां से उन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। आरोपी कुनाल को 20 अप्रैल तक रिमांड पर लिया गया है।

**दलाल ने बना रखा था वाट्स एप पर ग्रुप**

पुलिस ने बताया कि आरोपी कुणाल ने पुलिस को बताया कि वह महक यादव के लिए चार साल से काम कर रहा है। वह महक के कहने पर राजधानी की अलग-अलग होटलों में घूमकर कर्मचारियों से मिलता था। इसके बाद उन्हें वाट्सएप ग्रुप में जोड़कर उनके पास कालगर्ल के फोटो भेजकर डील करता था। इसके बाद होटल कर्मचारी महक के नंबर पर संपर्क कर कॉलगर्ल बुक करते थे। कुणाल को प्रति ग्राहक दस फीसदी कमीशन मिलता था। इसके अलावा होटल कर्मचारियों को कमीशन महक के द्वारा अलग से दिया जाता था।

### कॉलेज की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित नारियलखेड़ा में शिव मंदिर के पास गुरुवार दोपहर एक युवती ने फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए थे, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। शुक्रवार को युवती का पीएम कराया जाएगा। साथ ही परिजन के बयान दर्ज किए जाएंगे। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस के अनुसार आरती यादव पिता मनोहर यादव (22) शिव मंदिर के पास नारियलखेड़ा में रहती थी। वह कॉलेज में पढ़ रही थी। परिजन ने बताया कि गुरुवार दोपहर वह बातचीत कर रही थी। वह किसी तरह से परेशान नहीं थी। इसके बाद कमरे में पहुंची और फांसी लगा ली। दरवाजा धड़का हुआ था। परिजन कमरे में पहुंचे तो उन्होंने आरती को फांसी के फंदे पर लटके देखा था।

**औबेदुल्लागंज के वार्ड 4 में मतदाता जागरुकता अभियान**

## हरी साग-सब्जी, पके हुए व्यंजन एवं प्राकृतिक संरचना से मतदान करने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लगंज

लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए नगर परिषद औबेदुल्लागंज की मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोनाली शर्मा, बीआरसीसी सतीश कुशवाहा एवं जनपद पंचायत सीईओ युक्ति शर्मा के तत्वावधान में स्व सहायता समूह के माध्यम से मतदाता जागरुकता अभियान हरी साग-सब्जी एवं पके हुए व्यंजन एवं प्राकृतिक संरचना द्वारा वार्ड 4 स्थित शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई हाई सेकंडरी स्कूल में चलाया गया।





लोकतंत्र के महापर्व को त्यौहार की तरह मनाया जाए। इसी क्रम में नगर के मतदाताओं को मतदान किए जाने के लिए जागरूक किया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत बिना किसी भेदभाव जाती पंथ और लालच में न पड़कर लोकतंत्र के महायज्ञ में देश की तरक्की और विकास के लिए मतदान करें। राजकुमार शर्मा, कन्हैया धुर्वे, विनोद यादव, प्रमोद कुमार पांडेय, पीआर नागर, दीपेश बैरागी, हमीर सिंह मोहनिया, सुशील कुमार यादव, राधेश्याम नामचुरिया समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**बारहवी की छात्रा से घर में घुसकर की छेड़छाड़**

**भोपाल।** रातीबड़ थाना क्षेत्र में नाबालिग से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार 16 साल की नाबालिग इलाके में एक कस्बे में रहती है और बारहवीं कक्षा में पढ़ रही है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उसके घर के सामने सत्यवान गोयल रहता है। बुधवार शाम सत्यवान गोयल उसके घर पहुंच गया और अश्लील हरकत करने लगा। छात्रा ने उसका विरोध किया तो वह धमकाते हुए घर से भाग निकला। छात्रा ने माता-पिता के घर पहुंचने के बाद उनको घटना की जानकारी दी। वे बेटी को लेकर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## निःशुल्क उपचार करने वाली डॉ. सरिता को शॉल-श्रीफल से नवाजा

सामाजिक संस्था ने उत्कृष्ट कार्य कारने वालों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था सिंधु नव जागरण समिति द्वारा प्रतिवर्ष चैतीचांद के उपलक्ष्य में समाज में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए चिकित्सा, सामाजिक, साहित्य के क्षेत्र के प्रमुख लोगों का सम्मान किया जाता है।

इस वर्ष चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवा देने वालों में सेवा सदन के प्रभारी ट्रस्टी लोकूमल जनयानी, आरोग्य केन्द्र के प्रभारी डॉ. गुलाब राय टेवानी व टैंपल ऑफ संबोधि की डॉ. सरिता देवनानी का सम्मान करने का निर्णय लिया गया था। जनयानी व टेवानी का सम्मान चैतीचांद के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में किया गया।



गुरुवार को टैंपल ऑफ संबोधि में चैत्र नवरात्रि के समापन कार्यक्रम में वेदांत संत लालसाईं की उपस्थिति में डॉ. देवनानी का सम्मान शॉल, श्रीफल व भगवान झूलेलाल की प्रतिमा भेंटकर किया गया। इस अवसर पर वेदांत संत लालसाईं के अलावा समिति अध्यक्ष राम पारदासानी, संरक्षक माधू चांदवानी, मुख्य सलाहाकर घनश्याम लालवानी, उपाध्यक्ष महेश खटवानी, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी, नंद दादलानी, नरेश कुमार तोलानी, दिनेश वाधवानी, बसंत चेलानी, रमेश हिमथानी, नरेन्द्र लालवानी, सुरेश जसवानी, मोहन लालवानी, हरीश केवलानी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मालूम हो कि डॉक्टर सरिता द्वारा प्रतिदिन मरीजों का निःशुल्क उपचार किया जाता है।

**भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर देर रात तक निकाली राम रथ यात्रा**

## शोभायात्रा में उमड़ा भक्तों का हुजूम, ढोल और डीजे की धुन पर नाचते-गाते चले श्रद्धालु, जगह-जगह किया झांकियों का स्वागत

जय श्रीराम और हर-हर महादेव के जयकारे से पूरा नगर गूंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागज

नगर में बुधवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान गली-मोहल्ले सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कई धार्मिक आयोजन हुए।

शोभायात्रा के दौरान गाजे-बाजे के साथ लोग भक्ति धुन पर पताका लहराते हुए झूमते हुए चल रहे थे। नगर के अर्जुन नगर स्थित से शोभायात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में रामभक्त शामिल हुए। जय श्रीराम, हर-हर महादेव के जयकारे से पूरा नगर गूंज उठा, और पूरा क्षेत्र राममय हो गया।





**भगवान राम की निकली सवारी**

भगवान राम की लीला है न्यारी..., श्रीराम जी चले न हनुमान के बिना... सहित अन्य भजनों के बीच भक्त झूम रहे थे। इस दौरान नगर में जगह-जगह सुरक्षा बल तैनात रहा। औबेदुल्लागंज थाना प्रभारी भरत प्रताप सिंह अपनी टीम के साथ शोभा यात्रा में सजक रहे।

**श्री राम मंदिर से प्रभात फेरी निकाली**

राम नवमी पर महिला मंडल ने श्री राम मंदिर से प्रभात फेरी निकाली। मेन रोड होते हुए पुनः शिव मंदिर पहुंची जहां पर शोभायात्रा का समापन हुआ। वहीं भगवान श्रीराम की झांकी निकाली गई, जिसमें डीजे की धुन पर गूंज रहे भजनों पर आयोजन समिति के सदस्यों के साथ स्थानीय निवासी भी भक्ति रस में झूमते नजर आए। इससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्री राम भक्त सेवा दल के अनिल प्रजापति का हिंदू उत्सव समिति द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। व्यापारी महासंघ, बहावलपुरी समाज आदि ने शोभायात्रा का स्वागत किया।

**खेड़ापति मंदिर में उमड़े श्रद्धालु**

हिरानिया के खेड़ापति मंदिर में श्रद्धालु कतारबद्ध होकर पूजा-अर्चना करते रहे। भक्तों ने खेड़ापति माता, प्रभु श्रीराम राम, भक्त हनुमान के रूपों का दर्शन किए। वहीं भगवान श्रीराम जन्म उत्सव की शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं भगवान श्री राम की प्रतिमा का हिंदू उत्सव समिति, सहित सामाजिक कार्यकर्ता ने पूजा-अर्चना की।

**रैली में बड़ी संख्या में शामिल होंगे कार्यकर्ता**

## पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज आज भरेंगे अपना नामांकन फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को अपना नामांकन फार्म भरेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विदिशा-रायसेन जिले के भाजपा विधायक सहित प्रदेश के कई नेता शामिल होंगे।

तामोट के नेता जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, संजीव चौहान, मानसिंह चौहान, बाबूलाल, रामकिशोर चौहान, अंकित परसाई, रामस्वरूप नागर, नारी शक्ति की आरती यादव, मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, कन्हैया नंदवंशी, नरेंद्र शर्मा, डॉ. भूपेंद्र नागर, पंकज कोठारी, सुजीत चौहान, दीपू परमार, मनोज चौरसिया, माधव यादव, पुरुषोत्तम शर्मा, रामकिशोर नंदवंशी, जीतू नंदवंशी, नपा अध्यक्ष



लक्ष्मी चौकसे, उपाध्यक्ष नामित बागिश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष माया राय, रेखा कपूर, रविंद्र विजय, विद्या अग्रवाल, अनुराधा विजय, नंदू शर्मा, पवनजोत सिंह आदि ने बताया कि भोजपुर क्षेत्र से नामांकन फॉर्म भरने के लिए रैली में बड़ी संख्या में लोग और भाजपा कार्यकर्ता जीप, कार, बसों से जाएंगे।

## जीपी बिड़ला संग्रहालय में 'मध्यप्रदेश की धरोहर' पर छायाचित्रों की प्रदर्शनी के साथ चित्र बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन

# विश्व विरासत में शामिल स्मारकों पर प्रदर्शित किए टिकटों के संग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जी पी बिड़ला संग्रहालय में विश्व धरोहर दिवस पर गुरुवार को 'मध्यप्रदेश की धरोहर' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता एवं धरोहरों पर प्रदर्शित स्मारकों के छायाचित्रों की प्रदर्शनी आयोजित की। चित्रकला प्रतियोगिता में 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर भोपाल के संकलन कर्ता अरुण कुमार ने विश्व विरासत में शामिल स्मारकों पर जारी टिकटों के संग्रह की जानकारी विद्यार्थियों से साझा की। चित्रकला में प्रथम स्थान मधु वर्मा, निर्माण परिवर्तन समाज कल्याण समिति, द्वितीय पर शुभम सिंह, परवरिश म्यूजियम स्कूल रहे।

80 विद्यार्थियों ने कैनवास पर उकेरे चित्र



### भीमबैठका, खजुराहो, सांची को किया प्रदर्शित



संग्रहालय में लगी धरोहरों पर प्रदर्शित स्मारकों के छायाचित्रों की प्रदर्शनी का शुभारंभ अधीक्षण पुरातत्वविद डॉ. मनोज कुमार कुर्मी, डॉ. नारायण व्यास ने किया। धरोहरों की प्रदर्शनी में विश्व विरासत में शामिल भीमबैठका, खजुराहो, सांची के अतिरिक्त लगभग 50 स्मारकों व मंदिरों के बारे में चित्र प्रदर्शित किए गए, जिन्हें देखने बड़ी संख्या में लोग आए।



शहीद भवन में 'नर नारी उर्फ थैंक्यू बाबा लोचनदास' का मंचन

# श्राप से मुक्ति पाने गांव के मर्द साल में 7 दिन बनते हैं 'बाबा' की पत्नी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुरैना के अंबा ग्राम में पूजे जाने वाले बाबा लोचनदास की कथा गुरुवार को शहीद भवन के मंच पर शहर के कलाकारों ने उतारी। नाटक के लिए विशेष रूप से 3 महीने की वर्कशॉप हुई, जिसमें 22 आर्टिस्ट ने कैनेडा से आई कोरियोग्राफर सुरभि रानिंगा से तीन महीने का प्रशिक्षण लिया और बाबा के श्राप को दिखाने मंच पर महिलाओं का किरदार निभाया। स्व. नाग बोडस द्वारा रचित इस संगीतमय कॉमेडी नाटक को नौटंकी शैली में प्रस्तुत किया गया। 2 घंटे 15 मिनट की अवधि का यह नाटक दर्शकों को जमकर गुदगुदाता है।





### सिर्फ साड़ी ही नहीं पहनते मर्द, बल्कि औरतों की तरह व्यवहार भी करते हैं

नाटक मुरैना जिले के अंबा क्षेत्र से प्रेरित है, जहां पहुंचे हुए संत बाबा लोचन दास के श्राप से पूरा गांव पीड़ित है। दरअसल, एक बार कुछ महिलाओं ने बाबा का अपमान किया था, जिसके बाद बाबा के श्राप 'आदमी और औरत का बिछोह के असर को खत्म करने गांव के सभी मर्द लोचन दास बाबा की पत्नी बन कर हर साल 7 दिन तक बाबा की पूजा करते हैं। इस दौरान सभी मर्द केवल साड़ी ही नहीं पहनते बल्कि औरतों की तरह व्यवहार भी करते हैं। अपनी पत्नियों से दूर रह कर वे बाबा की पत्नी बनते हैं। नौटंकी में कलाकारों की खोज करता दिलावर ऐसे लोगों को पकड़ता है जो बाबा की पत्नी बनते हैं। तमाम मोड़ और हास्य के साथ नाटक समाप्त होता है।



### भोजपुर क्लब में पर्सनल ब्रांडिंग पर मावे की कार्यशाला

भोपाल। भोजपुर क्लब में पर्सनल ब्रांडिंग पर मध्य प्रदेश एसोसिएशन ऑफ वीमेन आंत्रप्रिन्योर (मावे) की ओर से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें एक्सपर्ट डॉ संगीता कुमार ने महिला उद्यमियों को अपने प्रोडक्ट की ब्रांडिंग से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन रेनू नायक एवं राणा धीर ने किया। डॉ संगीता ने 'डॉंट बी हंटर बी ए फार्मर' का फार्मूला समझाया। विशाखा श्रीवास्तव इस कार्यशाला की कन्वेनर रहीं। मावे संस्था की फाउंडर प्रेजिडेंट अर्चना भटनागर ने बताया कि महिला उद्यमियों को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह की वर्कशाप का आयोजन हम हमेशा करते रहते हैं।

### बोरवेल के मासूमों पर बनी मूवी 'गौरैया लाइव' की रिलीज आज

भोपाल। फिल्म गौरैया लाइव शुक्रवार को प्रदर्शित की जाएगी। प्रोड्यूसर रणधीर सिंह ठाकुर ने बताया कि गौरैया लाइव उन मासूम बच्चों की मार्मिक कहानी है, जो बेकार पड़े बोरवेल में गिर कर लापरवाही और लचर व्यस्था का शिकार हो जाते हैं। अनगिनत मासूमों को जिंदा निगल जाने वाले इन कालकूपों से आती सिसकियां आमजन का कलेजा फाड़ देती हैं, परंतु शासन और प्रशासन इन दुर्घटनाओं को रोकने का कभी प्रयास नहीं करता। बस कुछदेर अफसोस जता कर अगली घटना होने का इंतजार करने लगता है, कलेजा दहला देने वाली उन मासूमों की चीख को आम जन तक पहुँचाने और इन दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने का संदेश देती है। यह फिल्म, ऐसी ही एक घटना हाल ही में रीवा के एक गांव में घट चुकी है, जिसमें 6 वर्षीय मयंक कोल की खुले बोर वेल में गिरने से मौत हो गई। भोपाल में फिल्माई गई इस फिल्म के निर्माता, लेखक और अधिकतर कलाकार भोपाल के है।

## विकसित मध्यप्रदेश की संकल्पना में संस्थाओं की भूमिका पर राज्य स्तरीय संवाद

# संस्थाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नए तरीके खोजना होगा:सतीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र की स्वयंसेवी संस्थाओं के साझा समूह यूएनजीओ द्वारा संविधान निर्माता, डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर राज स्तरीय संवाद का आयोजन किया। इसमें प्रदेश के गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

यूएनजीओ समूह प्रमुख सतीश पुरोहित ने कहा कि विकसित मप्र की संकल्पना स्वैच्छिक संस्थाओं के संवहनीय और प्रयासों से ही सरकार हो सकती है। सामुदायिक विकास के विभिन्न आयामों पर कार्य करने के लिए स्वयंसेवी संगठनों को अपनी कार्यशैली में परिवर्तन करना होगा।



परियोजनाओं के अलावा अपनी स्व परियोजनाएं क्षेत्र समूह और समय परिस्थिति अनुकूल तैयार करनी होगी तथा परियोजना की वह पूर्ति स्व प्रकल्पों के माध्यम से करना होगी, तभी स्वयं से भी संस्थाएं आत्मनिर्भर होंगी। आत्मनिर्भरता से ही विकास की संकल्पना पूर्ण होगी।

### इन्होंने भी रखे अपने विचार

मुख्य अतिथि विजय कुमार सोनी आयकर आयुक्त तथा आइटीओ संतोष निगम द्वारा आयकर विभाग की एनजीओ में प्रावधानों एवं सीएसआर फंड की प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी। विषय विशेषज्ञों के रूप में डॉ.सुभाष सिंह, पूर्व वैज्ञानिक सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड, डॉ. सुनील चतुर्वेदी, पूर्व अध्यक्ष वाणी, अमिताभ श्रीवास्तव संभागीय समन्वय जन अभियान परिषद्, एनजीओ के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म की उपयोगिता पर प्रिया आर्य, पर्यटन में महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर पर डॉ. आलोक चौबे और बच्चों एवं युवाओं में मानसिक रोग विषय पर एकता साहू ने विचार व्यक्त किए। स्वागत भाषण यूएनजीओ अध्यक्ष एमपी शर्मा, संचालन मयंक शर्मा और आभार रघुनंदन विश्वकर्मा ने जताया।

# हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना-2023 के विजेताओं के नाम

**दसवां पुरस्कार (लंच बॉक्स 260 नग) रायपुर संस्करण** - 1. भानुराम नायक पिता/ पति सवजी राम नायक ,डा.पुराना राजेंद्र नगर रायपुर 2. आरती नायक पिता/ पति स्वरुपपानंद नायक ,विकास नगर गुढ़ियारी रायपुर 3. शत्रुघ्न देवांगन पिता/ पति गोपाल देवांगन ,साईं मंदिर के पास शहीद भगत सिंह चौक रायपुर 4. डी.आदिनारायण पिता/ पति डी.शिम्हाद्री ,मौलीपारा तेलीबांधा रायपुर 5. मनोज कुमार यादव पिता/ पति रामजी यादव ,दर्री तालाब के पास भनपुरी रायपुर 6. मनोज कुमार साहू पिता/ पति तोरनलाल साहू ,रावतपुरा कॉलोनी फेस -1 भाठागाँव रायपुर 7. विजया शक्करपूड़े पिता/ पति स्व.चन्द्रशेखर शक्करपूड़े ,सुन्दर नगर अमरपुरी काली मंदिर के पास रायपुर 8. नन्दलाल जंघेल पिता/ पति जितुरम जंघेल ,सड्डू शिवम् सिटी रायपुर 9. भुनेस्वर कुमार सोनकर पिता/ पति बलिराम सोनकर ,सरोना रायपुर 10. प्रमोद कुमार पाण्डेय पिता/ पति स्व.गणेश प्रसाद पाण्डेय ,मंदिर हसौद 11. जनक नंदनी साहू पिता/ पति प्यारे लाल साहू ,साहू पारा फाफाडीह रायपुर 12. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता/ पति छेदन लाल वर्मा ,तर्रा मांढर रायपुर 13. पवन कुमार देवांगन पिता/ पति खेदु राम देवांगन ,बुधवारी बाज़ार बिरगांव रायपुर 14. घनश्याम श्रीवास पिता/ पति किशन श्रीवास ,मंदिर हसौद रायपुर 15. धीरज कुमार सिन्हा पिता/ पति चंद्रू लाल सिन्हा ,हनुमान वाटिका , भाठागाँव रायपुर 16. योगेश कुमार देवांगन पिता/ पति रिखी राम देवांगन ,खोरपा अभनपुर 17. डगलस बिशाल पिता/ पति बी.बिशाल ,तेलीबांधा अमलीडीह रायपुर 18. दिलेश्वर प्रसाद साहू पिता/ पति नाथू राम साहू ,सिलयारी धरसीवा रायपुर 19. दिलीप सिन्हा पिता/ पति आशाराम सिन्हा ,आदर्श नगर नेहरू चौक मठपारा रायपुर 20. संजय वर्मा पिता/ पति चन्द्रसेखर वर्मा ,कृष्णा चौक मंदिर हसौद 21. कमलेश कुमार सैनिक पिता/ पति स्व. महेंद्र कुमार सैनिक ,आमासिवनी रायपुर 22. हिमांशु वर्मा पिता/ पति संतोष कुमार वर्मा ,मोहदा तरपोंगी 23. संतोष कुमार धीवर पिता/ पति पालू राम धीवर ,सारागांव रायपुर 24. यशवंत पाटकर पिता/ पति पुरुषोत्तम पाटकर ,सकरी रायपुर 25. मुकेश कुमार पटेल पिता/ पति मनालाल पटेल ,भुरका रायपुर 26. मनोज कुमार साहू पिता/ पति राजेंद्र कुमार साहू ,बजरंग नगर गोगांव रायपुर 27. तुका राम निषाद पिता/ पति उदल राम निषाद ,विधान सभा आमासिवनी रायपुर 28. संतोष ब्रम्हदेव पिता/ पति भामचंद ब्रम्हदेव ,देवपुरी माना रोड रायपुर 29. दानेश्वर हरिहारानो पिता/ पति बद्री नारायण हरिहारानो ,दुर्गा चौक मंदिर हसौद 30. टोमेश कुमार साहू पिता/ पति तुका राम साहू ,प्रगति नगर ,रायपुर 31. विदेशी निषाद पिता/ पति खेलावन निषाद ,शिवाजी नगर दलदल सिवनी रायपुर 32. बसंत कुमार प्रजापति पिता/ पति कमल राम प्रजापति , टीला चंपारण रायपुर 33. मदन लाल सिन्हा पिता/ पति रामू राम सिन्हा ,जामगांव 34. जीवधन लाल धीवर पिता/ पति बाहरू राम धीवर ,चरौदा आरंग 35. ईश्वरी प्रसाद साहू पिता/ पति स्व.पी.आर.साहू ,बर्गुड़ी पारा आरंग वार्ड न.5, 36. तुलेश्वर चंद्राकर पिता/ पति लखन लाल ,रसनी थाना आरंग 37. आनंद देवांगन पिता/ पति गोपाल देवांगन ,आरंग 38. डेरहाराम धुरंधर पिता/ पति मोती राम ,आरंग 39. बहोरिकाराम चंद्राकर पिता/ पति आनंद चंद्राकर ,कुटेला नंदी चौक गोंडपारा रायपुर 40. तोमन लाल साहू पिता/ पति झाडूराम साहू ,कुस्मुन्द समोदा आरंग 41. भाऊ राम गेंडरे पिता/ पति ननकू गेंडरे ,मलौद सिलयारी रायपुर 42. सरिता पिता/ पति पुनीत राम , जंजगिरा मढ़ी रायपुर 43. वामन गोपाल नयक पिता/ पति प्रेम नारायण नायक ,गिरौद मांढर रायपुर 44. अजय कुमार वर्मा पिता/ पति पंचम लाल वर्मा ,गिरौद रायपुर 45. श्रीकांत तिवारी पिता/ पति स्व. रामकृष्ण तिवारी ,२८४ समता कॉलोनी रायपुर रायपुर 46. हाफिज खान पिता/ पति स्व.जाहिर खान ,सैलानी नगर संजय नगर रायपुर 47. सरिता सोनकर पिता/ पति संदीप सोनकर ,सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 48. अंशिका सहोर पिता/ पति निखिल सहारे ,जनता कॉलोनी गुढ़ियारी रायपुर 49. अनुज कुमार डहरिया पिता/ पति स्व.भगवत डहरिया ,कोटा वार्ड 20 सतनामी पारा रायपुर 50. विवेक यादव पिता/ पति पन्नालाल यादव ,पुतिन कॉलोनी अमलीडीह रायपुर 51. उस्मान भाई पिता/ पति स्व.हामिद अली ,टाटीबंध रायपुर 52. अनुराधा साकरकर पिता/ पति स्व. कमल साकरकर ,विप्र नगर, रायपुरा रायपुर 53. हरिका साहू पिता/ पति नेतु कुमार साहू , डौकीडीह,जिला दुर्ग 54. दिनेश कुमार साहू पिता/ पति जगन लाल साहू , चिंगारी वार्ड न.1 ,जिला दुर्ग 55. राजीव बख्सी पिता/ पति स्व.रमाकांत बख्सी , एम.680 पदमनाभपुर ,जिला दुर्ग 56. संगीता मिश्रा पिता/ पति चंद्रकांत मिश्रा , दुर्गा चौक शंकर नगर ,जिला दुर्ग 57. अमित अग्रवाल पिता/ पति व्यास नारायण अग्रवाल , ब्राह्मण पारा ,जिला दुर्ग 58. प्रेमा साहू पिता/ पति जित कुमार साहू , चिखली,जेवर सिवरी ,जिला दुर्ग 59. अशोक कुमार प्रसाद पिता/ पति स्व. अयोध्या प्रसाद , शीतला पारा ,जिला दुर्ग 60. शैलेश कुमार श्रीवास्तव पिता/ पति शम्भू दयाल श्रीवास्तव , न्यू गया नगर वार्ड न.03 ,जिला दुर्ग 61. विजय दीक्षित पिता/ पति स्व. एस.डी.दीक्षित , पप्रोफ़ेसर कॉलोनी दीपक नगर ,जिला दुर्ग 62. मोगरा स्वर्णकार पिता/ पति तारकेश्वर प्रसाद स्वर्णकार , मोहन नगर वार्ड न. 13 ,जिला दुर्ग 63. शिवचरण साहू पिता/ पति भगेला राम साहू , गौर गौरी चौक राम नगर उरला रोड ,जिला दुर्ग 64. अनुसुईया निषाद पिता/ पति नेहरू राम , सडक न. 3 मॉडल टाउन ,जिला दुर्ग 65. गुंजन कुमार साहू पिता/ पति महेश कुमार साहू , युवा अंकुश चौक सतनामी पारा छावनी भिलाई ,जिला दुर्ग 66. अलोप कुमार भंडारी पिता/ पति स्व.फूल सिंह भंडारी , मरौदा सेक्टर भिलाई ,जिला दुर्ग 67. भूमिका साहू पिता/ पति प्रेमन लाल साहू , रामनगर मुक्तिधाम भिलाई ,जिला दुर्ग 68. टिकेश्वरी कोमिया पिता/ पति चित्तरंजन कोमिया , क्यू.न .-2/एल स्ट्रीट -18 सेक्ट.-5 ,जिला दुर्ग 69. एन सतीश पिता/ पति एन एलिअस , कैंप -1 सुंदर नगर भिलाई ,जिला दुर्ग 70. प्रगड सूर्य प्रभा पिता/ पति प्रगड चिरंजीवी बुलु , स्मृति नगर प्लाट न.-20 स्ट्रीट 13 ,जिला दुर्ग 71. कैलाश कुमार कुर्रे पिता/ पति विश्वनाथ कुर्रे , गाँव देव बलौदा वार्ड न. -31 ,जिला दुर्ग 72. चैत्रमण सोनार पिता/ पति हिरा बहादुर , जय हिन्द चौक पुरैना ,जिला दुर्ग 73. चित्रकांत सोनेरपिता/ पति लक्ष्मन कुमार सोनेर , जरवाय भिलाई -3 ,जिला दुर्ग 74. श्रेया नाईक पिता/ पति राजेश नाईक , क्वाटर न.26/ सड़क 17 सेक्टर -8 भिलाई ,जिला दुर्ग 75. सेवक राम साहू पिता/ पति देवप्रसाद साहू , अर्जुन नगर कैंप -1 भिलाई ,जिला दुर्ग 76. दिनेश निषाद पिता/ पति कार्तिक राम निषाद , बजरंग चौक जरवाय ,जिला दुर्ग 77. थॉमस पिता/ पति शीला , शंकर नगर छावनी वार्ड 40 ,जिला दुर्ग 78. भोज कुमार पिता/ पति स्व. आत्मा राम , ई.डब्लू.एस.700 आदित्य नगर ,जिला दुर्ग 79. नन्द कुमार नेताम पिता/ पति स्व. अन्कल्हू राम नेताम , राजीव किराना स्टोर के पास न्यू कृष्णा नगर सुपेला ,जिला दुर्ग 80. आदित्य शर्मा पिता/ पति राजेश शर्मा , व.न. -10 , शंकर नगर ,जिला दुर्ग 81. शंकर पाटिल पिता/ पति अरुण पाटिल , शंकर नगर ,जिला दुर्ग 82. जनक लाल चंद्राकर पिता/ पति स्व. दौवाराम चंद्राकर , ब्लाक नंबर-93, प्लाट नंबर-9,नेहरु नगर, पूर्व भिलाई ,जिला दुर्ग 83. कामता प्रसाद पिता/ पति स्व. राजू, आदर्श नगर, कैम्प-1, भिलाई ,जिला दुर्ग 84. सोमेश्वरधर दीवान पिता/ पति टिकेश्वर दीवान , चरौदा, फिंगेश्वर , जिला गरियाबंद 85. वेदराम पिता/ पति मनीराम , बिजली, बोरसी, जिला गरियाबंद 86. ओमप्रकाश साहू पिता/ पति शंकर लाल साहू , दर्री खुर्द, तरिघाट , जिला गरियाबंद 87. पुष्कर यादव पिता/ पति अर्जुन यादव , चरौदा, फिंगेश्वर, जिला गरियाबंद 88. हरिश्चंद्र तारक पिता/ पति मेहतर राम तारक , फुलझर,लोहरसी , जिला गरियाबंद 89. राजकुमार मराठा पिता/ पति आत्माराम मराठा , दर्रा,कसडोल , जिला बलोदा बाज़ार 90. रोहनलाल साहू पिता/ पति रामलाल साहू , पोंड पांडुका , जिला गरियाबंद 91. पूरण लाल यादव पिता/ पति ओंकार सिंह यादव , बंजारी ,बगौदा, जिला धमतरी 92. लुकेश्वर पिता/ पति थम्मन लाल , अवरी, जिला धमतरी 93. भान बाई साहू पिता/ पति लुकेश्वर साहू , अवरी, जिला धमतरी 94. दौलत राम ध्रुव पिता/ पति भंवर सिंह ध्रुव , बंजारी ,भाटागांव, जिला धमतरी 95. पुरुषोतम तिवारी पिता/ पति स्व. शन्तु प्रसाद तिवारी , वार्ड न.-04 थाना पारा बागबहरा , जिला महासमुंद 96. दीपेश कुमार साहू पिता/ पति कमल कुमार साहू , कोलियारी , जिला धमतरी 97. खरे राम साहू पिता/ पति स्व. राम जीवन साहू , बोडरा संभलपुर , जिला धमतरी 98. गैंदलाल साहू पिता/ पति पंचराम साहू , कुरमा तराई , जिला धमतरी 99. भेषज कुमार साहू पिता/ पति कांशी राम साहू , गातापार कोर्रा भाखरा , जिला धमतरी 100. भरत लाल साहू पिता/ पति अंजोर सिंह , सिलौटी , जिला धमतरी 101. लाल चंद साहू पिता/ पति स्व. केजू राम साहू , डोमा भाखारा , जिला धमतरी 102. ख़ुशी रानी मरकाम पिता/ पति रोहित कुमार मरकाम , कुकरेल, नगरी , जिला धमतरी 103. पूजा नेताम पिता/ पति जगदीश चंद नेताम , अघन नगर , जिला कांकेर 104. अशोक आशरानी पिता/ पति स्व.गुल्लुमल आशरानी , मंझापारा , जिला कांकेर 105. गजेन्द्र गुप्ता पिता/ पति स्व. भागीरथी गुप्ता , आमापारा सिनेमा चौक , जिला कांकेर 106. शैलेन्द्र ठोकने पिता/ पति केशव राव ठोकने , सिर्सिदा , जिला धमतरी 107. भारत लाल साहू पिता/ पति फूलचंद साहू , गुदगुदा , जिला धमतरी 108. कमल नारायण साहु पिता/ पति सालिक राम साहू , दर्रा ,कुरूद , जिला धमतरी 109. कृष्ण कुमार निषाद पिता/ पति शंकर लाल निषाद , मौरी कला , जिला धमतरी 110. गौकरण चंद्राकर पिता/ पति तामेश्वर चंद्राकर , अटंग, जिला धमतरी 111. गौरव सोनी पिता/ पति संतोष सोनी , महिमा सागर वार्ड धमतरी , जिला धमतरी 112. गीतिका साहू पिता/ पति सुरेन्द्र साहु , भटगांव ,गोकुलपुर , जिला धमतरी 113. धनसिंह नेताम पिता/ पति ब्रिज लाल नेताम , सिंचाई कॉलोनी रुद्री , जिला धमतरी 114. शैयद मखदूम अल्ली पिता/ पति शैयद महमूद अल्ली , सिहावा चौक धमतरी , जिला धमतरी 115. दिनेश्वरी साहू पिता/ पति पुष्पेन्द्र साहू , भाटा पारा चर्रा , जिला धमतरी 116. दीनानाथ देवांगन पिता/ पति कन्हैया लाल देवांगन , संजय नगर शिक्षक कॉलोनी , जिला धमतरी 117. संगीता संगतानी पिता/ पति स्व.राधेश्याम संगतानी , शंकर मंदिर के पीछे बस्तर वार्ड न.06 , जिला जगदलपुर 118. संतोष कुमार साहू पिता/ पति श्रीराम साहू , लुगे केरली छोटी , जिला धमतरी 119. जीवन लाल साहू पिता/ पति भूखन लाल साहू , करेली बड़ी मगरलोड , जिला धमतरी 120. रामअवतार साहू पिता/ पति सुकलुरम साहू , शुक्लाभाठा मगरलोड , जिला धमतरी 121. संतोष कुमार यदु पिता/ पति दुखु राम यदु , खम्हरिया , जिला बलोदा बाज़ार 122. खिलेंद्र कुमार साहू पिता/ पति राम लाल साहू , घिरघोल , जिला बलोदा बाज़ार 123. कांति लाल जैन पिता/ पति स्व.केवल चंद जी जैन , मेन रोड कोंडागाँव , जिला कोंडागाँव 124. जगदीश कुम्भकार पिता/ पति स्व.जुगुत राम कुम्भकार , ब्राह्मण पारा वार्ड कुम्हार पारा , जिला धमतरी 125. भुषण लाल साहू पिता/ पति जगत राम साहू , खैराभाठा , जिला महासमुंद 126. सी.भोई पिता/ पति स्व. देबो भोई , मकान न.2/6 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , जिला महासमुंद 127. सक्षम चंद्राकर पिता/ पति प्रशांत चंद्राकर , शंकर नगर चौक , जिला महासमुंद 128. तेजराम सेन पिता/ पति ब्रिजलाल सेन , बम्हनी , जिला गरियाबंद 129. संतोष चन्द्राकर पिता/ पति भिखारी राम चंद्राकर , छाती , जिला धमतरी 130. जगदीश पिता/ पति हर्द्वारिमल , वार्ड न. -4 थानखम्हरिया , जिला बेमेतरा 131. जनक राम साहू पिता/ पति रामलाल साहू , गाँव तर्रा सुरसाबंधा राजिम गरियाबंद , जिला गरियाबंद 132. डुमन दास गिलहरे पिता/ पति तुलसी दास गिलहरे , गोबरा नवापारा , जिला गरियाबंद 133. लुकेश कुमार साहू पिता/ पति कृषचंद साहू , मौरिकला , जिला गरियाबंद 134. आशा अग्रवाल पिता/ पति अजय अग्रवाल , अग्रसेन चौक डोंगरगढ़ , जिला राजनादगांव 135. कमलेश देशमुख पिता/ पति डी एल. देशमुख , बी. एस. वार्ड न.-19 डोंगरगढ़ , जिला राजनादगांव 136. चेतन सिंह ठाकुर पिता/ पति केशव सिंह ठाकुर , डोंगरगढ़ , जिला राजनादगांव 137. जीवन राम राठोड पिता/ पति स्व. रणछोड़ राठोर , शंकरपुर -07 राजनादगांव , जिला राजनादगांव 138. नईम बख्श गाजी पिता/ पति स्व. हाजी डॉ.के बी.गाजी , गाजी मार्ग , गौरी नगर राजनादगांव , जिला राजनादगांव 139. गुणेश यादव पिता/ पति मुरारी यादव , दीवान पारा वार्ड न. 25 , जिला राजनादगांव 140. रमेश कुमार साहू पिता/ पति पदुम साहू , बेलटिकरी , सुरगी , जिला राजनादगांव 141. मुकुंद राम साहू पिता/ पति स्व. लतखोर साहू , बसंतपुर, जिला राजनादगांव 142. राजेंद्र कुमार साहू पिता/ पति रामचंद साहू , दुर्गा किराना स्टोर मंदी चौक, जिला कुरूद 143. बबिता देवांगन पिता/ पति अजय कुमार देवांगन , पचरी पारा, जिला धमतरी 144. एमन सिंह ठाकुर पिता/ पति स्व. थान सिंह ठाकुर , पी.वी .डी कॉलोनी बालोद , जिला बालोद 145. मोहित राम सोरी पिता/ पति कुंवर सिंह सोरी , कसही डौंडी लोहार , जिला बालोद 146. महेंद्र पिता/ पति कली राम साहू , कुर्दी अर्जुनदा बालोद , जिला बालोद 147. किर्तन लाल उईके पिता/ पति स्व. बलदेव उईके , जेंवरतला अर्जुन्दा , जिला बालोद 148. सुनंदा सिन्हा पिता/ पति संतोष कुमार सिन्हा, ग्राम डाभा विकास खंड मगरलोड जिला धमतरी 149. टीकाराम मलहरे पिता/ पति राम प्रसाद मलहरे, खमरिया पोस्ट अर्जुनी जिला बलौदाबाज़ार 150. कृपाल साहू पिता/ पति बीरसिंग साहू, ग्राम गोबरा, पोस्ट चरमुडिया जिला धमतरी, **बिलासपुर संस्करण** - 151 पकंज देव भाराद्वाज, सेन्दरी बिलासपुर 152 गंगामती पटेल, दर्राभाठां, एन.टी.पी.सी. सीपत 153 सुरेश कुमार वर्मा, ग्रीन पार्क कॉलोनी रोहनी विहार 154 सौरभ गुप्ता, संजय नगर चांटीडीह बिलासपुर 155 रूद्र टंडन, पाठक किराना गली, विनोबा नगर बिलासपुर 156 रंग बहादुर, हेमू नगर तोरवा 157 विनोद कुमार कौशिक, म.नं. सी.-98 यदुनंदन नगर 158 वंश ओझा, कस्तुरबानगर सरकारी स्कूल के पास वाली गली 15 रानी दिपाली गंगोत्री, टिकरापारा दयालबंद 160 श्रीनिर्मल राव अम्बलकर, नूतन इंक्लेव कॉलोनी नूतन चौक 161 अप्पा राव मुले, विकासनगर 27 खोली 162 अकबर अली, अंजुम लेडिस टेलर्स भारत चौक मरी माई रोड तालापारा 163 योगेन्द्र शांडिल्य, एल.7 विनोबा नगर 164 दीपक पेशवानी, भगत कवंरराम नगर सिंधी कॉलोनी 165 कौशिल्या सिह, मंगल भवन भारतीय नगर ब्यापार विहार रोड 166 ईश्वरी महंत, हरदीबाजार कोरबा 167 ममता कुमारी, सोमवारी बजार बांकी मोंगरा 168 हिरालाल मलहोत्रा, डी.89 बाल्कोनगर हाउसिंग बोर्ड 169 भाग्य श्री, सोमवारी बाज़ार बांकी मोंगरा 170 कुमारी रश्मि देवांगन, एनटीपीसी टाउनशिप कोरबा 171 विजय कुमार धनवार, खरहरी मडवारानी कोरबा 172 प्रताप सिंह ठाकुर, न्यू शांतिनगर हाउसिंग बोर्ड बाल्को 173 नवल सिंह जगत, 135 गांव ग्रेकनई धौराभांठा कोरबा 174 नरेन्द्र सिंह ठाकुर, परसा भांठा वार्ड नं.41 बाल्को 175 उर्मिला देवांगन, बेलकछार बाल्को 176 ब्रजनाथ प्रसाद नामदेव, ब्रम्ह रोड त्रिपाठी क्लीनिक के पास, अंबिकापुर 177 श्रीमति रविना, वार्ड नं. 14 मानपुर सुरजपुर 178 रामध्यान सिंह, हर्ष किराना दुकान, अंबिकापुर 179 मो. सफि, नवागढ पावर हाउस कि पास 180 अजित कुमार राजवाडे, नवागढ वार्ड नं. 42 अंबिकपुर 181 नरेशचन्द चन्द्रा, मकान नं. - 98 हाउसिंग बोर्ड नमनाकला अंबिकापुर 182 आबिद अली अंसारी, रसुलपुर अंबिकापुर 183 लव सोनी, जरहापार खरौद नगर 184 विघा कुमार तिवारी, भीमा तालाब के पास जांजगीर 185 शैलेष कुमार चंदेल, चोरभंठठी जांजगीर 186 प्रियंका सोनी, वार्ड 7 खरौद नगर 187 हिना अग्रवाल, कुबेरपारा, नैला 188 नंद किशोर देवांगन, देवांगन पारा चाम्पा 189 श्रीमति स्मिता राठौर, चितरपारा जांजगीर 190 देवेन्द्र कुमार यादव, नया बाराद्वार 191 बापी कुमार चक्रवर्ती, वेस्ट चिरमिरी 192 कु. गुलशन, चरचा कॉलरी 193 निलाम्बर प्रसाद पटेल, 26-2400 केलो विहार रायगढ़ 194 कुमारी सरिता चौहान, कोकडी तराई किरोडीमल रायगढ 195 टेकलाल चौहान, कोसमपाली 196 बलराम बरेठ, करही कॉलोनी मुंगेली 197 पंची कुलमित्र, गुरूद्वारा चौक लोरमी 198 नरेन्द्र कुमार, सिंगसरिया आजादनगर तखतपुर 199 गणेश यादव, बुधवारीपारा वार्ड नं.6 रतनपुर 200 रोशन पात्रे, वार्ड नं.8 बिल्हा, **भोपाल संस्करण** - 201. देवेन्द्र सिंह चौहान पिता कमल सिंह, राजीव नगर सेमराकलां, भोपाल 202. ज्ञानसिंह चोलकर पिता मुकंद राय चोलकर, एफ-29, अर्जुन नगर, भोपाल 203. सुनील जैन पिता मनोज जैन अशोकनगर 204. श्रीमती सुनीता साहु, शिव बिहारी कॉलोनी 205. हर्षित जैन पिता संजीव जैन, गुर्जर कॉलोनी, गुना, **जबलपुर संस्करण** - 206. सौरभ अग्रवाल, भुआ बिछिया मंडला 207. बुद्ध लाल, श्री रामलाल ठोडा भुआ बिछिया मंडला 208. दिव्यांश गर्ग, श्री दिलीप गर्ग भुआ बिछिया मंडला 209. अंशुल शुक्ला, श्री शिव कुमार शुक्ला मिश्रा मोहल्ला इंद्रपुरी कॉलोनी पन्ना 210. मोनाली श्रीवास्तव, श्री महेश कुमार श्रीवास्तव पोस्टऑफिस के पास छपारा जिला सिवनी, **रोहतक संस्करण** - 211. मुलख राज सुपुत्र श्री भगवानदास गांव आंवल फिलहाल न्यू राजेंद्र कौलोनी रोहतक 212. प्राची सुपुत्री विरेंद्र पुराना बस स्टैंड, भिवानी 213. संगीता पत्नी मनीष गांव बत्वा, कनी, कोसली, रेवाड़ी 214. सुभाष पेंटर सुपुत्र सुजान सिंह बुडाना रोड, नारनौंद हिसार 215. राजेंद्र कुमार सुपुत्र श्री घनश्याम सिंह नई बस्ती, गली नं. 3, बहादुरगढ़, झज्जर 216. श्री गोपाल किराना स्टोर , माता गेट, चौक गेट ,विक्की 217. प्रशांत शर्मा सुपुत्र दीपक शर्मा जटवाड़ा मोहल्ला, लंबी गली, बहादुरगढ़, झज्जर 218. सुनिता पत्नी देव कुमार 2168 नेहरू कॉलोनी रोहतक 219. राजेंद्र मलिक सुपुत्र रामकिशन खाण्डा खेड़ी, हांसी हिसार 220. सुरेश चंद्र शर्मा सुपुत्र श्री राम शर्मा गांव व डा. चिठवाना रेवाड़ी 221. रामबिलास सैनी सुपुत्र श्री मोहर सिंह सैनी वार्ड नं.2ए सिनेमा रोड महेंद्रगढ़ 222. विक्की सुपुत्र बिरेंद्र सिंह गांव कनीना तहसील कनीना महेंद्रगढ़ 223. अंजू पत्नी आलोक खेरवाल महेंद्रगढ़ 224. सत्यवान सुपुत्र एडवोकेट श्री कृष्ण यादव शंकर कॉलोनी, महेंद्रगढ़ 9, 225. राहुल सुपुत्र भगवान सिंह रहानिया कॉलानी, वार्ड नं. 15, वार मेमरियल पार्क झज्जर 226. नफे सुपुत्र मेहरसिंह गांव बामनौली, बहादुरगढ़, झज्जर 227. राजेंद्र सिंह सुपुत्र रामसिंह गांव पलड़ा तहसील बेरी, झज्जर 228. नरेश कुमार सुपुत्र गोकल चंद गांव ढाणी राजू, हांसी, हिसार 229. रोहित सुपुत्र मनजीत पता खरक पुनिया वार्ड नं. 3, तहसील बरवाला जिला हिसार 230. पंकज सुपुत्र सतपाल सिंह 172/13 हनुमान कॉलोनी, रोहतक 231. परवीन सुपुत्र राधेश्याम 777/22 झंग कॉलोनी, रोहतक 232. सतबीर सुपुत्र करतार सिंह लक्ष्मी नगर, रोहतक रोड, जींद 233. रामस्वरूप सुपुत्र श्री लालू राम गांव बुडाना, नारनौंद, हिसार 234. प्रीतम कुमार सुपुत्र सरूप सिंह गांव व डा. साल्हावास, मातनहेल, झज्जर 235. सोनू सुपुत्र रामावतार विजय नगर, रोहतक 236. भतेरी देवी पत्नी धर्मवीर सिंह सांगवान, टी प्वाइंट, गली नं.9, रामगोपाल कॉलोनी, रोहतक 237. बेदपाल सुपुत्र श्री धर्मबीर गांव व डा. सुबाना झज्जर 238. हरीराम अग्रवाल सुपुत्र रामेश्वर दयाल पता मुसेपुर, रेवाड़ी 239. इन्द्रजीत सुपुत्र मोहन लाल गांव गुढ़ा तहसील कनीना महेंद्रगढ़ 240. सतीश कुमार सुपुत्र प. उमराव गांव पलड़ा तहसील बेरी, झज्जर 241. श्री सचिन सुपुत्र श्री कर्मवीर, वार्ड नं. 3, गांव तिगडाना, भिवानी 242. श्री शेर सिंह सुपुत्र श्री स्व. श्री रामस्वरूप, गांव हुसैनपुर, वी.वी. आश्रम, रेवाड़ी 243. श्री प्रेम कुमार सुपुत्र श्री हरीकिशन, बवानी खेड़ा, वार्ड नं. 14, तह. बवानी खेड़ा, भिवानी 244. श्री ईश्वर सिंह चोपड़ा सुपुत्र श्री चंद्र सिंह चोपड़ा गली नं. 6, लाजपत नगर, खरकड़ी फाटक, भिवानी 245. श्रीमती सारिका यादव, धर्मपत्नी श्री सत्यजीत, गांव नहाड, कनीना, तह. कोसली, महेन्द्रगढ़ 246. श्रीमति संजू कुमारी पत्नी श्री विजय कुमार, गांव व डा. कादमा, तह. बाढ़डा, भिवानी 247. श्री करतार सिंह सुपुत्र श्री निहाल सिंह, प्रेम नगर, भिवानी 248. श्री महाबीर सिंह सुपुत्र श्री बलसिंह, म.नं. 605/25, आर्य नगर, सोनीपत 249. श्री विष्णुदेव आर्य सुपुत्र श्री पोकर दास, म.नं. 537/9, नियर आर्य गर्ल्स स्कूल, सुदामा नगर, सोनीपत 250. श्री महासिंह सुपुत्र श्री जीत राम, म.नं. 1106, गली नं. 1, मालवीय नगर, सोनीपत 251. श्री सत्यजीत सुपुत्र श्री सत्यवीर, गांव नहाड, कनीना, तह. कोसली, महेन्द्रगढ़ 252. श्री मानसिंह एक्स. सरपंच सुपुत्र श्री कर्ण सिंह, गांव व पो. नगंली गोधा, तह. मनेठी, रेवाड़ी 253. श्री यश सुपुत्र श्री राजेश्वर, गांव सिसवाल, तह. आदमपुर, हिसार 254. श्री रजनीश कुमार सुपुत्र श्री महावीर प्रसाद मुदगिल, गली नं. 2, कैलाश नगर, रेवाड़ी रोड, तह. नारनौल, महेन्द्रगढ़ 255. श्रीमती इंद्रावती पत्नी श्री रघबीर, गांव, बल्ला, कनीना, तह. कोसली, महेन्द्रगढ़ 256. श्री ओम सिंह सैनी सुपुत्र श्री ज्ञानीराम सैनी, सैनी टी स्टाल मूगलपुरा सब्जी मंडी, तह. गोहाना, सोनीपत 257. श्री अनिल सिंगला सुपुत्र श्री देवीराम, म.नं. 945/30, विकास नगर, ककरोई रोड, सोनीपत 258. श्री सचिन सुपुत्र श्री अनिल कुमार, 751/13, बसंत टेलीविजन वाली गली, गांव सोनीपत 259. श्री कृष्ण चन्द सुपुत्र धारा सिंह, केकर हेयर ड्रैसर, नियर बस स्टैंड, उकलाना, हिसार 260. श्री सत्यवीर सिंह सुपुत्र श्री नत्थु राम यादव गांव सुधरना, तह. कोसली, रेवाड़ी।

सांत्वना पुरस्कार की सूची अगले अंक में देखें




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी पर कसा तंज

# कांग्रेस का 'राहुलयान' न लॉन्च हो पाया न लैंड... पिछली बार अमेठी में हार के बाद उनमें वहां से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं

लोकसभा चुनाव का प्रचार चरम पर है और आज पहले चरण की वोटिंग होगी। इससे पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने केरल की एक चुनाव रैली में कांग्रेस के राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि अमेठी में राहुल अपनी हार के बाद यूपी से केरल पलायन कर गए हैं।

एजेंसी ▶▶ पत्तनमथिट्टा/केरल


लोकसभा चुनाव का प्रचार चरम पर है और आज पहले चरण की वोटिंग होगी। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र गांधीनगर के साणंद में रोडशो निकाला। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केरल के कासारगोड, वडकारा, कन्नूर, पत्तनमथिट्टा, मावेलीक्करा, कोल्लम क्षेत्र में ताबड़तोड़ रैलियां की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने असम के गोलपारा और कोकराझार में जनसभा को संबोधित किया। दूसरी ओर कांग्रेस की ओर से सांसद राहुल गांधी ने केरल के कन्नूर में चुनावी सभा को संबोधित किया।

केंद्रीय रक्षा मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता राजनाथ सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है। केरल के पत्तनमथिट्टा में भाजपा उम्मीदवार अनिल के एंटनी के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'कांग्रेस पार्टी का 'राहुलयान' न तो 'लॉन्च' हो पाया और न ही कहीं 'लैंड' कर पाया। उन्होंने कहा कि राहुल 2019 में अमेठी लोकसभा सीट से हार गए थे, इसलिए उनमें इस बार वहां से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है। राजनाथ ने कहा कि राहुल गांधी अपनी हार के बाद यूपी से केरल पलायन कर गए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने सुना है कि वायनाड के लोगों ने उन्हें (राहुल गांधी) अपना सांसद नहीं बनाने का फैसला किया है। राजनाथ ने कहा कि देश में विभिन्न अंतरिक्ष कार्यक्रम और परियोजनाएं लॉन्च की जा रही हैं लेकिन कांग्रेस के युवा नेता पिछले 20 वर्षों में भी 'लॉन्च' नहीं हो पाए।

एके एंटनी सिद्धांतवादी व्यक्ति, उनकी अपनी मजबूरियां

कांग्रेस के युवा नेता 20 वर्षों में भी लॉन्च नहीं हो पाए

## दो दिन में राजनाथ सिंह ने केरल के कासारगोड, वडकारा, कन्नूर, पत्तनमथिट्टा, मावेलीक्करा, कोल्लम में की रैलियां



### पिता होने के नाते बेटे को दें आशीर्वाद

राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं जानता हूं कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एके एंटनी सिद्धांतवादी व्यक्ति हैं और मैं उनकी मजबूरियां समझता हूं। उनके लिए अनिल एंटनी का समर्थन करना मुश्किल है। हालांकि मैं उनसे कहना चाहूंगा कि अनिल आपका बेटा है। उन्होंने कहा कि भले ही एके एंटनी अपने बेटे को वोट न दें या उनके लिए वोट नहीं मांगे, लेकिन आप उनके पिता हैं और इस नाते मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आपका आशीर्वाद उनके साथ हो। केरल में लोकसभा चुनाव 26 अप्रैल को होंगे और नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे।

**वामपंथी कुप्रबंधन के कारण केरल में हालात खराब**

सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) और कांग्रेस नीत एलडीएफ की सरकारों के कारण केरल की हालत खराब है। उन्होंने लोगों से भाजपा को सशक्त बनाने का आग्रह किया। सिंह ने केरल की आर्थिक समस्याओं के मुद्दे पर भी एलडीएफ पर हमला किया और कहा कि ये वामपंथी प्रशासन के कुप्रबंधन के कारण पैदा हुई हैं, उच्चतम न्यायालय ने भी इस बात को माना है।

### शाह का साणंद में मेगा रोड शो



### नरेंद्र मोदी को फिर से बनाएं प्रधानमंत्री

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुजरात के गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के साणंद में रोडशो निकाला। इसी संसदीय क्षेत्र से वह लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी हैं। विशेष रूप से तैयार किए गए वाहन में खड़े अमित शाह ने एपीएमसी चौक से नालसरोवर चौक तक इस रोडशो के दौरान बड़ी संख्या में जुटे लोगों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। शाह ने अहमदाबाद के साणंद के बाद, गांधीनगर जिले के कलोल शहर और अहमदाबाद के वेजालपुर क्षेत्र में रोडशो करने के बाद रैली को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने कहा कि मैं अपने गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के भाइयों और बहनों से देश को हर क्षेत्र में नंबर वन और गांधीनगर को देश के सबसे विकसित लोकसभा क्षेत्रों में से एक बनाने हेतु फिर एक बार कमल खिलाने और मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान करता हूं।

### मोदी सरकार के कार्यकाल में ही पूर्वोत्तर मुख्यधारा में शामिल हो सकाः नड्डा



**कोकराझार (असम)।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर पूर्वोत्तर को 'अलग-थलग' रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश में नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार के कारण ही पूर्वोत्तर मुख्यधारा में शामिल हो सका। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस की नीति पूर्वोत्तर को अलग-थलग और अंधेरे में रखना थी। यह मोदी और हिमंत विश्व शर्मा की सरकारें हैं जिन्होंने आपको देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने की दिशा में काम किया। मोदी शासन के तहत विशेष रूप से बोडो उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौतों हुए।

### रवि किशन करवाएं डीएनए टेस्ट तभी खत्म होगा विवाद



सोमवार को अपर्णा ठाकुर नाम की एक महिला ने भोजपुरी स्टार और गोरखपुर से भाजपा प्रत्याशी रवि किशन के अपनी बेटी का पिता होने का दावा किया था। अपर्णा ठाकुर का कहना था कि उनकी 25 साल की बेटी शिनोवा, रवि किशन की बेटी है। शिनोवा ने कहा है कि इस विवाद को खत्म करने के लिए रवि किशन का पैटरनिटी टेस्ट करवाया जाए। बता दें, रवि किशन की पत्नी प्रीति शुक्ला ने अपर्णा और उनकी बेटी के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई थी।

### 6 किलोमीटर पैदल चलकर आएंगे वोटर



**सुकमा।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को छत्तीसगढ़ की बस्तर लोकसभा सीट वोटिंग होगी। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा क्षेत्रों कोंडागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। कोंटा विधानसभा क्षेत्र के सामसट्टी में मतदान चुनौतीपूर्ण होगा। क्योंकि, मतदान केंद्र तक आने के लिए मतदाताओं को 6 किमी पैदल चलकर आना होगा। यहां सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक ही वोटिंग होगी। यह घोर नक्सली इलाका है। यहां कुल मतदाता 614 है। इनमें 342 महिला और 272 पुरुष वोटर हैं।

### विपक्षी गठबंधन डरा-धमका रहाः भाजपा

भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटक दलों के नेता 'डराने-धमकाने' की राजनीति कर रहे हैं और निर्वाचन आयोग को विपक्षी नेताओं के हालिया बयानों का स्वतः संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता नजरुल इस्लाम ने पिछले दिनों "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 400 फुट नीचे दफनाने की खुलेआम धमकी दी थी।'

### महबूबा मुफ्ती ने नामांकन दाखिल किया



अनंतनाग (जम्मू-कश्मीर)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। यहां लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। पार्टी के कई नेताओं और सैकड़ों समर्थकों के साथ महबूबा अनंतनाग के उपायुक्त और निर्वाचन अधिकारी सैयद फखरुद्दीन के कार्यालय में अपना नामकन पत्र दाखिल करने पहुंचीं।




## भाजपा देश में अशांति पैदा कर रही है : राहुल

**कन्नूर (केरल)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह देश में अशांति पैदा कर देश के लाखों लोगों को नुकसान पहुंचा रही है। राहुल ने कहा कि भाजपा देश की विविधता को बदलने का प्रयास कर रही है जबकि कांग्रेस वैचारिक भिन्नता को स्वीकार करती है। उन्होंने कहा कि नौकरशाही, न्यायपालिका, निर्वाचन आयोग, पुलिस, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और अन्य एजेंसियां संविधान और भारतीय नागरिकों के अधिकारों की संरक्षक मानी जाती हैं। भाजपा इन संस्थानों पर कब्जा कर, ईडी और सीबीआई को राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रही है। कांग्रेस पार्टी और यूडीएफ भारत की विविधता को स्वीकार करते हैं। हम बहु भाषाओं, परंपराओं, अलग-अलग इतिहास और हमारे सभी लोगों के विचारों को स्वीकार करते हैं। लेकिन भाजपा भारत के लोगों पर एक इतिहास, एक राष्ट्र, एक भाषा थोपना चाहती है। राहुल कन्नूर से चुनाव लड़ रहे केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष के. सुधाकरण और कासरगोड से उम्मीदवार राजमोहन उन्निथन के लिए प्रचार कर रहे थे।



### सुनेत्रा पवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया

**बारामती।** अजित पवार की पत्नी और बारामती सीट से एनसीपी की उम्मीदवार सुनेत्रा पवार ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। नामांकन के दौरान महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस, एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले मौजूद थे।

---

## खबर संक्षेप

### बृजभूषण के खिलाफ आदेश स्थगित किया



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के मामले में उनके खिलाफ आरोप तय करने को लेकर 26 अप्रैल को अपना फैसला सुना सकती है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने मामले पर सुनवाई स्थगित कर दी।

### 'जय श्री राम' बोलने पर किया हमला



**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में रामनवमी के अवसर पर 'जय श्री राम' का नारा लगाने पर तीन लोगों पर कथित तौर पर हमला किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि यहां चिक्काबेट्टा हल्ली में बुधवार को यह घटना घटी और उसके सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया एवं दो नाबालिगों को पकड़ा गया है। सभी आरोपी एमएस पाल्या के रहने वाले हैं।

### परांठे पर टैक्स का मामला हाई कोर्ट पहुंचा



**तिरुवंतपुरम।** केरल हाई कोर्ट में लच्छा पराठा पर ज्यादा जीएसटी को लेकर एक याचिका हाई कोर्ट पहुंची। अदालत में इस मसले पर जोरदार बहस भी हुई। सुनवाई में अदालत ने पाया कि पराठे जिन सामग्रियों से तैयार हो रहे हैं, उन पर सिर्फ 5 प्रतिशत जीएसटी लगता है। इस पर अदालत ने फैसला सुनाया कि ऐसे में पराठे पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाना गलत है।

रामनवमी पर मुर्शिदाबाद में पथराव को लेकर शुभेंदु अधिकारी की गवर्नर को चिट्ठी

# हमारा दफ्तर जलाने की हुई कोशिश एनआईए करे जांच, स्थितियां बेकाबू

भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी के भड़काऊ भाषणों से रामनवमी जुलूस के दौरान झड़पें हुई। इसकी मांग एनआईए से करते हुए उन्होंने राज्यपाल को चिट्ठी लिखी है।

एजेंसी ▶▶ मुर्शिदाबाद

मुर्शिदाबाद के शक्तिपुर इलाके में रामनवमी के जुलूस पर छतों से पथराव किए जाने से करीब 20 लोग घायल हो गए हैं। पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को रामनवमी पर हुई झड़प को लेकर चिट्ठी लिखी है। उन्होंने मुर्शिदाबाद के रेजीनगर इलाके में रामनवमी जुलूस के दौरान हुई झड़पों की जांच एनआईए से कराने की मांग की है। उन्होंने टीएमसी पर आरोप लगाया कि नंदीग्राम में भाजपा का दफ्तर जला दिया गया। बता दें, रामनवमी के दिन जुलूस पर छतों से पथराव किए जाने से करीब 20 लोग घायल हो गए हैं। पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है।

चुनाव आयोग सीएम ममता बेनर्जी पर करे कार्रवाई

शोभायात्रा पर बरसाए गए हैं पत्थर



### रामनवमी के जुलूसों को बाधित किया

भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सीएम ममता बेनर्जी के भड़काऊ भाषण की वजह से पश्चिम बंगाल राज्य में अलग-अलग जगहों पर रामनवमी के जुलूसों को बाधित किया गया और उन पर हमला किया गया। उपद्रवियों को उकसाया गया। उपद्रवियों को आश्वासन दिया गया था कि कानून प्रवर्तन एजेंसी उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करेगी क्योंकि उनके हाथ बंधे हुए हैं।

### कानून व्यवस्था को नियंत्रित करें

अधिकारी ने कहा कि राज्यपाल को रामनवमी के अवसर पर निकाले गए जुलूसों पर हुए हमलों के संबंध में जानकारी दी। उनसे कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तुरंत हस्तक्षेप करने के साथ-साथ घटनाओं की जांच एनआईए जांच करने का आग्रह किया।

### पूर्वी मेदिनीपुर में हुई हिंसा

रामनवमी के अवसर पर केवल मुर्शिदाबाद ही नहीं बल्कि पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर में भी हिंसक झड़प देखने को मिली थी। यहां पर हुई हिंसा में तकरीबन 4 लोग घायल हो गए। भाजपा ने आरोप लगाया कि शोभायात्रा पर पत्थर बरसाए गए।

ईडी ने अदालत से कहा

# केजरीवाल 'टाइप 2' मधुमेह होने के बावजूद खा रहे आम व मिठाई

ऐसा चिकित्सा आधार पर जमानत पाने के लिए कर रहे




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आबकारी नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल 'टाइप 2' मधुमेह होने के बावजूद हर दिन आम और मिठाई जैसे उच्च चीनी वाले खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि चिकित्सा आधार पर उन्हें जमानत मिल सके। सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष ईडी ने यह दावा किया। उधर, आतिशी ने कहा कि केजरीवाल को जेल में मारने की साजिश हो रही है।

ईडी ने कहा कि टाइप 2 डायबिटीज होने के बावजूद अरविंद केजरीवाल उच्च शर्करा वाले खाद्य पदार्थ खा रहे हैं। वह प्रतिदिन आलू पूड़ी, आम, मिठाई खा रहे हैं।

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ी

दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आप नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गुरुवार को झटका लगा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ा दी है। अब मामले की सुनवाई 26 अप्रैल को होगी।

### खान ईडी के सामने पेश

आप के विधायक अमानतुल्ला खान को धन शोधन संबंधी एक मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश हुए। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में खान की अध्यक्षता के दौरान हुई कथित अनियमितताओं से संबंधित मामले में अग्रिम जमानत देने से इंकार के बाद ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया।

दिल्ली हवाई अड्डे पर दो गिरफ्तार

# 1.21 करोड़ रुपए का सोना बरामद, तस्करी का शक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने 1.21 करोड़ रुपए मूल्य का सोना तस्करी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जब्त किए सोने का वजन 1.89 किलोग्राम है।

जानकारी के मुताबिक, जेद्दा से आए आरोपियों को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया। मंगलवार को यहां पहुंचने पर एक व्यक्ति को पकड़ा गया था। यात्री और उसके सामान की तलाशी के दौरान रबर जैसी चीज में लिपटे पीले रंग के रासायनिक पेस्ट वाले तीन अंडाकार कैप्सूल बरामद किए गए, जिनमें सोना होने का संदेह था।



### सोने की ईंट बरामद की

कैप्सूल को बाहर निकालने के बाद यात्री के पास से एक असमान आकार की सोने की ईंट बरामद की गई, जिसका वजन 917.3 ग्राम था। इस ईंट का मूल्य 59.81 लाख रुपए है। एक दूसरे मामले में सोमवार को जेद्दा से आये एक अन्य यात्री को रोका गया। यात्री और उसके सामान की तलाशी के दौरान उसके शरीर से तीन अंडाकार आकार के कैप्सूल बरामद किए गए, जिनमें पेस्ट के रूप में सोना होने का संदेह था।

## छात्रों के भगवा कपड़े पहनकर आने पर प्रवेश की नहीं दी इजाजत

तेलंगाना के मिशनरी स्कूल में बढ़ा विवाद

# गुस्साए लोगों ने जमकर की तोड़फोड़, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का लगाया आरोप

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के मंचेरियल जिले के एक मिशनरी मंडली के द्वारा स्कूल में भगवा रंग के कपड़े पहनकर आए छात्रों को रोक दिया गया था। जब इस बात की जानकारी लोगों को लगी तो वे भड़क गए। लोगों की नाराज भीड़ ने स्कूल में तोड़फोड़ की। यह घटना 16 अप्रैल को उत्तरी तेलंगाना जिले के कन्नेपल्ली गांव में लक्सेटिपेट के सेंट मदर टेरेसा इंग्लिश मीडियम स्कूल में हुई।

मंचेरियल के डीसीपी ने बताया कि स्कूल में एग्जाम चल रहे थे। पेपर के बाद प्रिंसिपल ने कहा कि वे वर्दी पहनकर आएं और अगर वे भगवाधारी कपड़े पहनना चाहतें हैं तो उन्हें इस बात की इजाजत लेनी होगी। इस बात पर लोग भड़क गए। पहले भी प्रिंसिपल के खिलाफ कुछ शिकायतें थीं और यह बात ज्यादातर लोग जानते थे।

### पुलिस ने दर्ज किया केस



पुलिस ने स्कूल प्रशासन पर आईपीसी की धारा 153ए और 295-ए के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं, तोड़फोड़ करने वालों पर आईपीसी की धारा 323, 427, 452, 506 और 143 के साथ 149 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**स्कूल में जबरदस्ती घुसने की कोशिश**

स्कूल प्रशासन ने अपनी शिकायत में कहा कि मंगलवार की सुबह करीब 500 से ज्यादा लोग स्कूल पहुंच गए। उन लोगों ने करीब चार घंटे तक स्कूल पर हमला किया। कुछ लोगों ने स्कूल में जबरदस्ती घुसने की कोशिश की। इतना ही नहीं, स्कूल स्टॉफ के साथ मारपीट और खिड़कियों को भी तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि मदर टेरेसा की एक मूर्ति और गेट तोड़ दिया गया है।

### पुलिस ने दर्ज की दो एफआईआर

स्टूडेंट के माता-पिता और स्कूल प्रशासन की शिकायतों के आधार पर पुलिस ने दो एफआईआर दर्ज की हैं। पुलिस सभी वीडियों की जांच कर आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है। पुलिस को दी गई शिकायत में एक छात्र के माता-पिता ने कहा कि उनके बेटे और चौथी कक्षा में पढ़ने वाले एक अन्य साथी को हनुमान दीक्षा के कपड़े पहनने की वजह से स्कूल में एंट्री नहीं करने दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रिंसिपल ने जानबूझकर उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।



# चांदीपुर की धरती से आसमान की ओर 'स्वदेशी क्रूज मिसाइल', दुश्मनों में खौफ

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन यानी डीआरडीओ ने गुरुवार को एक और सफलता हासिल कर ली है। डीआरडीओ ने ओडिशा के तटीय क्षेत्र एकीकृत परीक्षण रेंज चांदीपुर से स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया। डीआरडीओ ने एक बयान में बताया कि परीक्षण के दौरान सभी उपप्रणालियों ने अपेक्षा के मुताबिक प्रदर्शन किया।

मिसाइल के परीक्षण के दौरान एकीकृत परीक्षण रेंज द्वारा अलग-अलग जगहों पर सेंसर तैनात थे, जिसमें रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और टेलीमेट्री ने मिसाइल को मॉनीटर किया। क्रूज मिसाइल परीक्षण की निगरानी भारतीय वायु सेना के सुखाई-30-एमके-वन विमान ने की।

- स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण
- सुखाई-30-एमके-वन विमान ने की परीक्षण की निगरानी
- मिसाइल की लॉन्चिंग ओडिशा के तटीय क्षेत्र चांदीपुर से की गई
- डीआरडीओ प्रयोगशाला में किया गया था

### डीआरडीओ ने विकसित की मिसाइल

मिसाइल को उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से लैस किया गया है। मिसाइल को बेंगलुरु स्थित डीआरडीओ प्रयोगशाला एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (एडीई) सहित अन्य प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के साथ संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।

### रक्षा मंत्री और ओडिशा के सीएम ने दी शुभकामनाएं

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईटीसीएम के सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वदेशी प्रणोदन प्रणाली द्वारा संचालित स्वदेशी लंबी दूरी की सबसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षा डीआरडीओ के लिए एक मील का पत्थर है। वहीं, ओडिशा के सीएम नवीन पटनाक ने भी डीआरडीओ को बधाई दी है। रक्षा विभाग के आरएंडडी सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी कामत ने लॉन्चिंग की सफलता के लिए डीआरडीओ की पूरी टीम को बधाई दी है।

## खबर संक्षेप

### चीन में अमेरिकी अपाचे की टक्कर का हेलीकॉप्टर!



**हांगकांग।** चीन की हेलीकॉप्टर निर्माता कंपनियों ने हाल ही में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के लिए हैवी अटैक हेलीकॉप्टर बनाया है। यह हेलीकॉप्टर अमेरिका के एएच-64 अपाचे हेलीकॉप्टर के मुकाबले में तैयार किया गया है। इस हेलीकॉप्टर को जनवरी से टेस्ट किया जा रहा है। फिलहाल इस हेलीकॉप्टर को आधिकारिक रूप से कोई नाम नहीं दिया गया है। जर्मन विशेषज्ञ एंड्रियास रूपरेट ने इस नए अटैक हेलीकॉप्टर पर हैरानी जताई है।

### जेल से बोले इमरानः सेना प्रमुख को छोड़ूंगा नहीं



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक और जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपनी पत्नी बुशरा बीबी की गिरफ्तारी के लिए आर्मी चीफ जनरल मुनीर को जिम्मेदार ठहराया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इमरान ने आर्मी चीफ को धमकी दी है। उन्होंने कहा कि बुशरा की गिरफ्तारी के पीछे सीधे तौर पर जनरल मुनीर का हाथ है। अगर मेरी पत्नी को कुछ भी हुआ तो मैं आर्मी चीफ जनरल मुसीर को नहीं छोड़ूंगा। खान ने कहा कि जब तक मैं जिंदा रहूंगा।

## दुबई के मौसम का मिजाज रोज बदल रहा, 23 सेकंड का वीडियो वायरल

# बारिश के बाद दुबई में दिखा अद्भुत नजारा देखते ही देखते हरा हो गया आसमान का रंग

*दुबई के मौसम का मिजाज रोज बदलता हुआ दिख रहा है। जहां पिछले दिनों भारी बारिश के बाद बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। वहीं अब तूफान से जुड़ा हुआ ऐसा वीडियो सामने आया है। दुबई का पूरा आसमान नीले से हरे रंग में रंग गया।*

एजेंसी ▶▶ दुबई

पिछले कुछ दिनों से दुबई के मौसम में कई बदलाव देखने को मिल रहे हैं। जहां 75 वर्षों में सबसे भारी बारिश ने शहर को जलमग्न कर दिया जिसके बाद देश जैसे थम सा गया। भारी बारिश के बाद कई उड़ानें रद्द कर दी गईं और स्कूल बंद कर दिए गए। कई ऐसे फोटो और वीडियो सामने आए जिसमें पानी से लबालब भरी सड़कें देखने को मिली। एक सोशल मीडिया एक्स यूजर ने 23 सेकंड का एक वीडियो शेयर किया।

इस वीडियो का कैप्शन के साथ साझा किया जिसमें लिखा है, 'दुबई में आसमान हरा हो गया! दुबई में आए तूफान की यह वास्तविक फुटेज है।' दुबई में आसमान का इस तरह हरा हो जाना कोई मामूली बात नहीं है। इसके पीछे वैज्ञानिक कारण होते हैं। इसको लेकर पिछले साल फॉक्स न्यूज द्वारा प्रकाशित एक आर्टिकल के में बताया गया था कि यह तब होता है जब वायुमंडल द्वारा बिखरी हुई रोशनी बादलों में बर्फ की बूंदों को रोशन करती है।

### दुबई में आई बाढ़ की वजह को क्लाउड सीडिंग से जोड़ा जा रहा है

**नीले के बदले हरे रंग में रंगा पूरा आसमान** | **दुबई के मौसम में हुआ अनोखा बदलाव**



### दुबई के बाद ईरान में बिगड़ा मौसम

दुबई के बाद ईरान और अफगानिस्तान के कई हिस्सों में चक्रवाती हवाएं चलने लगी हैं, जिसका असर उत्तर भारत के एक हिस्से पर पड़ने वाला है। जबकि पहाड़ी हिस्सों पर बर्फबारी का भी अनुमान है। इस दौरान 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। उत्तर भारत के अलावा नॉर्थ-ईस्ट की हिमालयन रेंज पर भी पड़ने वाला है। तेज हवाओं के साथ बारिश और ऊंची जगह पर बर्फबारी का अनुमान है।

### भारत से दुबई के लिए उड़ानें रद्द

दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट में शामिल संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में भारी बारिश के कारण वहां का अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी प्रभावित हुआ है। मौसम की इस बेरूखी को देखते हुए भारत की एयर इंडिया और इंडिगो ने अपनी उड़ानें फिलहाल रद्द कर दी हैं। इनके अलावा के अलावा एयर इंडिया एक्सप्रेस, विस्तारा एयरलाइंस और स्पाइसजेट भी दुबई के लिए अपनी उड़ानों का संचालन करती हैं। वैकल्पिक विकल्प या पूर्ण रिफंड का विकल्प चुनने के लिए 24*7 संपर्क केंद्र 91 116 932 9333 या 91 116 932 9999 पर संपर्क करें।

### हेल्पलाइन नंबर जारी

दुबई में 75 वर्षों की सबसे बड़ी बाढ़ आने के बाद भारत ने अपने लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। वहां फंसे भारतीयों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर +971501205172, +971569950590, +971507347676, +971585754213... जारी किया है। दुबई में स्थित भारतीय कंसुलेट जनरल ऑफ इंडिया ने आधिकारिक बयान में कहा है कि हम फंसे हुए यात्रियों की सुविधा के लिए यूएई अधिकारियों और एयरलाइंस के संपर्क में हैं।

### क्या है क्लाउड सीडिंग?

संयुक्त अरब अमीरात (दुबई) में एक दिन में एक साल जितनी बारिश दर्ज की गई है। इतनी ज्यादा बारिश के पीछे का कारण क्लाउड सीडिंग को माना जा रहा है। क्लाउड सीडिंग एक आर्टिफिशियल बारिश कराने का एक तरीका है। क्लाउड सीडिंग की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के बाथुर्स्ट स्थित जनरल इलेक्ट्रिक लैब में फरवरी 1947 में हुआ था। अमेरिका के न्यूयॉर्क में 1940 के दशक में इसका इस्तेमाल किया गया था। वहीं, चीन और कई और देशों ने इसका इस्तेमाल किया। 1952 में भारत में इसका पहली बार परीक्षण किया गया।

इजराइल ने दुनिया को दिया बड़ा संदेश

# ईरान को रोकिए, इससे पहले बहुत देर हो जाए




एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

ईरान से बदला लेने से पहले इजराइल ने पूरी दुनिया को बड़ा संदेश दिया है। इजराइल ने दुनिया से कहा है कि ईरान को रोकिये, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए। बता दें कि इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के हमले का बदला लेने की बात कही है, लेकिन वह इसके लिए खुद को दोषी नहीं ठहराना चाहते।

नेतन्याहू इस बदले के लिए ईरान की कार्रवाई और दुनिया की चुप्पी को जिम्मेदार ठहराना चाहते हैं। इसीलिए इजराइल बार-बार दुनिया को इस बात का एहसास करा रहा है कि ईरान को रोकिये, नहीं तो बहुत देर हो जाएगी।

यानि तब इजराइल बदले की कार्रवाई करेगा तो उसका जिम्मेदार वह नहीं होगा, बल्कि इसके लिए ईरान और दुनिया के नीति निर्धारक देश जिम्मेवार होंगे।

### ईरानी मिसाइलों की रेंज का दिया ब्यौरा

इजराइल ने ईरान द्वारा 14 अप्रैल को दागी गई सभी मिसाइलों की रैंज का ब्यौरा दिया है। इजराइल ने बताया है कि ईरान ने उस पर 300 मिसाइलें दागी थीं। इनमें से 170 यूएवी मिसाइलें थीं, जिनकी मारक क्षमता 2500 किलोमीटर तक है। 120 बैलिस्टिक मिसाइलें थीं, जिनकी मारक क्षमता 2000 किलोमीटर तक है। इसके अलावा 30 क्रूज मिसाइलें थीं। इनकी मारक क्षमता भी 2000 किलोमीटर तक है। ऐसे में समझ सकते हैं कि ईरान ने कितना बड़ा हमला इजराइल पर किया था। अगर इजराइल का एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव नहीं होता तो तेल अवीव में बड़ी तबाही मच सकती थी। इजराइल ने इन ईरानी मिसाइलों में से 99 फीसदी को हवा में ही मारकर गिरा दिया। इससे बड़ा नुकसान होने से बच गया।

### ईरान पर दोष मढ़ रहा इजराइल

इजराइल ने एक पोस्ट में कहा है कि 14 अप्रैल को ईरानी शासन ने इज़राइल पर 300 बैलिस्टिक मिसाइलें, यूएवी और क्रूज़ मिसाइलों से हमला किया था। इन ईरानी मिसाइलों की मारक क्षमता 3,000 किलोमीटर तक तक है, जो यूरोप तक पहुंच सकती है। इजराइल पर ईरानी शासन का हालिया हमला इस बात का एक पूर्वावलोकन मात्र है कि अगर दुनिया ने उन्हें नहीं रोका तो यूरोप क्या उम्मीद कर सकता है। ईरान ने कहा कि इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, ईरान को रोकें।

## नेवी चीफ हरिकुमार ने सराहा

# चुनौतियों के बावजूद भारतीय वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष अभियानों में 'बढ़त' हासिल की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेवी चीफ एडमिरल आर हरि कुमार ने जोर दे कहा कि स्पेस सेक्टर में असख्य चुनौतियौं और तकनीक की कमी के बावजूद भारतीय वैज्ञानिकों ने साबित किया है कि देश अंतरिक्ष की रेस में बढ़त हासिल कर सकता है। नेवी चीफ नई दिल्ली में इंडियन डिफेंस सिंपोजियम 2024 के दौरान बोलते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा कि एलन मस्क की भारत यात्रा के बाद अब यह सोचना कोई रॉकेट साइंस नहीं लगता कि भारत अमृत काल की ओर बढ़ रहा है। हमारा स्पेस सेक्टर इस यात्रा का नेतृत्व कर रहा है।



### मिलकर काम करने की जरूरत

डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर बी कामत ने कहा कि हमें अंतरिक्ष क्षेत्र में रक्षा बलों के लिए प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के मामले में मिलकर काम करने की जरूरत है। वायुसेना के डीजी एयर ऑपरेशंस एयर मार्शल सूरत सिंह ने कहा कि स्पेस सेक्टर का दायरा जमीन, आकाश और पानी तीनों क्षेत्रों में फैला हुआ है।

### सुरक्षा में भी भूमिका

एडमिरल कुमार ने कहा कि भारत का अंतरिक्ष अभियान देश के विकास के साथ-साथ सुरक्षा में भी अहम भूमिका निभाता है। रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी की स्थापना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अंतरिक्ष का लाभ उठाने के लिए सशस्त्र बलों की प्रतिबद्धता को जाहिर करती है।

## भारत से सीमा विवाद सुलझाने में हुई सकारात्मक प्रगति

# चीन बोला- राजनयिक और सैन्य चैनलों से बातचीत जारी

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा है कि चीन और भारत ने सीमा गतिरोध को हल करने की दिशा में सकारात्मक प्रगति की है। राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच गहन संवाद जारी है। चीनी विदेश मंत्रालय की टिप्पणी पीएम मोदी के बयान पर आई है। पीएम मोदी ने कहा था कि भारत के लिए चीन के साथ संबंध महत्वपूर्ण हैं। सीमा की स्थिति का तत्काल समाधान किया जाना चाहिए।

### चीन भी चाहता है सीमा विवाद सुलझे



माओ निंग ने कहा कि चीन और भारत के बीच स्वस्थ संबंध दोनों देशों के हित में है। हमें उम्मीद है कि भारत द्विपक्षीय संबंधों में सीमा से जुड़े सवाल को उचित रूप से रखने और इसका समाधान सही तरीके से निकालने के लिए चीन के साथ मिलकर काम करेगा।

पुणे स्थित बंगले समेत 98 करोड़ की संपत्ति जब्त

# शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा पर ईडी ने कसा शिकंजा, छापे मारे

एजेंसी ▶▶ पुणे

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति अभिनेता-बिजनेसमैन राज कुंद्रा के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ा एक्शन लिया है। ईडी ने गुरुवार को शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा की 98 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। ईडी की ओर से यह एक्शन 6600 करोड़ रुपए के बिटकॉइन पोंजी घोटाले के मामले में लिया गया है।

प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि उसने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच के तहत अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के पुणे स्थित बंगले और इक्विटी शेयरों सहित करीब 98 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की है। यह मामला बिटकॉइन के इस्तेमाल के जरिए निवेशकों के पैसे से धोखाधड़ी से संबंधित है।



### प्रमोटरों ने निवेशकों को दिया धोखा

*ईडी ने महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस की तरफ से वन वेरिएबल टेक पीटीई लिमिटेड और आरोपी दिवंगत अमित भारद्वाज समेत अन्य के मामले में जांच शुरू की थी। ईडी ने आरोप लगाया कि प्रमोटरों ने निवेशकों को धोखा दिया और गलत तरीके से प्राप्त बिटकॉइन को अस्पष्ट ऑनलाइन वॉलेट में छिपा रहे हैं। शिल्पा शेट्टी बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री हैं।*

## यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने की खोज, ब्लैक होल को 'जीएआईए बीएच3' नाम दिया गया

# गैलेक्सी में मिला सबसे बड़ा ब्लैक होल, सूरज से 33 गुना ज्यादा 'भारी'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सूरज और उसके चारों ओर के सभी ग्रह एक गैलेक्सी का हिस्सा हैं। इसे 'मिल्की वे' के नाम से जाना जाता है। गैलेक्सी तारों, गैस और धूल का एक बड़ा समूह है जो गुरुत्वाकर्षण द्वारा एक दूसरे के साथ बंधे होते हैं। एस्ट्रोनॉमर्स ने हाल ही में गैलेक्सी में एक विशाल ब्लैक होल की खोज की है, जिसे 'जीएआईए बीएच3' नाम दिया गया है। यह मिल्की वे गैलेक्सी का सबसे बड़ा ब्लैक होल है, जो तारकीय विकास और ब्लैक होल के निर्माण के बारे में नए सवाल खड़े करता है।

गैलेक्सी के केंद्र में विराट ब्लैक होल के अलावा 'मिल्की वे' छोटे तारों के ब्लैक होल के लिए भी ठिकाने के तौर पर काम करता है, जो एक विशाल तारे के ढहने पर बनते हैं। साइंटिस्ट्स का मानना है कि अकेले हमारी गैलेक्सी में 10 करोड़ ब्लैक होल हैं, लेकिन उनमें से ज्यादातर की अभी तक खोज नहीं की जा सकी है।




### सूरज के आकार का 10 गुना बड़ा

जिन ब्लैक होल की खोज पहले ही हो चुकी है, वे औसतन सूरज के आकार का लगभग 10 गुना हैं। इनमें अब तक जो सबसे बड़ा ब्लैक होल था उसका द्रव्यमान सूरज की तुलना में 21 गुना ज्यादा है। हालांकि, यूरोपियन स्पेस एजेंसी के जीएआईए मिशन ने सबसे बड़े ब्लैक होल की खोज की है। इस ब्लैक होल का मास सूरज के मास से 33 गुना ज्यादा है। ये सबसे बड़ा ब्लैक होल बन गया है। यह लगभग 1,926 प्रकाश वर्ष दूर है जो हमारे ग्रह के करीब माना जा सकता है।

### यूरोपियन स्पेस एजेंसी की टीम ने ढूंढा

*ईएसए ने जो सबसे बड़ा ब्लैक होल खोजा है, उसे जीएआईए बीएच3 नाम दिया गया है। इसे पहली बार ईएसए साइंटिस्ट्स की एक टीम ने देखा जो असामान्य चीज की तलाश के लिए मिशन के डेटा पर गौर कर रही थी। पास के एक्वला तारामंडल के एक पुराने विशाल तारे ने अपनी डगमगाहट से उनका ध्यान खींचा, तब पता चला कि यह एक विशाल ब्लैक होल की परिक्रमा कर रहा था। इतने करीब होने के बावजूद बीएच3 को ढूंढना कठिन था। यह अब हमारे ग्रह का दूसरा सबसे करीबी ब्लैक होल है।*

### खास टेलीस्कोप से पता लगाया आकार

ईएसए टीम ने नए खोजे गए ब्लैक होल के साइज को कंफर्म करने के लिए यूरोपियन साउदर्न ऑब्जरवेटरी जैसी जमीन-आधारित दूरबीनों से डेटा का इस्तेमाल किया. इसे देखने के लिए ईएसओ के वेरी लार्ज टेलीस्कोप की मदद ली गई। 2025 में डिटेल्ट पेपर पेपर जारी करने से पहले उन्होंने शुरुआती आंकड़ों के साथ एक पेपर भी पब्लिश किया।

### पहले ब्लैक होल की कहानी

*ब्लैक होल का सिद्धांत हमारी खोज से पहले का था। यह सिद्धांत 1915 में अल्बर्ट आइंस्टीन के काम से शुरू हुआ, और इसलिए 20वीं सदी के हिस्से में एस्ट्रोनॉमर्स को आश्चर्य हुआ।*

## मस्क को अमेरिका का भी समर्थन

वॉशिंगटन भी चाहता है कि यूएन में सुधार हों

# यूएनएससी में भारत को भी मिलनी चाहिए जगह

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के स्थाई सीट के मुद्दे को लेकर टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के विचारों पर अमेरिकी सरकार ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। एलन मस्क ने जनवरी में कहा था कि भारत का सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्यों न होना अजीब बात है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि हम निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र संस्था में सुधारों का समर्थन करते हैं। जिसमें हम रह रहे हैं उसमें 21वीं सदी की दुनिया की के लिए क्या कदम उठाने हैं।

### एलन मस्क ने भारत के न होने को बेतुका बताया था



एलन मस्क ने कहा था कि यह 'बेतुका' है कि पृथ्वी पर सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के बावजूद भारत के पास संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सीट नहीं है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के अंगों में आमूलचूल बदलाव का आह्वान किया है। मस्क की यह टिप्पणी संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस द्वारा यूएनएससी के स्थायी सदस्यों की सूची से किसी भी अफ्रीकी देश की अनुपस्थिति पर चिंता जताने के बाद आई थी।




## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 |
| पंजाब | 7 | 2 | 5 | 4 |
| बेंगलोर | 7 | 1 | 6 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
361 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप




जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

बाउंड्री मीटर
979 चौके
575 छक्के

## चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल्स में पहुंचा रियल मैड्रिड

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

रियल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल के सेमीफाइनल्स में प्रवेश कर लिया। इसके साथ ही रियल मैड्रिड ने रिकॉर्ड 15वां खिताब जीतने की दिशा में अगला कदम रख दिया। इस हार के साथ ही सिटी का लगातार दो चैंपियंस लीग खिताब जीतने वाली पहली इंग्लिश टीम बनने का सपना भी टूट गया। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर था। मैड्रिड के लिए रौड्रिगो ने 12वें मिनट में गोल किया जिए 76वें मिनट में केविन डि ब्रूने ने उतार दिया था। अब सेमीफाइनल्स में मैड्रिड का सामना बायर्न म्युनिख से होगा जिसने आर्सनल को 1-0 से और औसत के आधार पर 3-2 से हराया।



## खबर संक्षेप



### पंत की गतिशीलता टीम के लिए अच्छा संकेत

**अहमदाबाद।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन का मानना है कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के मैच में ऋषभ पंत की गतिशीलता उनके और भारतीय टीम प्रबंधन के लिए टी20 विश्व कप से पहले अच्छा संकेत है। पंत ने इस मैच में दो कैच लपके, एक स्टम्पिंग की और 16 रन भी बनाए। दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को छह विकेट से हराया और पंत को उनकी विकेटकीपिंग के लिए 'प्लेयर आफ द मैच' चुना गया। जून में होने वाले टी20 विश्व कप में पंत भारतीय टीम में विकेटकीपर की जगह के लिए प्रबल दावेदार हैं।

### हैदराबाद के लिए तैयारी शुरू कर दी है : होप्स

**अहमदाबाद।** दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने कहा कि शुरुआती झटकों से उबरने के बाद अब उनकी टीम सनराइजर्स हैदराबाद जैसी 'मालगाड़ी' के



खिलाफ अगले मैच की तैयारी में जुटी है। दिल्ली ने गुजरात टाइटंस को बुधवार को खेले गए मैच में 89 रन पर समेटने के बाद छह विकेट से जीत दर्ज की। अब दिल्ली को लगातार तीन मैच अपने मैदान अरुण जेटली स्टेडियम पर खेलने हैं। सनराइजर्स ने आईपीएल में दो बार टूर्नामेंट के इतिहास के सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड बनाया।

### पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण जीत सकता है भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान प्रीतम रानी सिवाच को यकीन है कि पुरुष टीम पेरिस ओलंपिक में अपने पदक का



रंग बदलकर स्वर्ण जीत सकती है। आठ बार की चैंपियन भारतीय टीम ने 41 साल के इंतजार को खत्म करके टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। सिवाच ने कहा, 'भारत के पास कुछ बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं जो मैच जिताने में सक्षम हैं। भारत का पूल कठिन है लेकिन मुझे यकीन है कि टीम पदक का रंग बदलकर पीला तमगा जीत सकती है।'

### कोंवे की जगह ग्लीसन चेन्नई टीम में शामिल

**चेन्नई।** गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने न्यूजीलैंड के चोटिल सलामी बल्लेबाज डेवोन कोंवे की जगह तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन को टीम में शामिल किया है। कोंवे



को फरवरी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 के दौरान बाएं अंगूठे में फ्रेक्चर हो गया था। टूर्नामेंट से पहले ही तय हो गया था कि वह पूरा सत्र नहीं खेल सकेंगे। ग्लीसन पहली बार आईपीएल खेलेंगे जिन्हें चेन्नई ने बेसप्राइज 50 लाख रुपए में खरीदा।

## आईपीएल

सूर्यकुमार ने खेली 78 रन की आक्रामक पारी

# मुंबई की तीसरी जीत, पंजाब 9 रन की हार से 9वें स्थान पर खिसका

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में गुरुवार को यहां पंजाब किंग्स को बेहद रोमांचक मुकाबले में नौ रन से हराया। मुंबई ने सूर्यकुमार यादव की 53 गेंद में 78 रन की आक्रामक पारी से सात विकेट पर 192 रन बनाने के बाद पंजाब को 19.1 ओवर में 183 रन पर आउट कर दिया। इस जीत से मुंबई सात मैच में तीन जीत से सातवें पायदान पर पहुंच गया जबकि सात मैचों में पांचवीं हार के बाद पंजाब नौवें स्थान पर खिसक गया।

पंजाब की टीम ने 14 रन तक चार विकेट गंवा दिया था लेकिन आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह (41 रन) ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से टीम को जीत कर दहलीज तक पहुंचा दिया था। आशुतोष (61 रन) ने अपनी पारी में सात शानदार छक्के और दो चौके लगाए। उन्होंने आठवें विकेट के लिए हरप्रीत बराड़ (21) के साथ 32 गेंद में 57 रन की साझेदारी की।

शशांक ने भी तीन अहम साझेदारियां कर पंजाब के लिए मंच तैयार किया। उन्होंने पांचवें विकेट के लिए हरप्रीत सिंह (13) के साथ 28 गेंद में 35, जितेश शर्मा (नौ) के साथ छठे विकेट के लिए 15 गेंद में 28 और आशुतोष के साथ 17 गेंद में 34 रन जोड़े। मैन ऑफ द मैच बुमराह के अलावा गेराल्ड कोएत्जी ने भी तीन विकेट लिए। आकाश मधवाल, कप्तान हार्दिक पंड्या और श्रेयस गोपाल को एक-एक सफलता मिली।



### रोहित ने खेला 250वां मैच

*मुंबई के लिए सूर्यकुमार ने अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाने के साथ अपना 250वां आईपीएल मैच खेल रहे रोहित शर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 गेंद में 81 और तिलक वर्मा के साथ 28 गेंद में 49 रन की साझेदारी की। रोहित ने 25 गेंद की पारी में दो चौके और तीन छक्के लगा कर 36 रन बनाए जबकि तिलक ने 18 गेंद पर नाबाद 34 रन की पारी में दो चौके और इतने ही छक्के मारे।*



### लखनऊ के सामने चेन्नई के गेंदबाजों की कठिन चुनौती

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स अपने घरेलू मैदान पर शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उतरेगी तो उसके सामने चेन्नई सुपर किंग्स के धारदार गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कठिन चुनौती होगी। रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी और महेंद्र सिंह धोनी की प्रेरणा वाली चेन्नई टीम ने पिछले दो मैच जीते हैं जबकि केएल राहुल की लखनऊ टीम को लगातार दो पराजय झेलनी पड़ी है। लखनऊ के बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और देखना होगा कि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे चेन्नई के गेंदबाजों का सामना वे कैसे करते हैं।

### स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| किशन का बराड़ बो रबाडा | 08 | 08 | 1 | 0 |
| रोहित का बराड़ बो कुरेन | 36 | 25 | 2 | 3 |
| सूर्यकुमार का सिंह बो कुरेन | 78 | 53 | 7 | 3 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 34 | 18 | 2 | 2 |
| पंड्या का बराड़ बो हर्षल | 10 | 06 | 0 | 1 |
| डेविड का कुरेन बो हर्षल | 14 | 07 | 2 | 1 |
| शेफर्ड का शशांक बो हर्षल | 01 | 02 | 0 | 0 |
| नबी रन आउट (हर्षल) | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 20 ओवर में 192/7
गेंदबाजी : लिविंगस्टोन 2-0-16-0, अर्शदीप 3-0-35-0, रबाडा 4-0-42-1, हर्षल 4-0-31-3, कुरेन4-0-41-2, बराड़ 3-0-21-0.

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कुरेन का किशन बो बुमराह | 06 | 07 | 1 | 0 |
| सिंह का किशन बो कोएत्जी | 00 | 01 | 0 | 0 |
| राइली रुसो बो बुमराह | 01 | 03 | 0 | 0 |
| लिविंगस्टोन का एवं बो कोएत्जी | 01 | 02 | 0 | 0 |
| हरप्रीत का एवं बो गोपाल | 13 | 15 | 2 | 0 |
| शशांक का तिलक बो बुमराह | 41 | 25 | 2 | 3 |
| जितेश पगबाधा मधवाल | 09 | 09 | 1 | 0 |
| आशुतोष का नबी बो कोएत्जी | 61 | 28 | 2 | 7 |
| बराड़ का नबी बो हार्दिक | 21 | 20 | 2 | 1 |
| हर्षल पटेल नाबाद | 01 | 04 | 0 | 0 |
| रबाडा रन आउट (नबी/ किशन) | 08 | 03 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 21, कुल : 19.1 ओवर में 183/10
गेंदबाजी : कोएत्जी 4-0-32-3, बुमराह 4-0-21-3, मधवाल 3.1-0-46-1, हार्दिक 4-0-33-1, गोपाल 2-0-26-1, शेफर्ड 2-0-20-0.

## खास खबर

### कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश ने खेला ड्रॉ, प्रज्ञानानंदा और गुजराती हारे



**टोरंटो।** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारुआना से ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर खिसक गए जबकि भारत के ही आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती को पराजय का सामना करना पड़ा। प्रज्ञानानंदा को अमेरिका के हिकारू नकामूरा और गुजराती को रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि ने हराया। अन्य मुकाबलों में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा ने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराया। टूर्नामेंट में अब तीन दौर ही बचे हैं और नेपोम्नियाश्चि लगातार तीसरी बार खिताब के प्रबल दावेदार लग रहे हैं। रूस पर प्रतिबंध लगा होने से वह फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। उन्होंने 11 में से सात अंक लेकर एकल बढ़त बना ली। कारुआना, नकामूरा और गुकेश उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानानंदा के 5.5 और गुजराती के पांच अंक हैं। महिला वर्ग में चीन की झोंग्यी तान को एकल बढ़त मिल गई है जबकि उनकी हमवतन टी लेइ दूसरे स्थान पर हैं। भारत की आर वैशाली ने शीर्ष वरीयता प्राप्त रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना को हराया जबकि कोनेरू हम्पी ने बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा को मात दी।

### बीसीसीआई ने कीa 12,000 कैंसर और थैलेसीमिया रोगियों की मेजबानी

**अहमदाबाद।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान 12,000 कैंसर और थैलेसीमिया रोगियों की 'विशेष आमंत्रित' के रूप में मेजबानी की। कैंसर और थैलेसीमिया के बारे में जागरुकता बढ़ाने के अभियान में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने रक्त दाताओं और रक्तदान शिविर आयोजकों के साथ "विशेष आमंत्रितों" का स्वागत किया। बताया गया, 'यह असाधारण पहल कैंसर और थैलेसीमिया से पीड़ित लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरुकता बढ़ाने में काफी मददगार होगी। इससे लोगों ने मौज-मस्ती और मनोरंजन के एक बेहद जरूरी दिन का अनुभव किया। लोगों के चेहरों पर खुशी साफ देखी जा सकती थी और वे अपनी पसंदीदा टीमों का उत्साह बढ़ा रहे थे।

## छह साल की उम्र में तक्षवी वघानी ने रचा इतिहास, स्केटिंग में बनाया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज
- लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में 25 मीटर की दूरी तय की

अहमदाबाद की तक्षवी वघानी ने छह वर्ष की उम्र में ऐसा कारनामा कर डाला है जिससे उनकी चर्चा भारत ही नहीं पूरे विश्व में हो रही है। उन्होंने छोटी सी आयु में कुछ ऐसा कि या जि स से उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया। तक्षवी ने लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में 25 मीटर से अधिक का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इसी के साथ उन्होंने न सिर्फ अपना नाम रोशन किया बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित किया।तक्षवी ने लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में कमाल करते हुए अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया है। इसकी पुष्टि करते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें छह साल की तक्षवी को स्केटिंग करते देखा जा रहा है। वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा गया, '25 मीटर से अधिक की लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग।' पिछले साल 10 मार्च को यह रिकॉर्ड ब्रेकिंग उपलब्धि हासिल की गई थी।



### घुटने की चोट के कारण मुरली ओलंपिक से बाहर

**नई दिल्ली।** लंबी कूद के दिग्गज खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ट्रेनिंग के दौरान घुटने की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए हैं और उन्हें सर्जरी करानी पड़ेगी जिसके कारण वह पूरे 2024 सत्र में नहीं खेल पाएंगे। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 8.37 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीतते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को शंघाई/सुझोउ और दोहा में क्रमशः 27 अप्रैल और 10 मई को लगातार दो डाइमंड लीग प्रतियोगिता के साथ अपने सत्र की शुरुआत करनी थी लेकिन मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान उन्हें चोट लगी और उनका ओलंपिक में हिस्सा लेने का सपना टूट गया। श्रीशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'दुर्भाग्य से, यह बुरे सपने की तरह लगता है लेकिन यह हकीकत है, मेरा पेरिस ओलंपिक का सपना टूट गया है।'

## चमारी 195 रन पर नाबाद, महिला क्रिकेट में सर्वोच्च स्कोर बनाने वाली तीसरी खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ कप्तान चमारी अट्टापट्टू ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 195 रन की पारी खेलकर वनडे क्रिकेट में नया इतिहास रच दिया। वह श्रीलंका की पहली महिला क्रिकेटर बनीं, जिन्होंने टीम के सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर बनाया। इसके अलावा महिला वनडे क्रिकेट में तीसरी सर्वाधिक व्यक्तिगत रन बना बनाने वाली खिलाड़ी बनीं। चमारी अट्टापट्टू ने भारत की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया।

श्रीलंका की महिला टीम और दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला 17 अप्रैल को खेला गया। बुधवार को खेले गए मुकाबले में 6 विकेट के साथ जीत दर्ज श्रीलंका ने वनडे सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए लौरा वोलवार्ड के नाबाद 184 रन की मदद से 302 रन बनाए थे। श्रीलंका टीम की कप्तान ने ऐतिहासिक पारी खेलते हुए यह टारगेट हासिल कर लिया।



### वनडे में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर

| खिलाड़ी | रन | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|---|
| अमेलिया केर | 232* | आयरलैंड | 2018 |
| बेलिंडा क्लार्क | 229* | डेनमार्क | 1997 |
| चमारी अट्टापट्टू | 195* | द.अफ्रीका | 2024 |
| दीप्ति शर्मा | 188 | आयरलैंड | 2017 |
| लौरा वोलवार्ड | 184* | श्रीलंका | 2024 |

भारत के 17 पहलवान आज से एशिया क्वालीफायर में लेंगे भाग

# पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने की चुनौती

एजेंसी ▶▶| बिश्केक

भारत के 17 पहलवान शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे एशिया ओलंपिक क्वालीफायर के जरिए पेरिस खेलों का कोटा हासिल करने के लिए चुनौती पेश करेंगे। इस प्रतियोगिता में फ्रीस्टाइल, महिला और ग्रीको-रोमन में कुल 36 कोटा स्थान दांव पर होंगे। भारतीय पहलवान सिर्फ एक स्पर्धा को छोड़कर सभी भार वर्ग में कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। महाद्वीपीय क्वालीफायर में स्वर्ण पदक, रेपेचेज या कांस्य पदक के लिए मुकाबला नहीं होगा। प्रत्येक ओलंपिक भार वर्ग में दोनों सेमीफाइनल के विजेता पेरिस खेलों के लिए अपने देशों के लिए कोटा अर्जित करेंगे।



### विनेश के प्रदर्शन पर नजरें

अंतिम पंघाल (19) ने सर्बिया के बेलग्रेड में 2023 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत कर भारत के लिए महिलाओं के 53 किग्रा में पहले ही कोटा स्थान पक्का कर लिया है। महिला वर्ग में अब विनेश (50 किग्रा), रीतिका हुड्डा (76 किग्रा), मौजूदा अंडर-23 विश्व चैंपियन अंशु (57 किग्रा), मानसी (62 किग्रा) और निशा (68 किग्रा) के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का समय आ गया है।भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ भारतीय पहलवानों के विरोध का प्रमुख चेहरा रही विनेश के प्रदर्शन पर सबसे ज्यादा नजरें रहेंगी।

### पुरुष वर्ग से मजबूत दावेदार

पुरुषों के फ्रीस्टाइल वर्ग में, अमन सहरावत (57 किग्रा) कोटा हासिल कर सकते हैं। उनके अलावा सुजीत पर भी नजर रहेगी। वह बाद 65 किग्रा वर्ग में चुनौती का नेतृत्व कर रहे हैं। तोक्यो में पदक जीतने से चूके दीपक पूनिया (86 किग्रा) से यहां कोटा तय करने के मजबूत दावेदार हैa तो वहीं जयदीप (74 किग्रा), दीपक (97 किग्रा) और सुमित (125 किग्रा) भी अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखा कर भारत के लिए कोटा हासिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ा चाहेंगे।

## अंकुर अकादमी सेमीफाइनल में अकीरा को 100 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल


विधायक कप अंडर 12 क्रिकेट में अकीरा क्रिकेट अकादमी और अंकुर क्रिकेट अकादमी के बीच मैच खेला गया। अकीरा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए अनीश में 4 और समर्थ ने 2 विकेट लिए। अंकुर के सुहान ने शानदार 48 रन बनाए और वत्सल ने 17 रन का योगदान दिया। अंकुर ने 199 रन का लक्ष्य अकीरा के सामने रखा। अकीरा पूरे 10 विकेट खोकर सिर्फ 78 रन ही बना पाई। अंकुर के गेंदबाज वास्तल ने तीन और सोहन ने दो विकेट लिए।



अंकुर ने अकीरा को 120 रन से मैच हराकर सेमी फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका मुकाबला कल वीएस अकादमी से होगा। दूसरा सेमीफाइनल 20 को अरेरा क्रिकेट अकादमी और रेलवे यूथ के बीच होगा। सोहान को मैन ऑफ द मैच दिया गया।







# 'कौन बनेगा करोड़पति' के 16वें सीजन का रजिस्ट्रेशन 26 से शुरू

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन ने बड़े पर्दे के साथ छोटे पर्दे पर भी अपनी छाप छोड़ी हैं। उनके लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' को दर्शक काफी पसंद करते हैं। अब यह अपने नए सीजन के साथ वापस आ रहा है। अमिताभ ने 'कौन बनेगा करोड़पति' के 16वें सीजन का ऐलान कर दिया है। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' का प्रोमो सामने आ चुका है, जिसे देख प्रशंसक खुशी से झूम उठे हैं। आइए जानते हैं शो के रजिस्ट्रेशन कब से शुरू होंगे। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' को आप सोनी टीवी पर देख सकते हैं। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई। चैनल ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर प्रोमो साझा करते हुए लिखा, 'ऐसा मिला प्यार की लौट रहा है।

लाइफ Style

# सोनाली

## 'द ब्रोकन न्यूज 2' का ट्रेलर जारी

सोनाली बेंद्रे की वेब सीरीज 'द ब्रोकन न्यूज' को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला था। यह सीरीज 10 जून, 2022 में जी5 पर रिलीज हुई थी। 'द ब्रोकन न्यूज' की सफलता को देखते हुए हाल ही में निर्माताओं ने सीरीज की दूसरी किस्त का ऐलान किया, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब 'द ब्रोकन न्यूज' की दूसरी किस्त की रिलीज तारीख से पर्दा उठ चुका है। इसके साथ निर्माताओं ने सीरीज का ट्रेलर जारी कर दिया है। जयदीप अहलावत, श्रिया पिलगांवकर, इंद्रनील सेनगुप्ता, तारुक रैना, आकाश खुराना और किरण कुमार भी इसका हिस्सा हैं। विनय वाइकुल ने इस सीरीज का निर्देशन किया है। पहले भाग का निर्देशन भी उन्होंने ही किया था। समीर गोगेट इस सीरीज के निर्माता हैं। 'द ब्रोकन न्यूज' का प्रीमियर 3 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा। निर्माताओं ने टीजर साझा करते हुए लिखा, 'ब्रेकिंग न्यूज की नई कहानी, सच भी बनेगा सनसनीखेज।' बता दें कि कैंसर की बीमारी ने सोनाली के साथ साथ उनके फैन्स को भी सदमे में डाल दिया। कैंसर का इलाज करने के लिए वे न्यूयॉर्क गईं, जहां कुछ महीनों तक उनका इलाज चला। इसके बाद उन्होंने कैंसर को मात दे दी। सोनाली ने साल 2002 में फिल्म प्रोड्यूसर गोल्डी बहल के साथ शादी की। इसके बाद कुछ समय के लिए सिनेमा से दूर हो गईं। फिल्मों के अलावा फिलहाल टीवी शोज में बतौर जज सोनाली काफी एक्टिव थीं।



हॉलीवुड मसाला




# 'मंकी मैन' को मिल रहा भरपूर प्यार

**लॉस एंजिलस।** सोभिता धुलिपाला अपने हॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'मंकी मैन' के साथ ओस्कर-नॉमिनेटेड देव पटेल के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए तैयार हैं। यह एक एक्शन-पैक्ड रिवेंज टेल है, जो अब आखिरकार थिएटरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म को सोभिता के लिए एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन माना जा रहा है, क्योंकि वे अपने कदमों को अंतरराष्ट्रीय फिल्म की ओर बढ़ा रही हैं। फिल्म में उनका किरदार सुपर इंट्रीग्यूइंग है, और उनका इंटेंस प्रैसेंस सभी का ध्यान उनकी तरफ खींच रहा है।

# टाइटैनिक का हीरो 49 का, 29 की गर्लफ्रेंड संग हुआ स्पॉट...



**लॉस एंजिलस।** लियोनार्डो डिकैप्रियो और गीगी हदीद का रोमांस एक बार फिर सुर्खियां बटोर रहा है, अफवाह है कि इस जोड़ी को एक बार फिर एक साथ देखा गया है। ऑस्कर विजेता एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो और सुपरमॉडल गीगी हदीद के बीच रोमांस काफी समय से हॉलीवुड खबरों का फेवरेट सबजेक्ट रहा है। पिछले साल सितंबर में डेटिंग की अफवाहें फैलने के बाद, डिकैप्रियो और हदीद ने अपने ब्रेक-अप और पैच-अप की अटकलों से कई बार नेटिज़न्स और मीडिया का ध्यान आकर्षित किया। अब एक बार फिर दोनों साथ में नजर आए। भले ही डिकैप्रियो 49 साल के हैं और हदीद 29 साल की हैं, लेकिन दोनों की जोड़ी को उनके फैंस काफी पसंद करते हैं। उम्र का अंतर इस रोमांटिक कपल के सामने फीका लगता है। अब तक ये दोनों सेलेब्रिटी अपने इस रिश्ते के बारे में चुप्पी साधे हुए हैं, लेकिन हॉलीवुड की खबरों की वेबसाइट पेज सिक्स की रिपोर्ट से पता चलता है कि वे अभी भी एक साथ हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, डिकैप्रियो और हदीद के एक करीबी सूत्र ने पुष्टि की कि वे 'अभी भी साथ' हैं। रिपोर्टों से पता चलता है कि लियोनार्डो को द हैम्पटन में गिगी हदीद के साथ दो-तीन दिन पार्टी करते देखा गया था।




# धोनी पर बनी रही एक और फिल्म

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। पोस्टर में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर खड़े नजर आ रहे हैं, जिनकी जो अपने दोनों हाथ ऊपर की और उठाए खड़े हैं, साथ ही उनकी पीठ दिखाई दे रही है। दोनों इंडियन जर्सी पहने नजर आ रहे हैं, जिस पर दोनों के नाम 'महिमा' और 'महेंद्र' लिखा नजर आ रहा है।



# अक्षय साउथ में कदम रखने को तैयार

**मुंबई।** अक्षय कुमार को इन दिनों फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में देखा जा रहा है। यह फिल्म शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। अक्षय की आने वाली फिल्मों में 'सिंघम अगेन', 'वेलकम टू द जंगल', 'फिर हेरा फेरी 3' और 'शंकरा' शामिल हैं। अब अक्षय दक्षिण भारतीय सिनेमा में कदम रखने जा रहे हैं। मुकेश कुमार सिंह के निर्देशन में बन रही फंतासी ड्रामा फिल्म 'कन्नप्पा' की स्टार कास्ट में अक्षय शामिल हो गए हैं। 'कन्नप्पा' विष्णु मंचू मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। प्रभास, मोहनलाल, प्रभुदेवा और आर सरथ कुमार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

# माधुरी-विद्या 'भूल भुलैया 3' में लगाएंगी डांस का तड़का

**मुंबई।** बॉलीवुड की 'धक धक गर्ल' के नाम से मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित जहां कई फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुकी हैं, वहीं अभिनेत्री विद्या बालन भी अपनी शानदार अदाकारी के चलते खूब वाहवाही लूटती हैं। अब ये दोनों अभिनेत्रियां फिल्म 'भूल भुलैया 3' के लिए साथ आ रही हैं। खास बात यह है कि निर्माताओं ने उन पर एक डांस नंबर फिल्माने का फैसला किया है।

***अमी जे तोमार नाम के गाने पर थिरकेंगी दोनों :*** रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माताओं ने फिल्म में एक स्पेशल डांस नंबर रखा है, जो इसके मुख्य आकर्षणों में से एक होगा। इस गाने में माधुरी और विद्या पहली बार साथ पर्दे पर थिरकती नजर आएंगी। फिल्म का यह गाना बेहद खास होगा। निर्माता भूषण कुमार विद्या और माधुरी पर 'अमी जे तोमार' नाम का गाना फिल्माने जा रहे हैं। गाने की शूटिंग के लिए लोकेशन पर फिलहाल विचार किया जा रहा है। इसकी शूटिंग अगले महीने हो सकती है।

***कार्तिक भी मचाएंगे धमाल :*** रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि यह गाना बड़ा धमाकेदार रहने वाला है और इसके बोल कुछ ऐसे होंगे, जो दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर देंगे। फिल्म के हीरो कार्तिक आर्यन भी इस गाने में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। फिल्म का यह गाना सभी मुख्य किरदारों को ध्यान में रखकर लिखा गया है। यह गाना फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ाने के लिए रखा गया है। फिलहाल इस फिल्म की शूटिंग चल रही है।

***विद्या की 1 फिल्म कतार में, माधुरी के हाथ में नहीं कोई फिल्म:*** विद्या फिल्म 'दो और दो प्यार' को लेकर भी चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार अभिनेता प्रतीक गांधी और इलियाना डिक्रूज नजर आएंगी। पिछले दिनों फिल्म का ट्रेलर सामने आया था, जिसमें खासतौर से विद्या की काफी तारीफ हुई थी। यह फिल्म 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

## दादासाहेब फाल्के की है लंका दहन साइलेंट मूवी, एक ही शख्स ने निभाया राम-सिया का किरदार

# 107 साल पहले बनी थी भगवान राम पर पहली फिल्म

### थियेटर्स में मंदिर जैसा माहौल, दर्शक जूते-चप्पल उतारकर जाते थे भीतर

*नए दौर में नए विजुअल इफेक्ट्स और बड़े बड़े कलाकारों के साथ फिल्मी पर्दे पर आई फिल्म आदिपुरुष कोई कमाल नहीं दिखा सकी लेकिन आज से 107 साल पहले जब भगवान राम की कहानी फिल्मी पर्दे पर आई थी तो थियेटर में दर्शकों की लाइन लग गई थी। बता दें कि उस रामायण में न आवाज थी न कोई भारी भरकम एक्ट्रेस।*

**नई दिल्ली।** दिलचस्प बात तो ये है कि राम और सिया का रोल प्ले करने के लिए एक ही शख्स को चुना गया। वही फिल्म का राम था और वही सीता भी। उसके बावजूद थियेटर्स में पूरी तरह मंदिर जैसा माहौल रहता था। दर्शक भीतर जाने से पहले जूते और चप्पल निकालकर जाया करते थे। इस रामायण को दादा साहब फाल्के ने लंका दहन के नाम से बनाया था।

### फिल्मों के लिए नहीं मिलती थी हीरोइन

इस फिल्म की खास बात ये थे कि फिल्म के लिए दादा साहब फाल्के को हीरोइन नहीं मिला करती थीं। साल 1913 में दादा साहब ने हरिश्चंद्र फिल्म बनाई। इस फिल्म में भी हीरोइन का रोल अदा किया अन्ना सालुंके नाम के शख्स ने। उनके पतले हाथ और दुबला पतला डील डौल महिला का किरदार निभाने के लिए बिलकुल उपयुक्त था। इसलिए जब 1917 में दादा साहब



ने लंका दहन बनाना शुरु की तो अन्ना सालुंके को ही सीता का रोल दिया। चुनौती थी पुरुष का किरदार अदा करने की लेकिन अन्ना सालुंके ने अपने हाव भाव और बॉडी लेंग्वेज पर इतना काम किया कि वो राम के किरदार में भी फिट बैठे और उन्होंने ही राम का किरदार भी निभाया।

### डबल रोल करने वाले पहले आर्टिस्ट बने

राम और सीता दोनों का रोल कर अन्ना सालुंके तो हिंदी सिनेमा के डबल रोल करने वाले पहले आर्टिस्ट बन गए। सबसे बड़ी बात ये थी कि लोगों ने भी उन्हें दोनों रोल में अपनाया। राम सीता की रामायण देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग थियेटर तक पहुंचे। नई टेक्निक से डबल या तीन रोल करना आज के कलाकारों के लिए भले ही आसान हो गया है लेकिन सोचिए कि आज से 107 साल पहले डबल रोल वाली फिल्म को बनाने में कितनी न कठिनाइयों का सामना करना पड़ा होगा।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930